CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :32°C
न्यूनतम: 26°C

मुरादाबाद, शुक्रवार 29 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 14 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com भाद्रपद शुक्ल पक्ष 4 विक्रमी सम्वत् 2082 5 रबी उल अव्वल1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बूथ की मजबूती के लिए काम करें कार्यकर्ता: अखिलेश पेज 2



पीवी सिंधु बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में पहुंचीं खेल टाइम्स



त्वरित सफलता के मंत्र: एक भ्रामक प्रलोभन सम्पादकीय



ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया पेज़ 12

### राज्यपाल बिल लंबित रखें यह सही परंपरा नहीं, बावजूद इसके...

# राष्ट्रपति-राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने कहा कि राष्ट्रपति और राज्यपाल की विधानसभा से पास बिलों पर कार्रवाई के खिलाफ राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन दायर नहीं कर सकते।

केंद्र ने कहा कि राज्य सरकारें अनुच्छेद 32 का इस्तेमाल नहीं कर सकतीं। क्योंकि मौलिक अधिकार आम नागरिकों के लिए होते हैं, राज्यों के लिए नहीं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि राष्ट्रपति जानना चाहती हैं कि क्या राज्यों को ऐसा अधिकार है। उन्होंने यह भी कहा कि अनुच्छेद 361 के अनुसार राष्ट्रपति और राज्यपाल अपने फैसलों के लिए कोर्ट में जवाबदेह नहीं होते। केंद्र ने तर्क दिया कि कोर्ट राष्ट्रपति या राज्यपाल को कोई निर्देश नहीं दे सकते, क्योंकि उनके फैसले न्यायिक समीक्षा के दायरे में नहीं आते। वहीं, कोर्ट ने कहा कि यदि कोई राज्यपाल छह महीने तक बिल लंबित रखता है तो यह भी सही नहीं है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली पांच जजों की बेंच ने राज्य सरकारों की तरफ से भेजे बिलों पर राज्यपालों और राष्ट्रपति के साइन करने के लिए डेडलाइन लागू करने वाली याचिका पर सुनवाई की। 15 मई, 2025 को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुच्छेद 143 के तहत सुप्रीम कोर्ट को एक संदर्भ दिया और अनुच्छेद 200 और 201 के तहत राज्यपाल और राष्ट्रपति की शक्तियों से जुड़े 14 सवालों पर कोर्ट की राय मांगी थी। यह मामला तमिलनाडु गवर्नर ने राज्य सरकार के बीच हुए विवाद से उठा था।



**राज्य सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटीशन नहीं दे सकते: केंद्र, डेडलाइन मामले पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

### सुप्रीम कोर्ट ने पत्रकार अभिसार शर्मा को अंतरिम संरक्षण प्रदान किया



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने यूट्यूब वीडियो में असम सरकार की आलोचना करने संबंधी मामले में पत्रकार अभिसार शर्मा को चार सप्ताह के लिए गिरफ्तारी से अंतरिम संरक्षण प्रदान किया है। न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने गुरुवार को राष्ट्र की संप्रभुता को कथित रूप से खतरे में डालने और अन्य अपराधों के लिए भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों के तहत उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इन्कार करते हुए उन्हें गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया।

# सम्भल में घटी 30 % हिंदू आबादी

## न्यायिक आयोग ने सीएम योगी को सौंपी रिपोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो



**कब-कब हुए दंगे, 450 पन्नों में दर्ज पूरा इतिहास, बार-बार हुए दंगों के कारण सम्भल में हिंदू आबादी घटती गई, केवल 15 प्रतिशत हिंदू बचे**

**लखनऊ।** उप्र में पिछले साल 24 नवम्बर को सम्भल जिले में हुई हिंसा की न्यायिक जांच की रिपोर्ट गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी गई।

सम्भल हिंसा के कारणों की जांच के लिए गठित तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग ने हिंदू जनसंख्या में कमी और जामा मस्जिद को शिव मंदिर बताकर हिंदुओं द्वारा किए गए दावे के बारे में कई निष्कर्ष निकाले हैं। न्यायिक आयोग ने योगी को 450 पृष्ठों की रिपोर्ट सौंपी है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति डीके अरोड़ा की अध्यक्षता में गठित जांच आयोग में पूर्व पुलिस महानिदेशक एके जैन और सेवानिवृत्त अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद भी सदस्य थे। रिपोर्ट सौंपते समय मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद तथा प्रमुख सचिव (संसदीय कार्य) जेपी सिंह मौजूद थे। रिपोर्ट को मंत्रिमंडल की बैठक में रखा जाएगा और वहां से पारित होने के बाद इसे विधानसभा पटल पर रखा जाएगा और उसके बाद ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा। प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने संवाददाताओं को बताया कि सम्भल हिंसा की न्यायिक रिपोर्ट आज सरकार को सौंप दी गई है। उन्होंने कहा कि हम रिपोर्ट की जांच कर रहे हैं और उसके बाद कार्रवाई करेंगे। रिपोर्ट में न केवल 24 नवम्बर, 2024 को हुई हिंसा का वर्णन है, बल्कि सम्भल में हुए अन्य दंगों का भी ज़िक्र है। सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में कहा गया है कि बार-बार हुए दंगों के कारण सम्भल में हिंदू आबादी घटती गई। अब वहां केवल 15 प्रतिशत हिंदू बचे हैं, बाकी पलायन कर गए हैं। आज़ादी के समय सम्भल नगर पालिका में 45 प्रतिशत हिंदू थे। यानी पिछले 78 सालों में हिंदू आबादी में 30 प्रतिशत की कमी आई है। अब तक 15 दंगे हो चुके हैं और आरोप लगे हैं कि -शेष पृष्ठ दो पर

### समुद्र के ऊपर उड़ते समय इंडिगो फ्लाइट में गड़बड़ी

**अहमदाबाद।** सूरत से दुबई जा रही इंडिगो फ्लाइट की अहमदाबाद में इमरजेंसी लैंडिंग हुई। विमान संख्या 6ई-1507 ने गुरुवार सुबह 9:30 बजे सूरत एयरपोर्ट से उड़ान भरी। बीच में कुछ तकनीकी गड़बड़ी के कारण विमान को अहमदाबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल एयरपोर्ट पर उतारना पड़ा। विमान में 150 यात्री सवार थे। जब पायलट को इंजन में कुछ दिक्कत महसूस हुई, विमान समुद्र के ऊपर था। पायलट ने तुरंत एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क किया, जिसके बाद विमान को सफलतापूर्वक अहमदाबाद में उतारा गया। इंडिगो ने बताया कि सभी यात्रियों को सुरक्षित विमान से उतारा गया।

### बांदीपोरा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले के गुरेज सेक्टर में सुरक्षा बलों द्वारा घुसपैठ की कोशिश नाकाम करने के बाद गुरुवार को दो अज्ञात आतंकवादी मारे गए। सेना ने यह जानकारी दी। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा संभावित घुसपैठ की कोशिश के बारे में दी गई विशेष खुफिया जानकारी के आधार पर, भारतीय सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एलओसी के पास नौशेरा नर इलाके में एक संयुक्त अभियान शुरू किया। सतर्क सैनिकों ने संदिग्ध गतिविधि का पता लगाया और घुसपैठियों को चुनौती दी, जिनका जवाब उन्होंने अंधाधुंध गोलीबारी से दिया। सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई करते हुए दो आतंकवादियों को मार गिराया।

### उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के इस्तीफे की चर्चा

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के अपने पद से इस्तीफा देने की खबर चर्चा में है। उनका 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण हो चुका है। माता वैष्णो देवी यात्रा के दौरान भारी भीड़ और अव्यवस्था से श्रद्धालुओं की मौत तथा जम्मू में बाढ़ के दौरान कुप्रबंधन की पूरी ज़िम्मेदारी लेते हुए यह कदम उठाया है।

# वैष्णो देवी हादसे में उप्र के 11 मृतकों की हुई पहचान

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर में मंगलवार को वैष्णो देवी मार्ग में हुए भूस्खलन में उत्तर प्रदेश के कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई और सात अन्य घायल हो गए। इस भूस्खलन में अब तक 34 लोगों की जान जा चुकी है।

सरकार की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस प्राकृतिक आपदा में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की और अधिकारियों को राज्य में मृतकों के परिजनों को चार-चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया। मृतकों में आगरा की भावना (12), सुनीता (35) और सेजल (2), मुजफ्फरनगर के कार्तिक (22), अनंत (6) और दीपेश कुमार, लखनऊ की चांदनी (30), गाजियाबाद की नीरा (35) शामिल है, जबकि ममता देवी (45), राम वीरी और अंजलि (25) के घर के पते नहीं बताए गए हैं। उत्तर प्रदेश के सात घायलों में संगीता, उमंग, कमलेश, वैष्णवी, पूर्वी, गोरान और मयंक शामिल हैं। वैष्णो देवी मंदिर के मार्ग पर यह हादसा मंगलवार दोपहर तीन बजे अर्धकुंवारी मंदिर से कुछ दूर इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुआ था।

**मुजफ्फरनगर के कार्तिक, अनंत और दीपेश कुमार एवं गाजियाबाद की नीरा भी मृतकों में शामिल**

### आतंकी अलर्ट के बीच राहुल गांधी की यात्रा में बदलाव

**सीतामढ़ी।** आतंकी अलर्ट के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'वोटर अधिकार यात्रा' की सुरक्षा और कार्यक्रम में बड़ा बदलाव किया गया। सीतामढ़ी में कैंप से निकलने के बाद वे सीधे जानकी मंदिर पहुंचे। यहां उनके स्वागत के लिए कई जगह मंच बनाए गए थे, लेकिन राहुल बिना रुके सीधे मंदिर दर्शन के लिए गए। तय कार्यक्रम के अनुसार मंदिर दर्शन के बाद उनका रोड शो होना था, लेकिन सुरक्षा कारणों से उसे रद्द कर दिया गया। राहुल गांधी अब खुले गाड़ी की जगह पूरी तरह बंद गाड़ी से यात्रा कर रहे हैं। वे तय समय से एक घंटा पहले, सुबह 11 बजे ही मोतिहारी के ढाका पहुंचे। यहां रास्ते में उन्होंने गाड़ी से ही लोगों का अभिवादन किया और समर्थकों से मुलाकात की। पहुंचने के बाद वे सिटी होटल में ठहरे और शाम चार बजे यात्रा की शुरुआत आजाद चौक से करेंगे।

# पंजाब के सात जिलों में बाढ़, सेना पहुंची

**नई दिल्ली।** पंजाब में बारिश के कारण 7 जिले और 150 से ज्यादा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। रावी-व्यास और सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है। राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद हैं।

राज्य के अजनाला में रेस्क्यू ऑपरेशन की जिम्मेदारी सेना ने संभाल ली है। इस दौरान एम्फीबियस गाड़ियों से लोगों को निकाला जा रहा है। इनकी विशेषता है कि ये जमीन और पानी दोनों पर चलने में सक्षम हैं। जम्मू-कश्मीर में बारिश से जुड़ी दुर्घटनाओं में 41 लोगों की मौत हो गई। जम्मू में झेलम और दिल्ली में यमुना खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। इसके चलते निचले इलाकों में अलर्ट जारी किया गया है।


**राज्य में 30 अगस्त तक सभी स्कूल बंद**

# विरार में बिल्डिंग गिरी, 17 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पालघर जिले के विरार में बिल्डिंग गिरने से मरने वालों की संख्या 17 हो गई है। विरार इलाके के विजय नगर में 26 अगस्त की रात 12.05 बजे लगभग 50 फ्लैटों वाला चार मंजिला रमाबाई अपार्टमेंट के 12 फ्लैट बगल में एक खाली पड़े मकान पर ढह गए। बुधवार को 12 लोगों की मौत की पुष्टि की गई थी। गुरुवार को रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान 5 लोगों के शव मिले। 9 लोग घायल हैं। हादसे के वक्त चौथी मंजिल पर एक साल की बच्ची की जन्मदिन की पार्टी चल रही थी, तभी हादसा हुआ। इसमें बच्ची, उसकी मां और कई मेहमानों की भी मौत हो गई है। रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे के वक्त बिल्डिंग में इसी बच्ची की बर्थडे पार्टी चल रही थी। पालघर की जिला कलेक्टर डा. इंदु रानी जाखड़ ने गुरुवार सुबह पुष्टि की कि इस घटना में वह बच्ची भी शामिल है, जिसका जन्मदिन उस समय मनाया जा रहा था।

# अडानी ने 1000 करोड़ का जेट खरीदा

अहमदाबाद, वार्ता



**बिलेनियर उद्योगपति** गौतम अडानी ने अमेरिकी विमान कंपनी बोइंग से 737-मैक्स 8-बीबीजे सीरीज का लग्जरियस बिजनेस जेट खरीदा है। इसकी कीमत करीब 1000 करोड़ रुपये है।

यह लंदन तक नान-स्टाप उड़ान भर सकता है, जबकि अमेरिका-कनाडा तक एक बार ईंधन भरने के बाद पहुंच सकता है। अडानी का नया प्लेन स्विट्जरलैंड के बेसल शहर से 9 घंटे में 6300 किलोमीटर की दूरी तय कर यह गणेश चतुर्थी के दिन बुधवार सुबह 10 बजे अहमदाबाद एयरपोर्ट पर उतरा। वाटर कैनन सैल्यूट से इसका स्वागत किया गया। रिलायंस ग्रुप के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने भी 24 अगस्त 2024 को इसी सीरीज का विमान खरीदा था। वैसे बोइंग 737 मैक्स 200-सीटर विमानों का इस्तेमाल अकासा, एयर इंडिया एक्सप्रेस, स्पाइसजेट भी करती हैं। अब उद्योगपति भी अपने निजी उपयोग के लिए इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। अडानी के बिजनेस जेट का इंटीरियर स्विट्जरलैंड में 35 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। यह अल्ट्रा-लग्जरी एयरक्राफ्ट सुइट बेडरूम, बाथरूम, प्रीमियम लाउंज, कॉन्फ्रेंस रूम जैसी सुविधाओं से लैस है और 35 हजार फीट की ऊंचाई पर उड़ते फाइव स्टार होटल के बराबर है।

**35 करोड़ खर्च से इंटीरियर, 5 स्टार होटल का रूप दिया**

SHOBHIT DEEMED TO BE UNIVERSITY
Shobhit Institute of Engineering & Technology
NAAC A | UGC 12B Status Granted | DSIR SIRO | 36 YEARS OF ACADEMIC EXCELLENCE

PRIORITY ADMISSION NOTICE
FOR CUET (UG/PG) CANDIDATES

B.Tech. 26th Batch | AICTE Approved
B.Tech. Computer Science & Engineering
Artificial Intelligence & Machine Learning
Full Stack Development
Cyber Security
Data Science
B.Tech. Agriculture Engineering
Geospatial AI and Remote sensing
Irrigation and Drainage Engineering
Farm Machinery and Power Engineering
Processing and Food Engineering
B.Tech. Biomedical Engineering
Artificial Engineering & Neural Networks
Biomaterials and Bio-nanotechnology
Biomedical Signal and Image Processing
Biomedical Electronics and Instrumentation
B.Tech. Biotechnology
AI & Data-Driven Biotechnology
Industrial & Pharmaceutical Biotechnology
Medical Biotechnology
Bio-Entrepreneurship & Regulatory Affairs
M.Tech. 19th Batch | AICTE Approved
Computer Science & Engg · Biotechnology
Biomedical Engg · Agriculture Engg
LAW 12th Batch | BCI Approved
BA LLB
BBA LLB (Hons)
B.Com. LLB (Hons)
LLB
LLM (2 Yrs.)
LLM (1 Yr.)

BBA 30th Batch | AICTE Approved
Digital Marketing · Banking, Finance & Insurance
Global Business & Management · General
MBA 31st Batch | AICTE Approved
Finance · Marketing · HR Management
Agri-business Management
Pharmaceutical Management
BCA 30th Batch | AICTE Approved
AI & Machine Learning · Cyber Security
Internet of Things · Data Science · General
MCA 28th Batch | AICTE Approved
Cloud Computing · Data Sc.& Machine Learning
Full Stack Development · Internet of Things
Network & Info Security
B.Ed. 11th Batch | NCTE Approved
BA Psychology (Hons) 4 Yrs.
BA Government & Administration (Hons) 4 Yrs.
B.Sc. Agriculture (Hons) 4 Yrs.
B.Sc. (Hons) 3 Yrs.
Biotechnology · Microbiology
Biomedical Sciences · Nutrition & Dietetics
M.Sc.
In multiple specializations
B.Com. (Hons)
With Industrial focus
M.Com.
PG Diploma - 1 Yr.
Counselling Psychology
Yoga

Ph.D. FULL TIME PART TIME MODE
BROAD AREAS OF RESEARCH
Agricultural Technology
Biotechnology
Biomedical Science & Engg
Business Management
Computer Science & Engg
Education
Electronics Engineering
Mechanical Engineering
Environmental Sciences
Law - Legal Studies
Microbiology
Psychology
Commerce
Economics
Mathematics
Physics
Chemistry
IKS-Based Research Areas
Eligibility: Master's Degree with 55% marks in relevant area of study. UGC/CSIR (JRF/NET) qualified candidates are exempt from entrance test.
Important Dates: Last Date to Apply: 31-08-25
Entrance Test: 06-09-25 | Interview: 08-09-25
For details contact: 7617505011

6 IN INDIA Amongst Top Organisations (SIRO) for filing highest number of Patents in 2023-24



Our Proud Alumni are leading globally in Technology, Research, Consulting, Engineering, Law, and Management.
PHILIPS LinkedIn Google IBM Microsoft SYNTEL intel Apple SAP facebook SAMSUNG SIEMENS ORACLE standard chartered ICICI Bank Johnson & Johnson KPMG Goldman Sachs

THE UNIVERSITY OF TOLEDO
Joint Degree Option
Master of Business Administration (MBA)
Master of Applied Business Analytics (MABA)

Programs Offered in Distance Mode BBA | MBA | B.Com | M.Com www.shobhitodl.in
Programs Offered in Online Mode BBA | MBA | BCA | MCA www.shobhit.online

India's first RRTS (RapidX) connects directly to Shobhit University Campus in just 55 minutes from Delhi.

SHOBHIT INSTITUTE OF ENGINEERING AND TECHNOLOGY
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed-to-be University] Campus: NH-58, Modipuram, Meerut, Delhi NCR
www.shobhituniversity.ac.in | 9870265521 / 7617505016
Delhi Office: Shobhit University Tower, Pocket-B, Mayur Vihar Ph-II, New Delhi-110091 | +91-11-35205500
SCAN TO APPLY

# विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## मृतका का शव पीएम को भेजा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** झालू में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत हो गई। मृतका के भाई ने तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना हल्दौर क्षेत्र के कस्बा झालू के मौहल्ला मिर्दगान में आज विवाहिता ललिता (28 वर्ष) पत्नी फूल सिंह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। आठ वर्ष पूर्व ललिता की शादी फूल सिंह से हुई थी। मृतका के भाई गौतम निवासी राजपुर नवादा थाना मंडावली ने पुलिस चौकी झालू में तहरीर देकर बहन की मौत की जांच तथा शव का पोस्टमार्टम कराने की मांग की। परिवारजनों का आरोप है कि ललिता की मृत्यु संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। मृतका के ससुर कलवा सिंह ने बताया कि उनका बेटा फूल सिंह अहमदाबाद की एक फैक्ट्री में मजदूरी करता है। उनकी बहू ललिता लंबे समय से बीमार चल रही थी और दवा भी ले रही थी। अचानक तबीयत बिगड़ने से उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना अहमदाबाद में मौजूद पुत्र और मृतका के मायके पक्ष को दी गई। मृतका की छह वर्षीय एक बेटी है, जो प्राइवेट विद्यालय में पढ़ती है। झालू चौकी इंचार्ज कुलदीप कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने मृतका के भाई का प्रार्थना पत्र लेकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। पुलिस चौकी प्रभारी कुलदीप सिंह का कहना है कि आगे की कार्रवाई पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी।

# पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण के लिए ग्रामीणों का धरना जारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** पहाड़ा नदी पर पुल निर्माण की मांग को लेकर ग्राम पंचायत चक उदयचंद व सरदारपुर छायली के ग्रामीणों का अनिश्चितक.ालीन धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। अधिकारियों द्वारा ठोस आश्वासन नही मिलने के कारण ग्रामीणों से वार्ता विफल रही।

बढ़ापुर-सरदारपुर छायली संपर्क मार्ग पर स्थित पहाड़ा नदी का जल स्तर बढ़ने पर ग्राम पंचायत सरदारपुर छायली, चकउदयचंद, काशीवाला व ग्राम बहेड़ी आदि का बढ़ापुर कस्बे से संपर्क कट जाता है। ग्रामीण एकजुट होकर बुधवार को पहाड़ा नदी के पास अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए है। ग्रामीणों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। हालांकि लोनिवि के अधिशासी अभियंता हरिशंकर सिंह और तहस.ीलदार नगीना अमरपाल सिंह थाना प्रभारी निरीक्षक मृदुल कुमार ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर वार्ता की। अधिकारियों द्वारा कोई ग्रामीणों को ठोस आश्वासन नहीं मिलने के कारण धरनारत ग्रामीणों और अधिकारियों की वार्ता विफल रही।

धरना स्थल पर ग्राम प्रधान नवनीत सैनी, शाहवेज, रिंकू सिंह, बलदेव सिंह, फतेह सिंह, नौशद, दिलशाद अहमद, राजू, विपिन कुमार, भारत सिंह, नवीन कुमार आदि की मुख्य उपस्थिति रही।

# मिड-डे मील का खाना बनाते समय सिलेंडर में लगी आग

## विद्यालय में मची अफरा-तफरी, एक शिक्षक झुलसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** प्राथमिक विद्यालय इब्राहिमपुर सादो उर्फ अलीनगर में रसोईघर में मिड डे मील का खाना बनाते समय अचानक सिलेंडर में आग लगने के दौरान आग बुझाने के लिए लाया गया फायर एक्सटिंग्विशर (आग बुझाने वाला सिलेंडर) खाली निकला, जिससे आग फैल गई। सुरक्षा के दृष्टिगत बच्चों को स्कूल परिसर से बाहर निकाला गया। आग बुझाने के प्रयास में एक शिक्षक भी झुलस गया। शिक्षक को सीएचसी में भर्ती कराया गया। सूचना पर फायर बिग्रेड भी पहुंच गई, लेकिन तब तक आग बुझा दी गई थी।



प्राप्त समाचार के अनुसार आज सुबह करीब दस बजे ग्राम इब्राहिमपुर सादो उर्फ अलीनगर के प्राथमिक विद्यालय की रसोई घर में मिड डे मिल का खाना बनाया जा रहा था। इस दौरान दूसरे चूल्हे में रेग्युलेटर लगाते समय अचानक सिलेंडर में आग लग गई। आग बुझाने के लिए शिक्षक ने स्कूल में रखे आग बुझाने वाले सिलेंडर का प्रयोग करना चाहा तो सिलेंडर खाली निकले, जिससे आग फैल गई। स्कूल में अफरा तफरी मच गई। शिक्षकों ने आनन-फानन में बच्चों को विद्यालय परिसर से बाहर निकाल दिया। शिक्षक सुनील कुमार निवासी ग्राम अल्हैदादपुर मुबारक उर्फ नवादा चौहान आग बुझाने के प्रयास में मामूली रूप से झुलस गए, जबकि रसोइया ने भागकर अपने आपको बचाया। झुलसे शिक्षक को सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया।

उधर शिक्षकों ने ग्रामीणों की मदद से फायर बिग्रेड की गाड़ी आने से पहले ही आग पर काबू पा लिया। प्रधानाध्यापिका सरताज परवीन ने बताया कि सिलेंडर में रेग्युलेटर लगाते समय पास में जल रहे दूसरे चूल्हे की आग सिलेंडर तक आ गई थी, जिसकी चपेट में आने से शिक्षक सुनील कुमार मामूली रूप से झुलस गए थे। उनका उपचार करा दिया गया है। गैस एजेंसी कर्मचारियों ने विद्यालय आकर सिलेंडर को भी बदल दिया है।

# नगीना में गणेश चतुर्थी की धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** गणेश चतुर्थी का उत्सव शुरू हो गया है। नगर के मुख्य बाजार में कई स्थानों पर शोभायात्राएं निकाल कर गणेश प्रतिमाओं की स्थापना की गई। पंड़ितों ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न कराई।

नगर में भगवान गणेश की भव्य आगमन शोभायात्राएं निकाली जानी शुरू हो गई थीं। जिसमें गणपति के भक्त गणपति बप्पा मोरया के गगनभेदी उदघोषों के साथ शोभायात्राओं में सम्मिलित हुए। जिनमें आगे-आगे पुरुष चल रहे थे व उनके पीछे-पीछे महिलाएं कलश लेकर पैदल चल रहीं थीं। कई जगहों पर भक्तों द्वारा दुपहिया व चौपहिया वाहनों पर सवार होकर भगवा ध्वज लेकर भी शोभायात्राएं निकाली गईं। जिससे नगर का वातावरण गणपतिमय हो गया। सभी मूर्तियां अपने-अपने स्थानों पर पहुंच कर विधि विधान से हवन पूजन के बाद स्थापित कर दी गईं। इस दौरान नगर में पंडालों, मंदिरों व घरों में गणपति की छोटी- बड़ी तीन दर्जन से अधिक प्रतिमाएं स्थापित की गईं। पंजाबी महावीर मंदिर में गोरखनाथ खन्ना, तिलक राज, राजकुमार सेठी, मुकेश उर्फ टीकू, घनश्याम, हरमीत मल्हौत्रा आदि के नेतृत्व में श्री गणेश आगमन पर शोभायात्रा नगर के मुख्य बाजार पहाड़ी दरवाजा, सय्यदबाड़ा में ढोल ताशों के साथ निकाल कर अपने नियत स्थान पर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना करा कर भगवान गणपति की प्राण प्रतिष्ठा कराई। दोपहर को मुख्य रूप से गणेश मित्र मंडल नगीना के तत्वावधान में मौहल्ला शाहजहीर सैनी बस्ती में बबलू सैनी, सोनू सैनी, नरेश सैनी, राम अवतार सैनी, गोरी सैनी के नेतृत्व में शोभायात्रा निकाली गई। वाल्मीकि बस्ती से करण सिंह राणा, सुनील कुमार, मुकेश वाल्मीकि, नवल कुमार, गौरव कुमार, रवि कुमार आदि ने शोभायात्रा निकाली। सरायमीर शिव मंदिर में प्रवचन गुप्ता, प्रमोद चौहान, इंद्रेश कुमार आदि के नेतृत्व में गणपति आगमन शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें सुनील मराठा, संजीव उर्फ विक्की अग्रवाल, शिवम अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, गज्जू उर्फ गजेंद्र मराठा, टीटू, अंशुल गर्ग, शुभम मराठा, आशु मराठा, अनुपम थापन, प्रदीप अग्रवाल, अर्जुन सिंह, नीशू अग्रवाल, नितिन अग्रवाल, गौरव उर्फ कल्लू अग्रवाल, सुनील मराठा ने बताया कि गणपति स्थापना के बाद सुबह आठ व रात्रि आठ बजे भगवान गणपति बप्पा की विशेष आरती, पूजा का आयोजन प्रति दिन किया जाएगा तथा इस वर्ष कार्यक्रम का समापन छह सितंबर को शनिवार की सुबह 11 बजे राधेश्याम चौक से बैण्ड बाजों डीजे व ढ़ोलो तथा गुलाल के साथ भव्य शोभायात्रा के रूप में नगर के मुख्य मार्गों से निकाल कर रेलवे डबल फाटक के पास से विसर्जन के लिये हरिद्वार ले जाया जाएगा। जिसमें नगर के सभी छोटे बड़े गणपति उपस्थित रहेंगे।



शोभा यात्राएं निकाल कर प्रतिमाएं की स्थापित

# शोरूम से नकदी और लाखों का सामान चोरी

## घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के नूरपुर रोड स्थित श्री बजरंग टाइल्स एंड सैनेटरी शोरूम में बीती रात चोरों ने धावा बोलकर नकदी व लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी सुबह दुकान खुलने पर हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके का मुआयना कर सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू कर दिए हैं।

पीड़ित दुकानदार दिलावर सिंह पुत्र हरदयाल सिंह निवासी ग्राम परमावाला थाना धामपुर ने थाने में तहरीर दी है। तहरीर के अनुसार रोजाना की तरह आज सुबह लगभग 10 बजे उनकी पत्नी व शोरूम पर रहने वाले लड़के नितिन ने शोरूम खोला तो अंदर का नजारा देखकर दंग रह गए। शोरूम का सारा सामान बिखरा पड़ा था। सूचना पर मौके पर पहुंचे शोरूम स्वामी ने देखा कि चोरों ने रात में शोरूम का ताला तोड़कर नकदी व सामान चोरी कर लिया। इस दौरान उन्होंने तत्काल 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू कर दी।

पीड़ित ने बताया कि चोरी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दो लोग शोरूम में घुसकर चोरी करते साफ दिखाई दे रहे हैं। चोर नकद 38 हजार रुपये और करीब दो लाख रुपये का सामान लेकर फरार हो गए।

पुलिस ने शोरूम स्वामी की तहरीर पर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि चोरी की घटनाओं ने इलाके में दहशत फैला दी है। पुलिस जल्द से जल्द चोरों की गिरफ्तारी कर माल बरामद करने की बात कह रही है।

## एक नजर

### गुलदार का बकरियों और कुत्तों पर हमला



**नांगल सोती।** बीती रात में गुलदार ने बकरियों तथा कुत्तों पर हमला किया। गांव गौसपुर के फूल सिंह की पशुशाला गांव के बाहर है। वहीं पर फूल सिंह और उनकी पत्नी दोनों रहते हैं। सुबह लगभग 4 बजे गुलदार आया तो कुत्ते ने भोंकना शुरू कर दिया। लेकिन गुलदार ने हमला इतना सटीक किया कि मालिक फूल सिंह तथा उनकी पत्नी को कुत्ते को बचाने का मौका नहीं मिला। गुलदार कुत्ते को खा गया है। गुलदार के हमले से ग्रामीण भयभीत है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गुलदार को पकड़े जाने की मांग की है।

### मासूम आलिया को कुत्ते ने काटा

**बढ़ापुर।** ग्राम अब्दुल्लापुर कुरैशी उर्फ बड़खेड़ा निवासी मौहम्मद शहजाद की पुत्री आलिया (11 वर्ष) बच्चों के साथ घर के बाहर खेल रही थी। तभी उसको आवारा कुत्ते ने काट लिया। स्वजन घायल बच्ची को उपचार के लिए 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी नगीना लेकर पहुंचे। वहां पर चिकित्सक ने गंभीर हालत देखते हुए बच्ची को जिला अस्पताल रैफर कर दिया है।

### गणेश चतुर्थी पर भंडारे का आयोजन



**हल्दौर।** श्री सिद्धि विनायक युवा समिति के तत्वावधान में बीती रात बाबा मंसादास मंदिर परिसर में भजन संध्या का आयोजन हुआ। गायक कलाकार विपिन शर्मा, प्रशांत परदेसी और साधना सरगम ने अपने मधुर स्वरों से भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आज खाटूश्याम मंदिर पर पुजारी गोलू बाबा ने मुख्य यजमान संरक्षक दर्पण रावल, अर्पित रस्तोगी, वरुण अग्रवाल और ऋषभ रस्तोगी के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कराई। श्री गणेश सेवा समिति द्वारा भी देर रात पूजा, कीर्तन और भजन का आयोजन किया गया। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें नगर के अनेक श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रवीण रस्तोगी, शाश्वत रस्तोगी, आलोक रस्तोगी, अमित चौहान, शिवम वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपा सरकार में बह रही विकास की गंगा: अरुण वर्मा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भाजपा नेता अरुण कुमार वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास की नीति पर लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश और देश में विकास की गंगा बह रही है।



उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने गरीब किसान, व्यापारी, महिला और नौजवान सभी वर्गों के लिए ऐतिहासिक योजनाएं चलाई हैं। उज्ज्वला योजना से लाखों बहनों को धुआं रहित रसोई मिली। आयुष्मान भारत योजना से गरीबों को मुफ्त इलाज मिला। प्रधानमंत्री आवास योजना से बेघरों को घर मिले। हर घर नल योजना से स्वच्छ पानी पहुच रहा है और किसान सम्मान निधि से अन्नदाता को आर्थिक सहारा मिल रहा है। अरुण वर्मा ने व्यापारियों की समस्याओं को लेकर कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा छोटे और मध्यम वर्गीय व्यापारियों के हितों की रक्षा की है। जीएसटी व्यवस्था को सरल बनाना, ई-वे बिल की परेशानी कम करना और व्यापारिक सुरक्षा कानून लागू करना सरकार की बड़ी उपलब्धियां हैं। अरुण कुमार वर्मा ने स्योहारा और आसपास के व्यापारियों की समस्याओं को लेकर कई बार जिला व शासन स्तर पर आवाज उठाई है। बाजार में स्वच्छता व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और जाम की समस्या को लेकर उन्होंने अधिकारियों से मुलाकात कर समाधान कराए। व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस-प्रशासन से लगातार संवाद बनाए रखा और दुकानदारों को किसी भी आपदा या दुर्घटना में सहयोग देने के लिए हमेशा आगे खड़े रहे युवा वर्ग को प्रोत्साहित करने के लिए उन्होंने कई खेलकूद प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भूमिका निभाई है।

# झालू में भाजपा नेता के पुत्र की पिटाई

## दो सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** भाजपा नेता के पुत्र की पिटाई प्रकरण में पुलिस ने तहरीर के आधार पर दो सगे भाइयों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मौहल्ला जोशियान कस्बा झालू निवासी राजपाल पुत्र ब्रजकिशोर ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया कि शुक्रवार शाम करीब सात बजे उनका पोता हिमांशु पुत्र राहुल उर्फ बिट्टू जोशी घर से बाहर निकल रहा था। तभी पड़ोसी विनोद उर्फ प्रद्युम्न और मधुसूदन उर्फ मधुवा पुत्र भगतराम ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौच और मारपीट शुरू कर दी। किसी तरह मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर बचाया। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी।

राजपाल का कहना है कि पुराने विवाद के चलते दोनों हमलावर रंजिश रखते हैं। उन्होंने बताया कि पूर्व में मौहल्ले के कुछ युवकों ने उनके पुत्र पर जानलेवा हमला किया था, जिसकी रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को जेल भेजा था।

चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# दशलक्षण महापर्व के पहले दिन निकाली प्रभातफेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जैन समाज नहटौर के तत्वाधान में दसलक्षण महापर्व आज से प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर आज प्रात: 5 बजे समाज द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई। उसके पश्चात उत्तम क्षमा के पहले दिन मंदिर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज प्रात: जैन मंदिर से प्रभात फेरी निकाली गई जो अपने निर्धारित मार्गो से होती हुई पुन: मंदिर परिसर में आकर सम्पन्न हुई। उसके पश्चात जैन समाज के लोगो ने आर्यिका निसर्ग मति माता जी के सानिध्य में मंदिर परिसर में विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। इस अवसर पर बहन गरिमा जैन व बहन अक्षरा जैन ने प्रथम दिन उत्तम क्षमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज उत्तम क्षमा का दिन है। क्षमा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, क्षमा ही विश्व शांति का प्रतीक है। विश्व शांति के लिए क्षमा के बिना इस संसार में कुछ होने वाला नही है तथा क्षमा ही विश्व का सबसे बड़ा आधार है। दिगम्बर जैन मंदिर के प्रबंधक राजीव जैन ने बताया कि 28 अगस्त से 6 सितंबर तक सितम्बर तक दशलक्षण पर्व के कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा मंदिर में प्रतिदिन रात्रि में 7 बजे आरती का आयोजन किया जाएगा और 9 सितंबर को भव्य गज रथयात्रा निकाली जाएगी।



उत्तम क्षमा पर प्रकाश डाला

प्रबंधक राजीव जैन, जैन अल्पसंख्यक महासंघ नगर अध्यक्ष ऋषभ जैन, जितेंद्र जैन, डा. अंकुर जैन, अंशित जैन, नितिन जैन, पुनीत जैन, निकुंज जैन, अभिनय जैन, पंडित सन्मति जैन, मुकेश जैन, विनय जैन, सौरभ जैन, आदिश जैन, विनीत जैन, राजेश जैन, अनुराग जैन, लोकेश जैन, सुधा जैन, निशा जैन, मंजू जैन, मिथलेश जैन, उर्मिला जैन, नूतन जैन, अनीता जैन, अलका जैन, चारु जैन, पूनम जैन, गरिमा जैन, हिमानी जैन, शालनी जैन, संध्या जैन आदि ने भाग लिया।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सम्भल में ...** हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। रिपोर्ट में हरिहर मंदिर के ऐतिहासिक अस्तित्व के प्रमाण मिलने का जिक्र है। बताया जाता है कि सम्भल में अब तक 15 दंगे हो चुके हैं। 1978 के दंगों के बाद हिंदुओं की संख्या घटती गई। हिंदुओं का जबरन धर्म परिवर्तन कराया गया। मुसलमान हिंदुओं को डरा-धमक.ाकर उनकी संपत्ति हड़प लेते थे। हिंदू मौत या पिटाई के डर से इस्लाम अपनाने को राज़ी हो जाते थे। सम्भल में अभी भी सैकड़ों हिंदू संपत्तियां हैं, लेकिन उनके हिंदू मालिक वहां नहीं जाते। नतीजतन, कुछ पर लोगों ने कब्जा कर लिया है। लोगों ने आयोग को बताया कि पहले सम्भल में एक शिव मंदिर हुआ करता था और वे सोमवार और सावन के महीने में पूजा-अर्चना करते थे। अब वहां एक मस्जिद बना दी गई है। जहां पहले हिंदुओं का कुआं हुआ करता था, वहां मुसलमानों ने उस कुएं को बंद करके एक चबूतरा बना दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि षड्यंत्रकारियों को पता था कि वहां एक सर्वेक्षण होना है। प्रशासन ने सम्भल जामा मस्जिद के प्रबंधन को इसकी सूचना दी थी। संभवत: सर्वेक्षण की खबर वहां से लीक हुई और भीड़ जमा हो गई। आयोग ने 200 से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज किए। इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जो 1978 के दंगों के दौरान गवाह थे।

# बूथ की मजबूती के लिए काम करें कार्यकर्ता: अखिलेश

**लखनऊ, वार्ता**

समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बूथ की मजबूती पर जोर देते हुए कहा कि 2027 में होने वाले उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की साजिश से सावधान रहना है।



यादव ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश के भविष्य का चुनाव है। भाजपा लोकतंत्र और संविधान के लिए खतरा है। लोकतंत्र के खिलाफ लोकतंत्र तभी सुरक्षित रहेगा, जब भाजपा सत्ता से बाहर जाएगी। पार्टी को हर बूथ पर बीएलए बनाना है। बीएलए लिस्ट पर कार्यकर्ता कार्य करते रहें। बूथ पर काम करते रहना है। बूथ को मजबूत करना है। पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं को बहुत काम करना होगा। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना हर काम में सक्रिय रूप से शामिल होना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है। हर विभाग, हर कार्य में भ्रष्टाचार हो रहा है। प्रदेश में अवैध प्लाटिंग का धंधा जोरों पर है। भाजपा के लोग गरीबों की जमीन, तालाब और अन्य सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा कर रहे है। भाजपा भूमाफिया पार्टी बन गयी है। प्रदेश में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। कानून-व्यवस्था पर जीरो टालरेंस का दावा जीरो हो चुका है।

भाजपाई और उनके साथी सहयोगी कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा रहे है। भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। लोग अन्याय, अत्याचार से त्रस्त है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में दर्जनों जिलों के सैकड़ों गांव बाढ़ से घिरे है। बड़ी आबादी बाढ़ की विभिषिका झेल रही है, लेकिन उसे कोई मदद नहीं मिल रही है। उन्होंने कहा कि आबादी के हिसाब से आरक्षण, जातीय जनगणना और सामाजिक न्याय के राज की स्थापना के लिए समाजवादी पार्टी की सरकार जरूरी है।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/मुरादाबाद द्वारा **ई टेन्डर** निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदा दाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चौक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 145-DRM-MB-25-26 DATE 28.08.2025 | 146-DRM-MB-25-26 DATE 28.08.2025 | 147-DRM-MB-25-26 DATE 28.08.2025 | 148-DRM-MB-25-26 DATE 28.08.2025 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Zone No.- 2 from Km 1284 to 1327 (PMR to BTO Stations) for General Work Residential Buildings for year 2025-26 under ADEN/BE | Zone No.-4 from Km 1327 to 1381 (DAN to MPH Stations) for General Work in Residential Buildings for year 2025-26 under ADEN/BE | TRR(P)-11.782 Km & other Miscellaneous Works in the Section of ADEN/SPN under Sr. DEN/III/MB. | Zone No.- 1 from Km 1284 to 1327 (PMR to BTO Stations) for General Work in Service Buildings for year 2025-26 under ADEN/BE. |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 22.09.2025 at 16:00 Hrs | 22.09.2025 at 16:00 Hrs | 22.09.2025 at 16:00 Hrs | 22.09.2025 at 16:00 Hrs |
| अनुमानित लागत | ₹99,96,294.62 | ₹79,98,838.18 | ₹1,28,63,505.04 | ₹99,97,558.61 |
| धरोहर राशि | ₹1,99,900.00 | ₹1,60,000.00 | ₹2,14,300.00 | ₹2,00,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 08.09.2025 | 08.09.2025 | 08.09.2025 | 08.09.2025 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 12 Months | 12 Months | 08 Months | 12 Months |

नं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 28.08.2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2615/2025

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी सूचना

मुरादाबाद मंडल के हरिद्वार स्टेशन पर पर निर्गत पार्सल शेड के पास दोपहिया वाहनों की पैकिंग और अन्य पार्सल पैकिंग सेवा के लिए अनुबंध 03 साल हेतु **ई-नीलामी** के तहत दिनांक **10.09.2025** टाइम **11:00 am** को बोली **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

2608/2025
ग्राहकों की रोवा गें गुरकान के राथ

उत्तर रेलवे
ई-नीलामी सूचना

**मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 18 एस. एल. आर**
गाड़ी सं. 19032 (R-I), 13010 (R-I), 18478 (R-I), 15006 (F-I, R-I), 19610 (F-I), 12912 (F-I), 14311 (F-I), 14321 (F-I), 15120 (F-I), 14314 (F-I, F-II, R-I) 14236 (F-I, F-II) 14310 (F-I), 14309 (F-I), 14605 (F-I) के पार्सल स्पेस को लीज़ पर 2 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक **10.09.25 (Timings: 10:30)** को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं।

2607/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे
निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से सीपीएम/जीएसयू/मुरादाबाद द्वारा ई-टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि 19.09.2025 है। निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आंमत्रित किये जाते है जो उसी दिन 15:30 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेटबैंकिंग, डेबिटकार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| | |
|---|---|
| टेन्डर संख्या दिनांक | 01-GSU-MB-25-26 28/08/2025 |
| कार्य का नाम | ABSS: Soft upgradation of Balamau railway station |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 19/09/2025, 15:30 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 31514985.05 |
| धरोहर राशि | 307600.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 05/09/2025 |

No. Dy.CE/GSU/MB/Publication-01/25-26 DATED: 28/08/2025
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2613/25

# भाकियू लोकशक्ति का धरना समाप्त

## प्रशासन से छठे दौर की वार्ता में निकला हल, किसानों ने दिखाई ताकत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** बकाया गन्ना मूल्य भुगतान और गन्ना किसानों की अन्य प्रमुख समस्याओं को लेकर जिला गन्ना अधिकारी कार्यालय पर चल रहा भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति का अनिश्चितकालीन धरना आज चौथे दिन छठे दौर की वार्ता के बाद समाप्त हो गया। इसे किसानों की बड़ी जीत माना जा रहा है। लेकिन देखना यह है कि वरिष्ठ अधिकारी समझौते में तय हुई बातों पर कितनी जल्दी अमल करा पाते है। वैसे अधिकारियों का इतिहास यह रहा है कि वह आंदोलन समाप्त कराने के लिए झूठे आश्वासन देते है।





प्राप्त समाचार के अनुसार किसानों से पांचवें दौर की वार्ता के लिए धरना स्थल पर पहुंचे तहसीलदार, नायाब तहसीलदार और बिलाई शुगर मिल केन जीएम राहुल चौधरी और प्रशासनिक अधिकारियों ने भाकियू लोकशक्ति पदाधिकारियों को समझने का भरसक प्रयास किया। लेकिन जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने गन्ना किसानों की समस्याओं के समाधान के बगैर धरना-प्रदर्शन समाप्त करने से स्पष्ट मना कर दिया। आज शासन प्रशासन और शुगर मिल प्रबंधन से पांचवें दौर की वार्ता भी विफल रही। जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने बताया कि शुगर मिल और प्रशासनिक अधिकारियों की वार्ता में गन्ना किसानों के मुद्दों पर सहमति नहीं बन रही थी। धरना स्थल पर उपस्थित बड़ी संख्या में किसानों ने भोजन ग्रहण किया।

इस बीच दोपहर के बाद उप जिलाधिकारी सदर रितु रानी के साथ तहसीलदार और शुगर मिल के केन जीएम राहुल चौधरी छठे दौर की वार्ता के किसानों के बीच धरना स्थल पर पहुंचे। लम्बी चली वार्ता के बाद उप जिलाधिकारी ने मिल प्रशासन को फटकार लगाई। जिसके बाद बिलाई शुगर मिल के अधिकारियों द्वारा मौके पर आज 10 करोड़ का बकाया गन्ना भुगतान किया और अगले 15 दिन के भीतर 20 करोड़ का भुगतान करने और 31 अक्टूबर तक समस्त बकाया गन्ना भुगतान करने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद किसानों की सहमति से जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने धरना प्रदर्शन स्थगित कर दिया । उन्होंने बताया कि अगर कोई भी वादा खिलाफी की गयी, तो फिर से धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जाएगा। जिसकी पूरी जिम्मेदारी शासन व प्रशासन की होगी।

जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत ने मुख्यमन्त्री को सम्बोधित गन्ना किसानों की अन्य प्रमुख समस्याओं से संबंधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी रितु रानी को सौंपकर शीघ्र समाधान की मांग उठायी। उप जिलाधिकारी ने शासन स्तर की मांगों से शीघ्र शासन को अवगत कराने का आश्वासन दिया। ज्ञापन में बिलाई शुगर मिल का गन्ना बकाया भुगतान अविलंब कराए जाने की मांग की गई। साथ ही नवीन पिराई सत्र 2025 - 2026 में सभी शुगर मिलों को बराबर गन्ना क्षेत्र आवंटित करने की मांग की गई। किसी मिल के पास अधिक गन्ना क्षेत्र होने के कारण शुगर मिल का संचालन जून माह तक होता है और किसी का संचालन फरवरी के लास्ट तक समाप्त हो जाता है। गन्ना क्षेत्र आवंटन कि ऐसी व्यवस्था की जाए, जिससे सभी शुगर मिले एक साथ चलकर एक साथ ही बंद हो। गन्ने की खेती में लगने वाली लागत को ध्यान में रखते हुए आगामी पिराई सत्र में गन्ने का भाव 500 रू प्रति क्विंटल घोषित करने की मांग की गई। ज्ञापन में कहा गया कि जो किसान बिलाई शुगर मिल को गन्ना नहीं देना चाहते हैं, ऐसे किसानों का गन्ना अन्य शुगर मिलो में बिकवाने की व्यवस्था की जाए। आगामी पिराई सत्र में शुगर मिल गेट और उनके क्रय केंद्रों पर घटतौली रोकने के लिए टीम तैयार की जाए। घटतौली पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाए।

धरना-प्रदर्शन में मुख्य रूप से राष्ट्रीय महासचिव चौधरी पदम सिंह, सतबीर सिंह, गौरव चौधरी, चौधरी देवेंद्र सिंह, सरदार जसवीर सिंह धारीवाल, रामबहादुर सिंह गहलौत, सरदार जरनैल सिंह, सरदार गुरपेज सिंह, चौधरी देवेंद्र सिंह प्रधान, शेर सिंह, मोहित चौधरी, अमित कुमार, योगेंद्र सिंह काकरान, नरेश कुमार, नौबहार सिंह, प्रदीप राणा, डॉ. अरूण कुमार, मूला सिंह, भूपेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, नरदेव सिंह, अरमान सिद्दीकी, सामत रजा, नीटू राणा, योगेंद्र सिंह, मुव्वशीर वेग, अकरम अली, जयप्रकाश सिंह, हेमेंद्र सिंह, राहुल चौधरी, अंकित दहिया, दिक्षांत चौधरी, ललित कुमार, हिमांशु सहरावत, विरेंद्र सिंह आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बरकातपुर चीनी मिल के जीएम से मिले आसपा कार्यकर्ता

**नजीबाबाद।** आसपा कार्यकर्ता बरकातपुर चीनी मिल के जीएम से मिले। बरकातपुर चीनी मिल में तीन मजदूरों की मृत्यु की घटना के बाद आसपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नगीना सांसद चन्द्रशेखर आजाद 26 अगस्त को मृतकों के परिवारों से मिले थे। परिवार को पेंशन व एक सदस्य को नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया था। उसी कड़ी में नजीबाबाद विधानसभा की आसपा टीम ने चीनी मिल के जीएम विकास कुमार व यूनिट इंचार्ज नरपत सिंह से मुलाकात की। दोनों अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि मजदूर परिवारों को पेंशन व नौकरी दिलाने की प्रक्रिया जल्द पूरी की जाएगी। इस दौरान मौहम्मद खुर्शीद मंसूरी चेयरमैन साहनपुर व मुरादाबाद मण्डल प्रभारी, भीम आर्मी जिलाध्यक्ष प्रशान्त महासागर, सांसद प्रतिनिधि फहीम अंसारी, रजत कुमार,वीरेंद्र कुमार नौशाद सरवरी आदि मौजूद रहे।



## विद्युत अव्यवस्था का मुद्दा उठाया

**नजीबाबाद।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुधीर भुईयार के नेतृत्व में भाजपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने अधीक्षण अभियंता पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड बिजनौर से उनक कार्यालय में भेंट कर उनसे विद्युत संबंधित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की बात रखी। इस पर अधीक्षण अभियंता इंजीनियर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा आमजन को निर्वाधव सुचारू रूप से विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है। जिसके लिए वह लगातार प्रयासरत रहते हुए सुचारू विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करा रहे हैं। चौधरी ईशम सिंह ने रोस्टिंग कम कराने, मीटर रीडरों से प्रतिमाह बिल निकालने की व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की। प्रतिनिधिमंउल में जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा बीएस रवि, अरविंद विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष चौधरी योगेन्द्र सिंह, परविंदर शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सांप के डसने से हालत गंभीर



**अफजलगढ़।** ग्राम रसूलपुर में सांप के डसने से बुजुर्ग की हालत गंभीर हो गई। बुजुर्ग को इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां पर डॉक्टर खालिद ने गंभीरता से इलाज करते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसको घर भेज दिया गया है। बताया जाता है कि जाकिर हुसैन पुत्र खवाजुद्दीन ने गांव के ही गन्ने के खेत में पशुओं के लिए चारा काटने गया था। चारा काटने के दौरान अचानक एक सांप ने उसको डस लिया। जिसे आनन फानन में राहगीरों की मदद से इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया। डॉक्टर खालिद ने बताया सांप के डसे हुए व्यक्ति को कहीं भी झाड़ फूंक वाले के यहां न ले जाकर सीएचसी में लाया जाए, उसका इलाज सीएचसी में मौजूद है। डॉक्टर ने बताया झाड़ फूक वाले के यहां ले जाकर व्यक्ति परेशानी में पड़ सकता है।

## किरतपुर के हिस्ट्रीशीटर बदमाश नासिर को दो वर्ष का कारावास

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे 6 ने थाना किरतपुर के ग्राम फजलपुर हबीब निवासी हिस्ट्रीशीटर बदमाश नासिर को गैंगस्टर एक्ट में दो वर्ष के कारावास एवं पांच हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। नजीबाबाद के प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार गौड़ ने नौ मई 2022 को अभियुक्त नासिर व चार अन्य के विरूद्ध धारा तीन (1) गैंगस्टर एक्ट में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। अभियुक्त को सजा दिलाने के लिए पुलिस ने न्यायालय में प्रभावी पैरवी की थी।

# नई एसडीएम स्मृति का स्वागत

## व्यापारी नेता जावेद शम्सी सहित अन्य ने की मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल धामपुर के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने नए एएसपी पूर्वी एके श्रीवास्तव एवं नई एसडीएम व आईएएस स्मृति मिश्रा का स्वागत करते हुए उन्हें हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। व्यापारी नेता जावेद रहमान शम्सी ने कहा कि धामपुर में प्रशासन व व्यापारियों के बीच हमेशा से बेहतर तालमेल रहता आया है।



प्राप्त समाचार के अनुसार व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दोनों अधिकारियों का स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने व्यापारियों की समस्याओं, नगर की प्रमुख चुनौतियों तथा सामाजिक समरसता से जुड़े मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। वरिष्ठ अधिकारियों ने भी धैर्यपूर्वक सभी बिंदुओं को सुना और सकारात्मक समाधान का पूरा आश्वासन दिया। माहौल बेहद सौहार्दपूर्ण रहा। दोनों अधिकारियों ने कहा कि व्यापारी वर्ग समाज की आर्थिक धुरी है और उनकी सुरक्षा एवं सुविधाओं का ध्यान रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। आपसी सहयोग, प्रशासन व व्यापारियों के बीच मजबूत संवाद और शहर की बेहतरी हेतु एकजुट होकर कार्य करने के लिए व्यापारियों ने अपनी बात रखी।

प्रतिनिधिमंडल में प्रदेश उपाध्यक्ष सतवंत सिंह सलूजा, मुरादाबाद मंडल प्रभारी व अध्यक्ष जावेद रहमान शम्सी, नगर अध्यक्ष एस.पी. सलूजा, प्रसिद्ध शायर इरशाद मंसूरी, युवा व्यापारी नेता सुहैल डिजाइनर, अरुण अग्रवाल, नवीन गुप्ता, हाजी हसन खां, मनजीत सिंह सलूजा, प्रदीप कुमार, सुमित गुप्ता, शुऐब मैक्स, शिवेन्द्र अग्रवाल, श्यान शम्सी आदि शामिल थे।

# राहत: आज से खुल जाएगा बैराज मार्ग

## मरम्मत का काम पूरा, शुरू में निकाले जाएंगे हल्के वाहन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** लम्बे समय से परेशानी उठा रहे जनपदवासियों के लिए यह अच्छी खबर है। बैराज की मरम्मत का काम लगभग पूरा हो गया है और कल (आज) सुबह 11 बजे से इसे हल्के चौपहिया वाहनों के लिए खोल दिया जाएगा। साथ ही जांच के बाद बैराज को भारी वाहनों के लिए तीन सितम्बर से खोला जाएगा। इससे नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।





गौरतलब है कि छह जुलाई की रात को बाकरपुर व हमीदपुर के बीच का मालन नदी बांध टूट जाने से बैराज मार्ग पर कई-कई फीट पानी बहने लगा था। सात जुलाई की सुबह से बैराज मार्ग पूरी तरह बंद कर दिया गया था। बाद में पता चला था कि पुल के गेट नं. 21 व 22 के बीच गैप हो गया है। वाहनों के गुजरने से पुल में कंपन होने लगा था। पानी उतर जाने के बाद भी गैप के कारण पुल को नहीं खोला गया था। पिछले कई दिनों से पुल पर मरम्मत का कार्य चल रहा था। एनएचएआई को विशेषज्ञ टीम ने गंगा बैराज के गेटों के पेडिस्टल पर बेयरिंग सेट किए। बेयरिंग सेट होने से पेडिस्टल की मरम्मत का कार्य लगभग पूरा हो गया। आज सुबह 11 बजे 23वें दिन चौपहिया वाहनों के लिए बैराज को खोल दिया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि भारी वाहनों के निकालने से पहले जांच की जाएगी और उम्मीद है कि तीन सितम्बर से इसे भारी वाहनों के लिए भी खोल दिया जाएगा। फिलहाल जनपदवासियों को बड़ी परेशानी उठानी पड़ रही है। सभी वाहन चांदपुर, गजरौला व गढ़ होकर मेरठ जा रहे है। बैराज को पैदल पार करना पड़ रहा है। महिलाओं व बच्चों का इससे बुरा हाल था। अब उन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

## एक नजर

### धामपुर में खास इजलास

**धामपुर।** स्थानीय मौहल्ला बंदूकचियान में अंजुमन फलाहे अहले सुन्नत का एक अहम इजलास नसीम सलमानी के मकान पर मुनाकिद हुआ। इजलास की सदारत जकी अहमद खान ने फरमाई और निजामत का फरीजा नामवर शायर नसीम सलमानी ने अंजाम दिया। इजलास ने तय पाया गया कि जुलूस ए मुहम्मदी पांच सितम्बर बरोज जुमा सुबह साढ़े आठ बजे मदरसा नूरिया मौहल्ला बंदूकचियान से रवाना होगा और मुसाफिर खाना, डॉ. जाकिर हुसैन रोड से होता हुआ अपने मुकर्रर रास्तों पर गुजरते हुए मुकाम ए अख्तिताम तक पहुंचेगा। इस मौके पर अंजुमन के जिम्मेदार व अरकान ने इस बात पर जोर दिया कि जुलूस ए मुहम्मदी अमन ओ आश्ती, इत्तेहाद और भाईचारे का पैगाम लेकर निकलेगा। इजलास में महासचिव नसीम सलमानी, कोषाध्यक्ष, इरफान लतीफी, मास्टर जुबैर अहमद, आस मौहम्मद, मौहम्मद दानिश, हाफिज अब्दुल कादिर, लईक सलमानी, हमजा, फुरकान, अहमद, आसिफ सकलैनी, काशिफ लतीफी, ताहिर लतीफी, मशकूर अहमद, नुसरत खां, साजिद सैफी, आलम लतीफी, हैदर आढ़ती समेत बड़ी तादाद में अंजुमन के अरकान और मुहिब्बाने रसूल ने शिरकत की। अंजुमन के जिम्मेदारान ने सभी अकीदतमंदों से अपील की है कि जुलूस ए मुहम्मदी में बड़ी तादाद में शरीक होकर अहब्बा ए रसूल का इजहार करें और अमन ओ इत्तेहाद का पैगाम आम करें।

### चंदक में भूमि पहलवान सम्मानित




**चंदक।** ग्राम किशनपुर निवासी कुमारी भूमि पहलवान पुत्री राकेश पहलवान के कुश्ती में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें भाजपा नेता व विधायक पति ऐश्वर्य चौधरी उर्फ मौसम मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। मौसम चौधरी ने भूमि के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें सम्मानित किया। मौसम चौधरी ने कहा कि भूमि ने हम सभी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने युवाओं को आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि यह महात्मा विदुर की भूमि है। हमारे बच्चे एक दिन ओलंपिक में भी जनपद का नाम रोशन करेंगे। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, उत्तम शुगर मिल के गन्ना जीएम विकास पुंडीर, सूरज सिंह, राजेश प्रधान आदि बड़ी संख्या में क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ज्वेलर्स को लगाया चूना

**बिजनौर।** चांदपुर के ढाली बाजार स्थित रामेश वर्मा की आभूषण की दुकान पर दो व्यक्ति आये तथा महिलाओं के लिए आभूषण दिखाने को कहा। दुकान पर मौजूद कर्मचारी ने जेवरात दिखाने शुरू कर दिए। इसी दौरान उनमें से एक व्यक्ति ने नोजपिन की थैली साफ कर दी। थैली में लगभग दो लाख रुपए मूल्य की 80 नोजपिन थी। जिनका वजन 30 ग्राम था। दुकान स्वामी रामेश वर्मा ने शाम को जब दुकान में रखे आभूषण चैक किए, तब उन्हें नोजपिन की थैली चोरी हो जाने की जानकारी हुई। रामेश वर्मा की तहरीर पर पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली।

### टिन शेड का निर्माण रुकवाया

**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम राहुनंगली में ग्रामीणों द्वारा श्मशान घाट की भूमि पर खड़े करीब एक दर्जन पेड़ दो माह पूर्व काट दिए गए थे। ग्रामीणों द्वारा पेड़ों का पैसा ग्राम के शमशान घाट पर चल रहे टिन शेड निर्माण कार्य में लगाया जा रहा था। सूचना पर राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच कर टिन शेड कार्य को बंद करा दिया है। निर्माण कार्य बंद कराने से ग्रामीणों में रोष पैदा हो गया। सुरेश कुमार, विक्रम सिंह, रमेश कुमार, गौरव, मनोज, शिवकुमार, अनुराग सिंह, जसविंदर सिंह पांडेय का कहना है कि पूर्व में भी श्मशान घाट में खड़े पेड़ों को कटवाकर पैसा ग्राम पंचायत में जमा नहीं कराया गया था । उक्त पैसे से ही श्मशान घाट की चारदीवारी व काली मंदिर का निर्माण कार्य कराया गया था। तब राजस्व विभाग ने नहीं रोका था। इस बार पेड़ों के कटान के मिले एक लाख तीस हजार रुपए से ही श्मशान घाट पर निर्माण कार्य चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि हल्का लेखपाल द्वारा मामले को तूल दिया जा रहा है। तहसीलदार ने बताया कि शमशान घाट में खड़े पेड़ों के कटान की अनुमति नहीं ली गई तथा उक्त पैसे को ग्राम पंचायत में जमा नहीं किया गया। अवैध तरीके से चल रहे निर्माण कार्य को बंद कराया गया है।

### चोरों के हौंसले बुलंद

**बिजनौर।** पुलिस की निष्क्रियता से चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं। बीती रात्रि सिविल लाइन्स में आर्य समाज के सामने स्थित नगर के सर्राफा व्यवसायी ओमप्रकाश कौशल के पन्ना ज्वैलरी शोरूम में लगा एसी के तांबे का केबिल काट कर ले गए। इससे पूर्व भी सिविल लाइन्स में ही चौधरी इलेक्ट्रानिक्स व वरूण अग्रवाल (पंसारी) की दुकान के एसी में लगा तांबे का तार चोरी कर लिया गया था। चोरी की घटनाओं से व्यापारियों में रोष है। उन्होंने रात्रि में पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग पुलिस प्रशासन से की है।

### आईटीआई में प्रवेश का अंतिम अवसर

**बिजनौर।** अभी तक चार चरण में आईटीआई में हुई प्रवेश प्रक्रिया के उपरांत भी स्विंग टेक्नोलॉजी, फैशन टेक्नोलॉजी, प्लंबर, पेंटर जनरल एवं वेल्डर में सीट रिक्त रह गई है। ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन ऑनलाइन किया था, किंतु उनका अभी तक कहीं भी प्रवेश नहीं हुआ, वह अथवा नए अभ्यर्थी अपना आवेदन कर 30 अगस्त तक संबंधित संस्थान में उपस्थित होकर प्रवेश ले सकते हैं। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के प्रधानाचार्य मंजुल मयंक द्वारा दी।

10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश

विवेक विश्वविद्यालय बिजनौर द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी धर्म व जातियों के आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्र / छात्राओं के लिए निम्नलिखित पाठयक्रमो में 10-10 सीटो पर नि:शुल्क प्रवेश किया जाना निश्चित किया है। अपने सभी दस्तावेज सहित विश्वविद्यालय परिसर में सम्पर्क करें।
आवेदन हेतू अंतिम तिथि 23 अगस्त 2025 है।

B.Tech (CS)
BCA
BBA
B.Com
BA LLB
B.Sc Microbiology
B.Sc. Computer Sc.
B.Sc Home Sc.
B.Sc Physics I Chemistry I Maths Botany I Zoology
MBA
MCA
LLB
LLM
M.TECH.
MSW
M.Sc. Home Sc.
MA Education

www.vivekuniversity.ac.in
VIVEK UNIVERSITY, BIJNOR
Moradabad Road, Bijnor (U.P.) 246725
CALL NOW: 9837324210, 9927026893

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# गोवंश से टकराकर स्कूटी सवार घायल

## सूचना के काफी देर बाद पहुंची एम्बुलेंस, सड़क पर तड़पता रहा घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** हाईवे पर घूम रही गाय स्कूटी से टकराने से स्कूटी चालक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घायल घंटों सड़क पर तड़पता रहा। काफी देर बाद पहुंची एम्बुलेंस से घायल को घामपुर में भर्ती कराया गया है।

अफजलगढ थाना क्षेत्र के ग्राम भज्जावाला निवासी दीपक (35 वर्ष) पुत्र पदम सिंह स्कूटी से धामपुर की ओर से लगभग साढ़े 7 बजे अपने घर वापस लौट रहा था। हाईवे स्थित चुंगी नम्बर 5 के निकट हाईवे पर अंधेरे में बैठी गाय से स्कूटी जोरदार टकराने से वह गम्भीर रुप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तुरंत एम्बुलेंस को कॉल की। एम्बुलेंस लगभग आधा घंटे बाद पहुंची तब तक घायय व्यक्ति सड़क पर ही पड़ा रहा। एम्बुलेंस से घायल को धामपुर सीएचसी भेज दिया गया। बताया जाता है कि घायल व्यक्ति की हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं आवारा गाय भी गम्भीर रुप से घायल सड़क पर पड़ी हुई थी।

### सड़कों पर घूम रहे गोवंश से हो रहे हादसे

**शेरकोट।** दो दिन पूर्व हाईवे पर मनोकामना मन्दिर के निकट आवारा गोवंश से बाइक की टक्कर हो जाने से बाइक सवार पति-पत्नी गम्भीर रुप से घायल हो गये थे। सड़कों पर घूम रहे गोवंश से लगातार हो रहे हादसों को लेकर लोकप्रिय हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स ने समाचार प्रकाशित कर अधिकारियों को कुंभकर्णी नींद से जगाने का प्रयास किया। अधिकारियों ने इस ओर कोई ध्यान देना गवारा नहीं समझा।

# नशेड़ी युवक का शव खेत में मिला

**कोतवाली देहात।** नशे के आदी युवक का शव गांव के बाहर खेत में मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना क्षेत्र की गांव लालपुर निवासी सचिन पुत्र ओमपाल नशे का आदी बताया जा रहा है। देर शाम सचिन का शव गांव के पास एक खेत में होने की सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया।

उधर गृहक्लेश के चलते सोमवार से घर से लापता युवक विक्की पुत्र नेपाल निवासी गांव मारकपुर का शव जंगल में एक पेड़ से लटका मिला। परिजनों ने पुलिस को सूचना दिए बिना ही शव का अंतिम संस्कार कर दिया।

# ग्राम समाज की भूमि पर हो रहा अवैध निर्माण कार्य रूकवाया

## ईओ ने दी कानूनी कार्रवाई की चेतावनी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** लाखों रुपये कीमत की ग्राम समाज की भूमि पर कुछ लोगों द्वारा कब्जा किये जाने की पालिका से शिकायत करने पर पालि. का ने मौके पर निर्माण कार्य रुकवा दिया। ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा किये जाने को लेकर तरह-तरह की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मौहल्ला नोधना स्थित कब्रिस्तान के निकट पड़ी ग्राम समाज की भूमि पर पालिका के मौजूदा एक सभासद द्वारा अपने कुछ परिचितों को दर्जनों मजदूरों को लेकर निर्माण कार्य शुरू कर देने से आस-पास के लोगों मे हडकंप मच गया। निर्माण कार्य कराने वाले लोगों ने इतनी जल्दी निर्माण कार्य कराया कि भूमि पर बुनियाद सहित दीवारें खड़ी कर दी। इसी दौरान कुछ लोगों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी सहित एसडीएम धामपुर से शिकायत कर निर्माण कार्य रुकवाने की मांग की। पालिका प्रशासन तुरंत हरकत मे आ गया और मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य को रुकवाते हुए जमीन से सम्बन्धित कागज लेकर पालिका आने को कहा। अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने बताया कि कुछ लोग ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे, जिसे पालिका कर्मचारियों ने मौके पर जाकर सख्ती के साथ निर्माण कार्य को रुकवा दिया है। यदि किसी ने ग्राम समाज की भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

# बल्दिया में आबादी से गुजर रहे हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** ग्राम बल्दिया के आबादी क्षेत्र में जानलेवा बनी 11 हजार वोल्ट की हाई टेंशन लाइन को लेकर ग्रामीणों ने विद्युत वितरण मंडल, बिजनौर के अधीक्षण अभियन्ता से भेंट कर अपनी समस्या रखी।

ग्रामीणों का कहना है कि आबादी के बीच से गुजर रही यह लाइन हर समय हादसे का खतरा बनी रहती है। बरसात के दिनों में यह और भी अधिक खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने कहा कि विद्युत आपूर्ति और बिल संबंधी दिक्कतें भी अधिकारियों के सामने रखीं।

अधीक्षण अभियन्ता ने ग्रामीणों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए विभागीय नियमों के अनुसार जल्द समाधान कराने का भरोसा दिलाया। साथ ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए। ग्रामीणों ने अधीक्षण अभियन्ता के आश्वासन पर संतोष जताते हुए कहा कि अब उन्हें उम्मीद है कि गांव की आबादी के बीच मौत बनकर झूल रही इस 11 हजार वोल्ट की लाइन से जल्द ही छुटकारा मिलेगा।

# एकजुट होकर लड़ाई लड़े किसान : राकेश टिकैत

## मृत्यु भोज प्रथा से बचने का आह्वान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नांगल सोती।** भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार से अपनी मांगों को मनवाने के लिए एकजुट होकर किसानों को अपनी लड़ाई लड़नी चाहिए।

चौधरी राकेश टिकैत गांव लालपुर मान में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष विजय पहलवान के चाचा की आरिष्टी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि मृत्यु भोज को कम करना चाहिए। क्योंकि परिवार का सदस्य चला जाता है और हम लोक दिखावे में मृत्यु भोज को बढ़ावा दे रहे हैं। यह प्रथा गलत है, इससे बचना चाहिए। इसके बाद गांव चमरोला में प्रदेश सचिव दिनेश कुमार के आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए राकेश टिकैत ने कहा कि आज किसानों को उनकी फसलों के वाजिब दाम नहीं मिल रहे हैं, जिससे किसान आर्थिक रूप से कमजोर होता जा रहा है। सरकार पूंजीपतियों के दवाब में काम कर रही है। किसानों को चाहिए कि वह एकजुट होकर अपने हकों की लड़ाई लड़े।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, दिनेश कुमार, बाबूराम तोमर, नरदेव सिंह, जितेंद्र पहलवान, सुनील कुमार, धर्मेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार,अंबरीश, देवराज चौहान, सरदार सुखचैन सिंह, इंतजार अहमद, सतपाल आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता की मौत

**कोतवाली देहात।** थाना क्षेत्र के ग्राम नंदपुर निवासी अंकित की पत्नी नरेशा (28 वर्ष) की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नरेशा के परिजन गांव पहुंचे तथा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार अभी तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

### सर्पदंश से युवक की मौत



**नहटौर।** ग्राम दबथला में 24 वर्षीय बबलू सैनी को गले में किसी चीज के काटने का एहसास हुआ। जिसके बाद उसकी तबीयत खराब होने पर ग्राम में ही एक चिकित्सक को दिखाया गया। उसके बाद सांप के काटने का अंदेशा पैदा होने पर उसे झांड़ फूंक के लिए ले गए। बबलू को कई स्थानों पर ले जाया गया। सुधार नहीं होने पर बिजनौर के एक नीजि चिकित्सक के पास ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को मौत की वजह जानने के लिए पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दूसरी ओर सर्प मित्र बी भास्कर ने ग्राम पहुंचकर ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा कि सांप के काटने के बाद झांड़ फूंक के चक्कर में नहीं पड़ना चाहिए। सांप के काटने के बाद सरकारी अस्पताल में उपचार कराना चाहिए। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# वर्षा की मौत के मामले में मोहित सैनी को उम्र कैद

## प्रेम-प्रसंग के लिए दबाव बनाने के चलते आत्महत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट में हल्दौर के मोहित सैनी को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उम्र कैद एवं 32 हजार रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार न्यायालय स्पेशल जज एससी/एसटी एक्ट ने हल्दौर थाने के मुकदमा अपराध संख्या 90/22 धारा 306, 323, 504 व 506 आईपीसी एवं धारा 3 (1)(द)(ध) व 3 (2) (वी) एससी/एसटी एक्ट में ग्राम नवादा तुल्ला निवासी मोहित सैनी पुत्र मूला सैनी को आजीवन कारावास व 32 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वादी के द्वारा 15 मार्च 2022 को हल्दौर थाने में तहरीर दी गई थी कि मोहित सैनी के द्वारा उसकी पुत्रियों के साथ मारपीट की गई और वादी की बड़ी बेटी पर प्रेम प्रसंग हेतु दबाव बनाया गया। साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी गई, जिससे आहत हो कर उनकी बड़ी बेटी ने आत्महत्या कर ली थी।

गौरतलब है कि 14 व 15 मार्च 2022 की रात को हल्दौर थाना क्षेत्र के ग्राम तुल्ला का नवादा में दलित समाज की वर्षा (21 वर्ष) पुत्री कल्लन की रहस्यमय हादसे में मौत हो गई। परिजन थाने पहुंचे थे। उनका कहना था कि मृतका का प्रेम प्रसंग ग्राम के ही निवासी मोहित पुत्र मूला सैनी के साथ चल रहा था। जिसकी जानकारी होने पर परिजनों ने उसका रिश्ता तय कर दिया था। अगले माह उसकी बारात आनी थी। परिजनों के मुताबिक मोहित बीती रात लगभग साढ़े नौ बजे उनके घर आया और वर्षा के साथ बुरी तरह मारपीट कर के चला गया। मोहित के घर से जाने के बाद वर्षा अपनी बहन से दवाई लेने के लिए जाने की बात कहकर बाहर निकल गई। पीछे-पीछे उसकी बहन भी बाहर निकली और उसने पड़ौसी युवक को उसे ढूंढने के लिए भेजा। लेकिन वर्षा नहीं मिली। बाद में बस स्टैण्ड पर तलाश करने पर उसकी लाश हाईवे पर पड़ी मिली। परिजनों के मुताबिक आरोपी मोहित उस वक्त बस स्टैण्ड पर मौजूद था। परिजनों ने कार्रवाई के लिए पुलिस को तहरीर सौंप दी थी।

# स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने जिला स्वास्थ समिति की समीक्षा बैठक में शासन की मंशा के मुताबिक काम करने के सख्त निर्देश दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में आज शाम कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि थेलीसीमिया रोग पर नियंत्रण के लिए रेडक्रॉस, ब्लड बैंक तथा गाइनी डाक्टर्स के साथ टीम गठित करें और थेलीसीमिया रोग की पहचान, बचाव और चिकित्सा से संबंधित आवश्यक जानकारी पर आधारित पीपीटी तैयार करें, ताकि उसके द्वारा उक्त रोग के प्रति लोगों को जागरूक किया जा सके। महिला जननी सुरक्षा योजना की समस्या के दौरान संज्ञान में आया कि वर्तमान तक 30168 संस्थागत प्रसव कराए जा चुके हैं, जिसके सापेक्ष संबंधित लाभार्थियों को 81 प्रतिशत भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम में लक्ष्य के सापेक्ष मात्र 27 प्रतिशत प्रगति पाए जाने पर सभी एमओआईसी को निर्देशित किया कि परिवार नियोजन के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करें और लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति लाने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ जनसामान्य को उपलब्ध कराना स्वास्थ्य विभाग का मुख्य कार्य हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी पूर्ण पारदर्शिता, निष्ठा और ईमानदारी से अपनी दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पूर्ण गुणवत्ता के साथ जन सामान्य को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। टीबी नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए प्रकाश में आया कि लक्ष्य के सापेक्ष 117 प्रतिशत की प्रगति की जा चुकी है तथा टीबी के सभी रोगियों को नियमित रूप से दवाएऊ तथा पौष्टिक आहार वितरित किया जा रहा है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित किया कि औचक रूप से निरीक्षण करें और यदि अस्पताल या किसी स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को बाहर से खरीदने के लिए दवा लिखी जा रही है, तो उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाही अमल में लाएं। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी सहित सभी स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों का लाभ आमजन को पूर्ण गुणवत्ता के साथ पहुंचाएं और इस महत्वपूर्ण कार्य में कदापि लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का रूटीन टीकाकरण, बच्चों में कुपोषण के स्थिति की जांच आदि की विभागीय स्तर पर नियमित समीक्षा करें। उन्होंने वीएचएनडी सत्र की समीक्षा करते हुए एमओआईसी को निर्देशित किया कि सेशन में जहां कमी है, उसे चिन्हित करते हुए तत्काल उसे दूर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों का टीकाकरण फीडिंग सही से करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि वैक्सीनेशन के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें।

# जनहित गारंटी कानून के बोर्ड कार्यालय के बाहर लगाने की मांग

**नजीबाबाद।** आदर्शनगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे एक पत्र में बताया कि पूर्व में प्रदेश सरकार द्वारा जनहित की सेवाओं को समयबद्ध तरीके उपलब्ध कराने के उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम को लागू किया गया था। जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को समयबद्ध तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराना है। अधिनियम के तहत पदाभिहित अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नियम के अनुसार पदाभिहित अधिकारी के आदेश के खिलाफ 30 कार्य दिवस में प्रथम अपील की जा सकती है। वहीं प्रथम अपील के आदेश के विरूद्ध 60 कार्य दिवस में द्वितीय अपील का प्रावधान है। यदि निर्धारित समय में आवे. दन का निस्तारण नहीं होता है, तो आवेदक 30 दिन के भीतर प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील कर सकते हैं। इसके अलावा प्रत्येक कार्यालय को अपने बाहर एक बोर्ड लगाना होगा। इस बोर्ड पर पदाभिहित अधिकारी, प्रथम व द्वितीय अपीलीय अधिकारियों का पूरा विवरण होना चाहिए। इसमें उनके पदनाम, दूरभाष नंबर, कार्यालय का पता व सेवाओं की समय सीमा का उल्लेख अनिवार्य है। परंतु अभी भी कई सरकारी कार्यालयों के बाहर उक्त बोर्ड नहीं लगे हुए हैं। जिस कारण वर्तमान में कई जनहित के कार्य आम जनमानस के समय से हल नहीं हो रहे हैं। आमजन को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने समाधान की मांग की। उधर इस संबंध में मुख्यमंत्री कार्यालय में संयुक्त सचिव अरविंद मोहन को कार्रवाई के दिशा निर्देश जारी किए हैं।

# जिलाधिकारी ने की सीएम युवा योजना की समीक्षा

## लक्ष्य के मुताबिक ऋण वितरण के दिए निर्देश



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने लक्ष्य के मुताबिक ऋण वितरण के निर्देश दिए है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आज शाम पांच बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में सीएम युवा योजना अंतर्गत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। जिलाधिकारी ने लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण में कमी पाई जाने पर निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष ऋण वितरण का कार्य करना सुनिश्चित करें। उन्होंने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया कि सभी बैंकों की ब्रांच नंबर के आधार पर सूची बनाकर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

उन्होंने निर्देशित किया कि यदि लाभार्थियों के डॉक्यूमेंट आदि कोई कमी पाई जाती है तो तत्काल उनको गाइड करते हुए उनके डॉक्यूमेंट्स को पूरा करने लिए जानकारी दे।

उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि शासकीय रोजगार परक योजनाओं में बैंकर्स द्वारा ऋण स्वीकृति एवं वितरण में बरती जाने वाली प्रवृत्ति आपत्तिजनक है, जिसके कारण शासकीय योजनाओं के लक्ष्य आपूर्ति में रूकावट पैदा हो रही है।

उन्होंने शासकीय योजनाओं में शिथिलता और उदासीनता बरतने वाले बैंकर्स को चेतावनी देते हुए कहा कि लंबित प्रकरणों को पूर्ण मानक के अनुरूप निस्तारित करना सुनिश्चित करें और सभी पात्र लाभार्थियों को ऋण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरुद्ध उनके उच्च अधिकारियों को लिखा जाएगा।

# सैनिकों की समस्याओं के लिए प्रशासन गंभीर

## जिला सैनिक बंधु की बैठक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन गंभीर है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जिला. धिकारी की अध्यक्षता में आज दोपहर कलेक्ट्रेट सभागार मे जिला सैनिक बन्धु की बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्व सैनिकों की समस्याओं के निदान के लिए जिला प्रशासन प्रतिबद्ध है और उनकी सभी शिकायतों का प्रभावी ढंग से निस्तारण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए सैनिक बंधु बैठक के रूप में जो प्लेटफार्म दिया है, जिला प्रशासन इसका भरपूर लाभ उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा सभी प्रर्थाना पत्रों को बहुत ही ध्यान पूर्वक सुना गया और सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के लिए कहा गया। उन्होंने जिला सैनिक कल्याण अधिकारी से कहा कि बैठक से नई एवं पुरानी निस्तारित एवं अनिस्तारित शिकायतों की विभागवार सूची के अनुसार प्रकरण विचार विमर्श के लिए बैठक में प्रस्तुत करें और जिन विभागों द्वारा शिकायतों के निस्तारण में कोई कार्रवाई नहीं की गई है, उनको संज्ञानित करें। ताकि सक्षम स्तर से शिकायतों का पूर्ण गुणवत्ता के साथ निस्तारण सुनिश्चित कराया जा सके। बैठक में पूर्व सैनिकों द्वारा सड़क, भूमि विवाद, शस्त्र लाइसेंस, खेत तालाब में पानी की व्यवस्था, अवैध अतिक्रमण आदि के संबंध में शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत की गईं। जिस पर उन्होंने आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन आपकी शिकायतों के समाधान के लिये गंभीर है और सभी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ ससमय निस्तारण कराया जाएगा। बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन अनिल गुप्ता, एक्स आर्मी मेजर केशव सहित अन्य अधिकारी एवं पूर्व सैनिक बन्धु मौजूद थे।

# निर्वाचन क्षेत्र मतदेय स्थलों के निर्धारण पर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविन्द कुमार चौहान की अध्यक्षता में मेरठ खंड स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के निर्धारण को लेकर बैठक आयोजित हुई। बैठक में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। डीएम ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में मतदेय स्थलों का पुनर्गठन किया जा रहा है। जिन भवनों की स्थिति जर्जर है, बाढ़ से क्षतिग्रस्त हैं या अन्य अपरिहार्य कारणों से उपयुक्त नहीं हैं, उनके स्थान पर नए मतदेय स्थल निर्धारित किए जाएंगे। बैठक में पूर्व में स्थापित मतदेय स्थलों की सूची तथा प्रस्तावित परिवर्तनों की सूची सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। जिलाधिकारी ने बताया कि यदि किसी राजनीतिक दल को किसी मतदेय स्थल में परिवर्तन संबंधी सुझाव देना है तो वे 4 सितम्बर तक जिला निर्वाचन कार्यालय में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं। बताया कि मेरठ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 1668 मतदाता और कुल 6 मतदेय स्थल हैं। वहीं मेरठ खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल 9467 मतदाता हैं।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र गुफरान परिवार से लड़कर जिला रामपुर, उत्तर प्रदेश चला गया था। उसने अपनी बिरादरी से अलग बिना मेरे व परिवार को सूचना दिये विवाह कर लिया है। उसकी पत्नी अब आये दिन मेरे परिवार को जान से मारने की धमकी देती रहती है और जायदाद में हिस्सा मांगती रहती है। पुत्र व पुत्रवधु से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता नहीं है। मैंने दोनों को अपनी चल अचल सम्मति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कार्य व लेनदेन की मैं व मेरा परिवार जिम्मेदार नहीं होगा। **नूरजहां पत्नी स्व. इरफान निवासी मौहल्ला कायस्थान, शेरकोट, बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरा पुत्र सुहेल गलत संगत में पड़ गया है। मैं अपने पुत्र सुहेल को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं तथा संबंध समाप्त करता हूं। भविष्य में सुहेल के किसी भी कृत्य व लेन-देन की मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मोहिद अहमद पुत्र श्री सद्दीक अहमद निवासी मौ. ईदगाह तकिया गढ़ी, कस्बा व थाना नहटौर, जिला बिजनौर**

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्र वधु अरिबा खान पुत्री आसिफ खान अपने मायके वालों के बहकाये सिखाये में रहती है तथा मुझे व मेरे परिवार को तंग व परेशान करती है। झूठे मुकदमे में फंसाने एवं जान से मारने की धमकी देती है। उसके भाई हमसे 2 लाख रुपये की मांग कराते है। हमने उससे तंग आकर उसे व उसके पति सुभान से सामाजिक संबंध समाप्त कर लिए है तथा अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। इनके किसी भी कृत्य के लिए हमारी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। **तसलीमा खातून पत्नी स्व. मौ. वसीम निवासी मौहल्ला मिलकियान, कस्बा व थाना किरतपुर, जनपद बिजनौर।**

# धामपुर में महाराष्ट्र पुलिस की दबिश

## चोरी का एक आरोपी हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर का नाम एक बार फिर बाहरी राज्यों की पुलिस कार्रवाई से सुर्खियों में आ गया। महाराष्ट्र पुलिस आज सुबह धामपुर कोतवाली पहुंची और आमद दर्ज कराने के बाद ग्राम तिबड़ी निवासी शहनवाज को चोरी के मामले में हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई।

मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के नूपुर जिले में हाल ही में चोरी की घटना हुई थी। जांच में नाम सामने आने के बाद पुलिस टीम धामपुर पहुंची और शहनवाज से पूछताछ की। औपचारिकता पूरी करने के बाद टीम आरोपी को अपने साथ महाराष्ट्र ले गई।

गौरतलब है कि इसी महीने 2 अगस्त को उत्तराखंड की कोटद्वार पुलिस चोरी के मामले में धामपुर पहुंची थी और एक युवक को हिरासत में लिया था। वहीं उसी दिन देर शाम मध्य प्रदेश पुलिस की टीम ने भी धामपुर में दबिश दी थी, लेकिन मामले के 'सेटल' हो जाने पर टीम खाली हाथ लौट गई थी।

अब एक बार फिर महाराष्ट्र पुलिस की कार्रवाई से धामपुर की साख पर सवाल उठ रहे हैं। लगातार बाहरी राज्यों की पुलिस की दखलंदा. जी से स्थानीय लोग चर्चा कर रहे हैं कि आखिर धामपुर में बार-बार चोरी और अपराध से जुड़े नाम क्यों सामने आ रहे हैं।

# वाल्मीकि कालोनी के मंदिर में प्रतिमा स्थापित

## कार्यक्रम स्थल गणपति बप्पा मोरया के पारंपरिक जयकारों से गूंजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** मौहल्ला पहाड़ी दरवाजा स्थित वाल्मीकि कालोनी के मंदिर में पांच दिवसीय मूर्ति स्थापना महोत्सव के अंतर्गत श्रद्धालुओं की सामूहिक जय जयकार के बीच प्रथम पूजनीय भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित की गई। इस दौरान कार्यक्रम स्थल गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया तथा गणेश भगवान की जय के साथ ही अनेक पारंपरिक जयकारों से गूंज उठा।

इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा के सुपुत्र एवं युवा भाजपा नेता राणा प्रियंकर सिंह सामूहिक पूजन कार्यक्रम के मुख्य यजमान भी रहे। अन्य विशिष्ट अतिथियों में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज प्रताप सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, भाजपा के जिला मंत्री पुरुषोत्तम अग्रवाल, धामपुर मंडल के पूर्व अध्यक्ष राघव शरण गोयल, भूपेंद्र सैनी, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष सरदार सतमीत सिंह मन्नी, पूर्व पालिका सभासद सरदार जसप्रीत सिंह चावला रॉकी, रोटेरियन दीपक अग्रवाल जेके आदि अनेक प्रतिष्ठित नागरिक शामिल रहे। जिन्होंने बुद्धि और विवेक के दाता भगवान गणेश के चरणों में अपनी श्रद्धा भावना प्रदर्शित की। सोनू वाल्मीकि के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचने पर सभी अतिथियों का वाल्मीकि समाज की ओर से चंद्रलोक चैनवाल, सत्यम गोदियाल, जीतू, राजा, अरुण कुमार, संदीप चैनवाल आदि अनेक युवाओं ने पारंपरिक जयकारों के बीच स्वागत किया। इन अतिथियों को पटके पहना कर सम्मानित भी किया गया।

# एमए अंग्रेजी द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत-प्रतिशत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन का एम.ए. अंग्रेजी द्वितीय सेमेस्टर 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित हो गया। परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे छात्र-छात्राओं में उत्साह का माहौल है।

घोषित परिणाम में मिसबा शहरीन ने 70.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं मिस्बा परवीन ने 69.6 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा राहेमीन ने 67.2 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने सभी सफल विद्यार्थियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि छात्र-छात्राएं इसी तरह मेहनत कर आगे बढ़ें और समाज एवं राष्ट्र के विकास में योगदान दें।

महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मो. हित बंसल ने भी शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थी मेहनत व लगन से अपनी शिक्षा जारी रखकर उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम बढ़ाएं।

# स्योहारा में धूमधाम से मनाई गणेश चतुर्थी

## नगर के सौ से भी अधिक स्थानों पर गणेश भगवान की प्रतिमा स्थापित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** गणेश चतुर्थी का पर्व नगर में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया। नगर में 100 से भी अधिक स्थानों पर गणेश भगवान की मूर्तियां विधि-विधान से स्थापित की गईं।

बसंत वाटिका राजघराने में गणेश भगवान की स्थापना विशेष आकर्षण का केंद्र रही। यहां ठाकुर मंदिर से पूजा अर्चना करने के बाद भव्य शोभायात्रा निकाल कर भगवान गणेश को रियासत में लाया गया। इस अवसर पर पंडित मनोज कुमार शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्थापना कराई। कार्यक्रम में कुंवर रंजय प्रताप सिंह, रानी संयोगिता सिंह, ममता रानी, बब्लू सहित आरएसपी इंटर कालेज का पूरा स्टाफ मौजूद रहा। श्रद्धालुओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर जमकर नृत्य किया और प्रसाद वितरण के साथ वातावरण भक्तिमय हो उठा। इसी तरह मौहल्ला वाल्मीकि समाज में भी शोभायात्रा निकाली गई और गणेश जी की मूर्ति स्थापित की गई। नगर के ठाकुर मंदिर, जाली वाला मंदिर, शिव चौक लक्ष्मी नारायण मंदिर, मिल स्थित मंदिर सहित विभिन्न प्रमुख स्थानों पर गणेश जी की प्रतिमाएं विराजमान की गईं। नगरभर में गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गूंज उठा और भक्तगण भगवान से सुख-समृद्धि की कामना करते नजर आए।

# पति सहित ससुरालियों पर शिक्षिका ने लगाए गंभीर आरोप

## दहेज के लिए प्रताड़ित कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक शिक्षिका की जिंदगी दहेज की भेंट चढ़ गई है। पति, जेठ और ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया है। उसने आरोप लगाया है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद ससुराल पक्ष लगातार अतिरिक्त रुपये की मांग करता रहा।

पीड़िता नंदिनी धामपुर के एक पब्लिक स्कूल में अध्यापिका हैं। उन्होंने पुलिस में दर्ज कराये मुकदमे में बताता कि वर्ष 2019 में उसका विवाह शक्ति उर्फ मोंटी से हुआ था। शादी में पिता ने 16 लाख रुपये, बाइक और घरेलू सामान दिया। मगर शादी के कुछ महीने बाद ही ससुरालियों ने उसे ताने देने शुरू कर दिए। बाद में दबाव डालकर मायके से दो लाख रुपये मंगवाए। पीड़िता ने प्रार्थना पत्र में लिखा कि इसके बाद भी पति, जेठ दीपक, देवर विक्रांत और सास शोभा देवी चार लाख रुपये की मांग करते रहे। इतना ही नहीं, जेठ दीपक उस पर गलत नीयत रखता था और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डालता था। इंकार करने पर सास और देवर ने उसे पीटा। पीड़िता का कहना है कि एक जुलाई को धारदार हथियार से हमला कर उसकी हत्या की कोशिश की गई। बाल-बाल बचने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। 21 जुलाई को उसे बच्चों सहित घर से निकाल दिया गया और कहा गया कि चार लाख रुपये लेकर आओ तभी घर में जगह मिलेगी। अब वह मायके में रह रही है और लगातार धमकियां मिल रही हैं। पीड़िता ने कहा कि डर के कारण वह स्कूल भी नहीं जा पा रही और बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। उसने एसपी से गुहार लगाई है कि न्याय दिलाया जाए और दोषियों पर सख्त कार्रवाई हो।

## एक नजर

### नीलम पारस ने की मूर्ति स्थापना कार्यक्रम में पूजा



**नगीना।** श्री गणेश चतुर्थी के अवसर पर लक्ष्मी नगर कॉलोनी नगीना में मूर्ति स्थापना के कार्यक्रम में नगीना विधायक मनोज पारस की धर्मपत्नी श्रीमती नीलम पारस (पूर्व जिला पंचायत सदस्य) ने पहुंच कर भगवान श्री गणेश जी की पूजा की व समस्त नगीना क्षेत्रवासियों को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस मौके पर श्रीमती पूजा चोपड़ा, अंकित अग्रवाल, सोनू सिंह, हिमांशु शर्मा, सौरभ शर्मा, राहुल सिंह, सोनू कुमार, पवन कुमार, संजीव रसिया, ललित कुमार आदि भक्तगण मौजूद रहे।

### उत्तम क्षमा धर्म का महत्व बताया

**धामपुर।** गुजरतियान स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर में पर्वाधिराज पर्यूषण महापर्व का आयोजन बड़े धूमधाम के साथ शुरू हुआ। पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। जैन समाज के विद्वानों ने बताया कि भाद्रपद शुक्ल पंचमी से आरंभ होने वाला दसलक्षण पर्व आत्मशुद्धि और सम्यक दर्शन का प्रतीक है। पहले दिन उत्तम क्षमा धर्म का महत्व बताया गया। क्षमा धर्म के माध्यम से इंसान न केवल दूसरों के प्रति बल्कि प्रत्येक प्राणी मात्र के प्रति क्षमा-भाव रखकर अपनी आत्मा को शुद्ध करता है। मंदिर प्रांगण में समाज के लोगों ने एक-दूसरे से क्षमा मांगी और कहा कि सबको क्षमा, सबसे क्षमा। इस अवसर पर प्रवीण जैन, अभिषेक जैन, स्पर्श जैन, संजीव जैन, अमन जैन, अरुण जैन, नमन जैन, ऋषभ जैन, मनोज जैन, संयम जैन, तरुण जैन, वंदित जैन, सुगम जैन, दिवाकर जैन, सुधाकर जैन, माधव जैन, अनुज जैन, विशाल जैन, अतिशय जैन, शुभम जैन, निखिल जैन, पूनम जैन, चंचल जैन, मितलेश जैन, अर्चना जैन, चारू जैन, ममता जैन, प्रगति जैन, साक्षी जैन, अनिता जैन, अपूर्वा जैन, आशा जैन सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### मास्टर अख्तरुल्लाह खान को दी श्रद्धांजलि

**धामपुर।** इस्लामिया मुसाफिरखाना प्रबंधन समिति की ओर से संरक्षक और नगर कल्याण समिति के अध्यक्ष रहे मास्टर अख्तरुल्लाह खान के निधन पर देर शाम श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा इस्लामिया मुसाफिरखाना परिसर में हुई, जिसकी अध्यक्षता हाजी मौहम्मद आरिफ खान ने तथा संचालन नसीम राणा ने किया। डा. जियाउर रहमान ने दुआ कराई। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष अब्दुल बारी, खुर्शीद अंसारी, आसिफ खान, मोहसिन खान, नसीम राणा, चंदन चौधरी सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभा के बाद समिति पदाधिकारी मृतक के आवास पर पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया।

### एलएलबी षष्टम सेमेस्टर में स्वाति प्रथम



**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ लॉ के विद्यार्थियों का एल.एल.बी. षष्टम सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। लॉ विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार ने बताया कि छात्रा स्वाति चौहान ने 65.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, पुष्पा कश्यप ने 65.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व असना अंजुम ने 65.48 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबंधक निदेशक राजीव कुमार, चेयरमैन मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ के प्राचार्य डॉ. परवेज अहमद खान तथा विभाग के प्रवक्ता डा. एम.ए. खान, शिवकुमार सिंह, विशाल विक्रम सिंह, पूजा ठाकुर, अभिषेक सिंह व दीपिका सिंह ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### बड़ी मंडी रामलीला समिति की बैठक

**धामपुर।** श्री रामलीला समिति बड़ी मंडी की बैठक देर शाम ठाकुरद्वारा मंदिर प्रांगण में आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछले वर्ष की कार्यकारिणी को ही आगामी रामलीला आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। निर्णय के अनुसार अजय मित्तल अध्यक्ष, सुमित महेश्वरी महामंत्री, लाजपत राय मुखिया संयोजक तथा नवनीत अग्रवाल कोषाध्यक्ष का दायित्व संभालेंगे। बैठक में रामलीला के संचालन एवं व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श भी किया गया।

### कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरित



**नगीना।** श्री कृष्ण जन्मोत्सव माह में नगीना स्थित शिव मंदिर दलित बस्ती मोहल्ला लाल सराय में श्री कृष्ण जी के जन्मोत्सव माह में शिव मंदिर समिति सदस्यों एवं श्रद्धालुओं द्वारा उनके नाम का कढ़ी-चावल का प्रसाद वितरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में राहगीरों एवं स्थानियों को प्रसाद के रूप में कढ़ी-चावल का वितरण किया गया। इस अवसर पर युवा भाजपा नेता रोहित रवि, निर्मल कुमार, गुड्डू सिंह, ललित कुमार, मनोज कुमार उर्फ बबलू, सीताराम सिंह, अंकित हिरनवाल, अमन कुमार, सुमित प्रकाश, नीरज कुमार आदि ने प्रसाद वितरण में सहभागिता की। उपस्थित सैकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा कार्यक्रम बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

# रोडवेज बसों की भीषण टक्कर

## बस में सवार दर्जनों सवारी घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हीमपुर दीपा।** थाना क्षेत्र में उस समय भीषण सड़क हादसा हो गया। जब एक रोडवेज बस ने दूसरी रोडवेज बस में जोरदार टक्कर मार दी। बस में सवार दर्जनों सवारी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें बिजनौर के अलग-अलग अस्पतालों सहित हायर सेंटर रैफर किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चांदपुर से बिजनौर जा रही चांदपुर डिपो की रोडवेज बस संख्या यूपी 21 एफटी 1325 जैसे ही हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम उल्हेड़ा में पहुंची तो एक सवारी को उतरते समय पीछे से आ रही हापुड़ डिपो की बस संख्या यूपी 78 एचटी 5103 ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें दर्जनभर लोग घायल हो गए। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से सीएचसी स्याऊ और बिजनौर क्षेत्र के अस्पतालों में पहुंचाया गया। सीएचसी में लाए गए 6 घायलों में से 4 को गंभीर हालत में हायर सेंटर रैफर किया गया। इनमें मंडावर निवासी अंजू (27 वर्ष) और उनकी बेटी हर्षिका (5 वर्ष), जेपी पब्लिक स्कूल चांदपुर के शिक्षक भूपेंद्र आर्य और गांव दिनौड़ा निवासी मोबीन (35 वर्ष) शामिल हैं। अन्य घायलों में ग्राम अजुपुरा जट थाना हीमपुर दीपा की निकिता (26 वर्ष) और रूबी (23 वर्ष), महमदपुर सादात नगीना देहात के मौहम्मद रफी (26 वर्ष), तुकमापुर के कुलदीप (19 वर्ष), तुकमापुर के रवि (20 वर्ष) और उल्हेड़ा की बबीता को बिजनौर क्षेत्र के अलग अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

हीमपुर दीपा पुलिस ने दोनों बसों को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षक संघ प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिन्दू स्नातकोत्तर महाविद्यालय के शिक्षक संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में शिक्षकों ने बरेली पहुंचकर एक ज्ञापन सौंपा।

रूटा अध्यक्ष डा. मुकेश कुमार, सचिव प्रो. स्वदेश सिंह, गुलाब सिंह हिन्दू (पी.जी.) महाविद्यालय शिक्षक संघ अध्यक्ष प्रो. दिनेश सिंह, सचिव मौहम्मद सुलेमान एवं वरिष्ठ शिक्षक डॉ. जैनुल आबीदीन के नेतृत्व में शिक्षक प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, बरेली के कार्यालय में एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों की लंबित एनपीएस राशि, एरियर के शीघ्र भुगतान, चिकित्सा अवकाश की समाप्ति का विरोध तथा परिवर्तित अवकाश (कम्युटेड लीव) से जुड़ी भ्रांतियों के समाधान की मांग प्रमुख रूप से रखी गई। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि चिकित्सा अवकाश शिक्षकों के लिए जीवन-रेखा समान है और इसकी समाप्ति से सेवा के दौरान स्वास्थ्यगत आपात स्थितियों में गंभीर कठिनाई उत्पन्न होगी। इस संबंध में एक स्पष्ट शासनादेश जारी किया जाना आवश्यक है, जिससे अवकाश परिनियमावली प्रमाणित और व्यवहारिक रूप से लागू हो सके। साथ ही अवकाश को लेकर जो भ्रांतियां प्रचलित हैं, उन्हें दूर करने के लिए भी एक प्रमाणित शासनादेश व परिनियमावली की तत्काल मांग की गई। क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल की समस्याओं पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि शिक्षकों की न्यायोचित मांगों के समाधान हेतु शीघ्र ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। प्रतिनिधिमंडल ने अपेक्षा व्यक्त की कि शासन-प्रशासन समयबद्ध कार्यवाही कर इन लंबित समस्याओं का निस्तारण करेगा, ताकि शिक्षक निश्चिंत होकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कार्य में अपनी ऊर्जा समर्पित कर सकें।

# सहानपुर नवादा में विशेष सफाई अभियान शुरू

## जेसीबी से कराई जा रही नालियां साफ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** बरसात के बाद बीमारियों से बचाव के लिए गांव-गांव सफाई अभियान शुरू किया गया है। विकास खंड अल्हैपुर की ग्राम पंचायत सहानपुर नवादा में आज विशेष अभियान चलाकर सफाई की गई। ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु चौहान ने जेसीबी मशीन से नालियों और रास्तों की सफाई कराई। ग्राम प्रधान विमलेश देवी ने अभियान में पूरा सहयोग दिया।

ब्लॉक प्रमुख हेमलता चौहान के निर्देश और एडीओ पंचायत अनिल कुमार की देखरेख में पंचायत सचिव गांव-गांव जाकर सफाई व्यवस्था सुधारने में जुटे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की पहल से बरसात के बाद फैलने वाली बीमारियों पर रोक लगेगी।

# महिला को जान से मारने की धमकी देने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** एक महिला ने दो महिलाओं व एक युवक पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है।

ग्राम फुलसंदा हीरा निवासी बबली देवी पत्नी फकीरचंद ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि ग्राम बदालतपुर थाना नजीबाबाद निवासी कुसुम पत्नी पप्पू व ग्राम फुलसंदा गंगदास निवासी सुमन पत्नी शीतल तथा उसका पुत्र सजल उससे रंजिश रखते हैं। ये लोग उसके साथ किसी अप्रिय घटना की फिराक में हैं। आरोप है कि जब उसने आरोपियों को समझाने का प्रयास किया तो उन्होंने उसके साथ गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने मामले की जांच कर कार्यवाही की बात कही है।

# लाठी-डंडों से पीट कर किया घायल

**चांदपुर।** ग्राम सेह थाना शिवाला कलां निवासी हरदीप सिंह पुत्र उत्तम चंद ने थाना थाना प्रभारी के नाम लिखे अपने प्रार्थना पत्र में कहा है कि वे जब अपने घर के दरवाजे पर आया तो गांव के ही पवन कुमार व चमन पुत्र चंद्रपाल सिंह, राजन पुत्र थमन सिंह व उज्जवल पुत्र पवन कुमार गाली गलौच करने लगे। विरोध करने पर इन्होंने लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। इसी बीच साजन ने धारदार हथियार से वार कर दिया, जिससे मैं बेहोश होकर गिर गया, तभी उज्जवल ने तमंचा निक. ालकर लिया। शोर सुनकर मेरे परिवार वाले दौड़कर आये तो ये सभी भाग निकले। भागते समय उज्जवल अपनी बाइक भी छोड़ भागा। ग्रामीण ने पुलिस से आरोपियों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# शायर अफजल मंगलोरी को मिला अरब अमीरात में सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम कासमपुर गढ़ी में बीते 14 अगस्त को जश्न ए आजादी के मौके पर अब्दुल रज्जाक फाउंडेशन व अब्दुल समी रॉयल एकेडमी के चेयरमैन शेख मौहम्मद जैद द्वारा आयोजित मुशायरा में आलमी शोहरत याफता शायर अफजल मंगलौरी ने शिरकत की थी, उसके कुछ दिन बाद ही उन्हें अरब अमीरात में इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजा गया।

उत्तराखंड उर्दू अकादमी के साबिक नायब सदर आलमी शौहरत याफ्ता शायर अफजल मंगलौरी को दुबई और शारजाह में एजाज से सरफराज किया गया। अफजल मंगलौरी ने 23 व 25 अगस्त को यूएई में आलमी मुशायरे में हिस्सा लिया व 23 अगस्त को बज्मे आजमगढ़, शारजाह और 25 अगस्त को दुबई के मुशायरे में शिरकत की। दुबई में मैक्वे ग्रुप के चेयरमैन मुशर्रफ अली खान व बज्मे आजमगढ़ के सचिव के अनुसार अफजल मंगलौरी को 25 अगस्त को मैक्वे ग्रुप्स और न्यू टेक ग्रुप्स दुबई की ओर से सम्मानित किया गया।

मालूम हो कि 1998 से अफजल मंगलौरी दुबई, शारजाह, दोहा कतर, सऊदी अरब, नेपाल, पाकिस्तान, मॉरीशस आदि देशों में भारत का प्रतिनिधित्व करते आ रहे हैं। गत माह नेपाल साहित्य अकादमी द्वारा भी अफजल मंगलौरी की नेपाल निशाने उर्दू सम्मान अवार्ड से नवाजा गया था।

एसकेवाई फंड के मैनेजिंग डायरेक्टर डा. सुरेश आचार्य, मौलाना आजाद ओपन यूनिवर्सिटी हैदराबाद के पूर्व सचिव व समाज सेवी शाहिद अली, भारतीय उद्यमी नवल किशोर भाटी, कादिर खान,आदि ने इस अवसर पर दुबई के होटल कॉनकॉर्ड क्रीक व्यू में आयोजित समारोह में अफजल मंगलौरी को अवार्ड व



## इंटरनेशनल अवार्ड से नवाजा गया

निशान ए एजाज वगैरह से नवाजा गया। इससे पूर्व शारजाह में ब्जमे आजमगढ़ द्वारा दानिश जिया के संयोजन में आयोजित आलमी मुशायरे व कवि सम्मेलन में अफजल मंगलोरी ने भाग लिया। जिसमें अमेरिका, लन्दन, सऊदी अरब, कनाडा सहित भारत के नामचीन शायरों ने शिरकत की। बज्म के महमान ए खुसूसी मुम्बई के विधायक अबु आसिम आजमी तथा मेहमान ए खास जिम्बाब्वे से तशरीफ लाए उद्योगपति बदर सिद्दीकी रहे। आलमी मुशायरे व कवि सम्मेलन की सदारत लंदन से तशरीफ लाये उस्ताद शायर फहीम अख्तर ने की। जिन शायरों व शायराओं ने मुशायरा में हिस्सा लिया उनमें भारत से जौहर कानपुरी, शबीना अदीब, शकील आजमी, हामिद भुसावली,जाह्नवी सहगल, मैकश आजमी, अज्म शाकरी, आशिका चन्देलया, अख्तर आजमी, हसन काजमी, फैज खलीलाबादी, परवेज अख्तर, तारिक जमाल, लन्दन से फहीम अख्तर, अमेरिका से हुमेरा गुल तश्ना, अरब अमीरात से कासिम फराही व हिना अब्बास खासतौर से रहे। मुशायरा की निजामत मारूफ रायबरेलवी ने किया गया। आखिर मे कमेटी के चेयरमैन हाजी मौहम्मद राशिद ने सभी का शुक्रिया अदा किया।

मशहूर शायर अफजल मंगलौर ने मोबाइल पर दैनिक शाह टाइम्स को दिए इंटरव्यू में बताया कि मौजूदा हालात में उर्दू जबान और उर्दू के पढ़ने व बोलने, चाहने वाले की तादाद कम होती जा रही है जिसका खास सबब है हम लोग अपने बच्चों को इब्तिदाई तालीम मदरसों में उर्दू और अरबी न पढ़ाकर सीधे कॉन्वेंट स्कूलों में दाखिला करा रहे है। जिन स्कूलों में उर्दू जबान से कोई मतलब वास्ता नहीं है।

आज मुशायरों की हालत भी बद से बदतर हो गई है। शायरों को वाह-वाही दाद देने की बजाए तालियां बजा कर दाद दी जा रही हैं जो खिलाफ ए उर्दू अदब है। उर्दू जबान हिंदुस्तान की वह शीरी जबान है जो इंसान को जीने का सलीका, तहजीब, नफासत, शफाकत व इन्सानियत का दर्स देती है।



सम्भल- सड़क हादसे में मां-बेटी की मौत पर बिलखते परिजनों को ढांढस बंधाते शहर कोतवाल।

# तेज गति ट्रक की टक्कर से मां-बेटी की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** अति व्यस्तम मार्ग अलीगढ़ बस अडडे के निकट तेज गति ट्रक ने बाइक सवार दम्पत्ति को रोंद डाला। हादसे में पत्नी बेटा और बाइक चालक घायल हो गये। दिन को झकझोर देने वाले इसे हादसे में मां और मासूम बेटी की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना पर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और एंबुलेंस बुलाकर जिला अस्पताल भिजवा दिया। हादसे को अंजाम देकर चलक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया पुलिस ने ट्रक को अपने कब्जे में ले लिया।

**०दो साल की मासूम को अस्पताल से छुट्टी कराकर ले जा रहे थे माता पिता**

कैलादेवी थाना क्षेत्र के ग्राम लखनपुर निवासी राजकुमार पुत्र करनसिंह गुरुवार को एक निजी अस्पताल से अपनी दो वर्षीय पुत्री काजल की अस्पताल से छुट्टी कराकर बाइक से पत्नी राजकुमारी को लेकर गांव जा रहे थे। बाइक सवार दम्पतित और उनकी दो वर्षीय मासूम बेटी सम्भल बहजोई मार्ग स्थित अलीगढ़ अडडे के समीप पहुंचे तभी तेज रफ्तार में आ रहे ट्रक ने बाइक को रौंद डाला। टक्कर इतनी भीषण थी कि मां और बेटी ने दम तोड़ दिया जबकि बाइक चला रहा युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सकों ने मां और बेटी को मृत घोषित कर दिया। जबकि राजकुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। गांव और क्षेत्र के लोगों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

# शोरूम से तीन लाख की चोरी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चोरी की वारदातें निरंतर बढ़ती जा रही है। गश्त की कमी से चोर बैखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे है जबकि पुलिस के हाथ खाली है। चोरो ने शोरूम के पीछे की लोहे की जाली व दीवार काटकर करीब तीन लाख के माल पर हाथ साफ कर लिया। पुलिस को तहरीर द दी गई है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के हल्लू सराय निवासी ममता रानी पत्नी सुनील कुमार की हससनपर रोड स्थित चंदावली में एम आर टाइल्स ग्रेनाइट पैलेस नाम से शो रूम है। शो रूम स्वामी बीती सांय उसे बंद करके अपने घर चले आए। रात्रि किसी समय चोरों ने शोरूम/दुकान के पीछे से लोहे की जाली काटकर दीवार को तोड़ लिया। जबकि गेट के तालों को तोड़कर अंदर घुस गए। बैखौफ हुए चोर शोरूम/दुकान के अंदर रखा कीमती सामान, सी सी टी वी केमरे की डी वी आर पानी फीटिंग की टोंटी, फव्वारा, अपोलो बिक्टस आदि के अलावा बर्तन एवं प्लास्टिक के सामान के साथ डिस्प्ले में लगा सामान चोरी कर लिया। चोरों ने गल्ले के ताले को तोड़ कर उसमें रखी पचास हज़ार की नकदी भी चोरी कर ली। चोर करीब तीन लाख के माल पर हाथ साफ कर गए। चोरों का दुस्साहस यही नहीं रहा बल्कि चोरों ने फ्रीज में रखे पीने की कोल्ड ड्रिंक व नमकीन और बिस्कुट आदि को भी इतमीनान के साथ खाया। दुकान/शोरूम स्वामी ममता रानी की ओर से अज्ञात के खिलाफ तहरीर थाना पुलिस को दे दी है।



सम्भल-हसनपुर रोड स्थित चंदावली में शो रूम की दीवार काटकर की गई चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान।

## ग्राम समाज की भूमि को कराया गया सीमांकन

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बीस बरसों से भी अधिक समय से खाली पड़ी ग्राम समाज की भूमि को बुल्डोजर जस्टिस से चिंहांकन कराया गया। नगर के मौहल्ला डेरा सराय पानी की टंकी के निकट आरिफ हिलाल ने बीस बरस पूर्व सत्तार नामक व्यक्ति से जमीन खरीदी थी। उक्त भूमि के अगले हिस्से पर लगभग डेड़ बीघा ग्राम समाज की जमीन थी। गुरूवार को बुल्डोजर जस्टिस के साथ पहुंचे तहसील ने राजस्व कर्मियों संग ग्राम समाज की भूमि का सीमांकन कर कब्जे में ली।

# अंश प्रसारित होने से खड़े हुए सवाल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** हिंसा की न्यायिक जांच के लिए गठित आयोग की ओर से मुख्यमंत्री को अपनी रिपोर्ट सौंप दी गई लेकिन इसी के साथ रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पूर्व ही उसके अंशों को प्रसारित होने से पर अनेको सवाल उठने लगे हैं।

24 नवम्बर 24 को शाही जामा मस्जिद का दूसरी बार सर्वे कराने के दौरान भड़की हिंसा में पांच की मौत के बाद प्रदेश सरकार की ओर से तीन सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन कर दो माह में इसकी रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए गए थे। हिंसा की जांच कोग गठित आयोग की टीम ने कई बार सम्भल पहुंचकर अपनी जांच की थी और बयान भी दर्ज किये थे। लेकिन समय से जांच पूरी न होने पर आयोग का कार्यकाल भी बढ़ाया गया था। न्यायिक आयोग की ओर से अपनी 450 पन्नों की पूरी जांच लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सौंप दी है। आयोग की ओर से सौंपी गई जांच रिपोर्ट को अभी सार्वजनिक नहीं किया गया है। मात्र मुख्यमंत्री को रिपोर्ट सौंपी गयी है। जबकि रिपोर्ट को विधानसभा के पटल पर रखने के साथ मुख्यमंत्री इस रिपोर्ट में दिए गए तथ्यों को सार्वजनिक किया जायेगा। लेकिन मीडिया के एक वर्ग ने जिस तरह से न्यायिक जांच की रिपोर्ट के अंशों को प्रकाशित कर दिया गया। जबकि मीडिया के एक भाग ने रिपोर्ट के सार्वजनिक होने से पूर्व ही उसके अंशों को प्रकाशित कर दिया गया। अब सवाल यह है कि जब रिपोर्ट को सार्वजनिक ही नहीं किया गया है तो फिर उसके अंशों का मीडिया के एक भाग को कैसे पता चल गया और मीडिया के एक भाग ने कैसे उसे प्रकाशित कर दिया बहरहाल आखिर रिपोर्ट में क्या दिया गया है। इसे जानने के लिए अब लोगों में उत्सुकता और भी काफी बढ़ गयी है।

**०न्यायिक आयोग की रिपोर्ट सार्वजनिक होने से पूर्व ही अंशों को कर दिया प्रकाशित**

## एक नज़र इधर भी




सम्भल-उत्कृष्ट समाज सेवा सम्मान लेती जायंटस ग्रुप की पूर्व अध्यक्ष नीरू चाहल।

## उत्कृष्ट समाज सेवा के लिए नीरू चाहल सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** उत्कृष्ट सेवाओं के लिए जायंटस ग्रुप की पूर्व अध्यक्षा को समारोह पूर्वक सम्मानित किया गया।

आशीष गार्डन में जॉइंटस वेलफेयर के तत्वावधान में पूर्व अध्यक्षा के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जायंट ग्रुप सम्भल की पूर्व अध्यक्ष नीरू चाहल के नेतृत्व में सामाज सेवाओं के लिए किये गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला और उनके कार्यों की प्रशंसा की गई। समारोह में जायंट्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी ने नीरू चाहल को सम्मानित करते हुए उनके पूर्व वर्ष में किए गए उत्कृष्ट सामाजिक सेवा कार्यों की सराहना की तथा पूरी जायंट्स टीम का उत्साह बढ़ाहर हर्ष व्यक्त किया।



सम्भल- नवनियुक्त आरपीआई पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करते।

## आरपीआई के पदाधिकारियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया अठावले की बैठम में संगठन का विस्तार करते हुए नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मौ. जिशान को बेगसराय वार्ड 20 का अध्यक्ष, मो. सलमान वार्ड 31 फतेहउल्लाह सराय ओर अनीश अहमद ग्राम पंचायत नरोत्तम सराय अध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौंपकर आरपीआई की विचारधाारा को घर-घर पहुँचाने, समाज के वंचित, शोषित और पिछड़े वर्ग की आवाज को बुलंद करने तथा पार्टी को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान जुबैर अली अल्वी, दानिश मालिक, आदि मौजूद रहे।



बबराला- गंगा आरती की यजमान डीएफओ को गंगा जी की प्रतिमा देते।

## गंगा आरती में यजमान बनी डीएफओ

**बबराला ( शाह टाइम्स,संवाददाता )।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर यजमान बनी डीएफओ ने गंगा घाट पर परिवार सहित पूजन किया। जबकि ग्रगा समिति के अध्यक्ष ने गंगा जी की प्रतिमा देकर सम्मानित किया।

बबराला में राजघाट गंगाघाट परआयोजित पूजन कार्यक्रम में मुख्य यजमान वन विभाग की डीएफओ प्रीति यादव सपरिवार रही। समिति अध्यक्ष अतुल गोयल के संरक्षण में गणेश जी पूजन किया। आरती उपरांत पुरोहित सत्यम मिश्रा का जन्मदिन मनाया गया। समिति अधयक्ष अतुल गोयल के द्वारा केक और संक्षिप्त जलपान हुआ।अध्यक्ष अतुल गोयल ने कहा कि गंगा आरती करने वाले पुरोहित हमारे समिति परिवार का हिस्सा है। उनके सुख दु:ख बांटना हमारा दायित्व है। समिति के कार्तिक गोयल ने डीएफओ प्रीति यादव को गंगा जी की प्रतिमा दे कर सम्मानित किया। जबकि डिम्पल वार्ष्णेय ने पटका पहनाकर अभिनंदन किया। आरती में वन विभाग के वन क्षेत्राधिकारी ब्रजमोहन, सोनू गोयल, अमित कुमार, प्रीतम राम, उमेश वार्ष्णेय, भगवान सिंह, सतेंद्र गौतम योगेन्द्र सिंह, सजल अग्रवाल विवेक, बाबा सीताराम बाबा अभिरामदास ओमवीर नंदी आदि उपस्थित रहे।

# अर्थदंड जमा न करने वाले विद्यालयों को जमा करने होंगे पांच लाख

**०इनसीईआरटी की पुस्तकें न लगाने वाले स्कूलों पर लगाया गया था जुर्माना**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** एनसीईआरटी की पुस्तकें लागू नहीं करने और शिक्षा की दुकान खोलकर व्यवसाय चलाने वाले संचालकों पर प्रशासन का शिकंजा ओर भी कड़ा हो गया है। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एनसीईआरटी की पुस्तकों को लागू नहीं करने वाले अर्थदंड से अधिरोपित किये गए स्कूलों की ओर से जुर्मा जमा न करने वाले स्कूलों पर पांच लाख का अर्थदंड लगाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

कलैक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक श्यामा कुमार ने बताया कि जिन विद्यालयों पर अर्थदण्ड लगाया गया है अभी तक दो विद्यालयों ने अर्थ दंड जमा नहीं किया है। डीएम ने कहा कि अगर एक दिवस के अंदर अर्थ दंड विद्यालय जमा नहीं करते हैं तो 5 लाख का अर्थ दंड लगाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने विद्यालय के डाटा के विषय में जानकारी ली और उसे लेकर क्या आपत्ति प्राप्त हुई इस पर सम्बंधित विद्यालयों से चर्चा की। बैठक में जनपद में संचालित अंग्रेजी मीडियम के स्कूलों की समीक्षा की गई। जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने संबंधित बिंदुओं के विषय में मुख्य विकास अधिकारी को अवगत कराया जिसे लेकर मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भौतिकवादी संस्कृति को ना अपना कर भारतीय संस्कृति को अपनाएं। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि भारत राष्ट्रीय निर्माण कार्य के लिए भारतीय संस्कृति ज्ञान बहुत जरूरी है उसके अनुसार बच्चों को ज्ञान दिया जाए उन्होंने कहा की नीति आयोग के सभी पैरामीटरों पर विशेष ध्यान दिया जाए और उनको संज्ञान में लेते हुए बच्चों को उच्च शिक्षा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि समस्त प्रधानाचार्य एवं अध्यापक कर्तव्य का पालन करें अधिकारों की अनावश्यक मांग ना करें अगर समस्त प्रधानाचार्य एवं अध्यापक अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तो बच्चे उच्च शिक्षा पाकर भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकेंगे। जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया ने परीक्षा के परिणाम पर विशेष ध्यान रखने और बच्चों को अच्छी एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देकर रिजल्ट अच्छा हाने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि अध्यापक को बच्चों के प्रति समर्पित रहना चाहिए जिससे बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकें उन्होंने कहा कि अध्यापकों की जो भी समस्या है उसको भी गंभीरता से लेते हुए निस्तारण किया जाएगा। डीएम ने कहा कि मनुष्य की शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण में कार्य करती है। जैसी शिक्षा वैसा समाज शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए।



सम्भल- प्रधानाचार्यो की बैठक लेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

## बुखार के रोगियों की बढ़ती संख्या पर विधायक असमोली ने सीएमओ को लिखा पत्र

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** बुखार के बढ़ते मरीज़ को लेकर क्षेत्रीय विधायक ने चिन्ता जताई है और इसको लेकर मुख्य चिकित्सा अधिकारी को पत्र लिखा है।

32 विधानसभा असमोली से समाजवादी पार्टी की विधायक पिंकी सिंह यादव ने मुख्य चिकित्साधिकारी सम्भल को लिखे पत्र मे कहा कि मे इन दिनो भ्रमण के दौरान जानकारी हुई है कि अत्याधिाक संख्या मे बच्चे व बुजुर्गों मे टाईफाइड मलेरिया तथा डेंगू से लोग ग्रसित है तथा नालियों की सफाई न होने तथा उनके जलभराव की स्थिति की वजह से मच्छरो का तथा वायरल का प्रकोप भी बढ़ रहा है। प्रत्येक ब्लॉक अनुसार प्रत्येक गांवों मे एंटी लार्वा का छिड़काव ब्लॉक के माध्यम से तथा अत्याधिक बुखर, मलेरिया डेंगू की चपेट आये ग्रामों मे अवलिम्ब कैप लगवाकर जांचे तथा उपचार करवाया जाये। जिससे कि संक्रामक रोगों पर काबू पाया जा सेके।

# विधवा और अविवाहित ज़ायरीन के प्रेगनेंसी टेस्ट पर लगे रोक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** महिला ज़ायरीन हज की गर्भ निर्धारण की जांच पर रोष बढ़ता जा रहा है। पवित्र यात्रा पर जाने वाली महिलाओं की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने ओर जनप्रतिनिधियों की खामोशी पर कुरेश कान्फ्रेंस के अध्यक्ष ने सवाल खड़े किए है।

हज 2026 की तैयारियां जोर शोर पर चल रही है। लेकिन अफसोस की बात यह है। इस पवित्र यात्र पर जाने वाली महिला ज़ायरीन की इज्जत के साथ खुलेआम खिलवाड़ हो रहा है। कुरेश कान्फ्रेंस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष डा. इफ्तेखार अहमद कुरैशी ने कहा कि जनप्रतिनिधि खामोश है। जबकि हज समिति आफ इंडिया के आदेश पर प्रदेश के विभिन्न अस्पतालो में हज यात्रियों का फिटनेस मेडिकल चेकअप शुरू हो चुका है। जिसमें लेडिस हज यात्रियों का प्रेगनेंसी टेस्ट भी किया जा रहा है। मगर उक्त आदेश में यह स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। की प्रेगनेंसी टेस्ट केवल विवाहित महिलाओं का ही किया जाएगा। उन्होने कहा कि हैरत की बात तो यह है किं अविवाहित और विधवा महिलाओं का प्रेगनेंसी टेस्ट करवाने के लिए मजबूर किया जा रहा है। डा. इफ्तेखार अहमद कुरेशी पूर्व जिला हज ट्रेनर ने बताया कि इस मुद्दे पर हज कमिटी ऑफ इंडिया के कार्यालय पर फोन किया। उन्होंने लखनऊ हज कमेटी के जनरल सेक्रेटरी एसपी तिवारी से बात की तो उन्होंने बताया कि जो रूल्स ऑल इंडिया हज कमिटी बनती है। हम उसे ही फॉलो कराते हैं। उन्होंने बताया कि ऑल इंडिया हज वेलफेयर सोसाइटी इस मुद्दे को प्रमुखता से लेकर अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरण रिजूजू को पत्र लिखेगी उन्होंने यह भी कहा। की ऑल इंडिया हज कमेटी के जिम्मेदारान इस मामले में तुरंत अपना रुख क्लियर करें। और अविवाहित या विधवा और बुजुर्ग महिलाओं के प्रेगनेंसी टेस्ट पर फौरन रोक लगाए।

# हवन करने से होता है नकारात्मक शक्तियों का विनाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**असमोली।** शांतिकुंज गायत्री परिवार की ओर से आयोजित अनुष्ठान के चौथे दिन विभिन्न योगासन्न कराये गए।

नेकपुर शिव मंदिर पर चल रहे अनुष्ठान में प्रात: योग की बेला में योगासन ताड़ासन सूर्य नमस्कार आदि आसान कराए तत्पश्चात वैदिक मंत्रों से विधिपूर्वक हवन किया गया जिसमें देवताओं के लिए पितरों के लिए और जिनकी अकाल मृत्यु हुई है उनकी आत्मा शांति हेतु व विश्व के कल्याण के लिए खीर हलवा से विशेष आहुति दी गई। आचार्य बीनू के सानिध्य अनुष्ठान किया गया। उन्होंने बताया कि धरती माता के पूजन से हमें अपार संपदा प्राप्त होती है। धरती माता हमें खाने के लिए अन्ना और पीने के लिए जल देती है। हवन करने से नकारात्मक शक्तियों का विनाश होता है और हमारे शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है। इस मौके पर मुख्य यजमान नकुल औलख गुरमीत सिंह औलख विपिन शर्मा नीरज शर्मा निमित् सिंह सरदार चंद्रभान सिंह रोबिन शर्मा योगेश प्रवीत सिंह अनु चौधरी नरेश वंदना करणवीर सिंह शालिनी सनी चौधरी सरदार महेंद्र सिंह मुख्य सेवादार कमलू आदि में बढ़-चढ़कर हवन पूजन में भाग लिया।

**०अनुष्ठान के चौथे दिन कराया गया योगाभ्यास**

## डीएसएम रजपुरा में शिविर में नेत्र परीक्षण

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** भानु आई केयर बबराला के सौजन्य से डीएसएम शुगर मिल रजपुरा में आई कैंप लगाया गया। जिसके अंतर्गत डीएसएम शुगर मिल के अधिकारी और कर्मचारियों के परिवार के सदस्यों ने अपना अपना नेत्र परीक्षण कराया। करीब डेढ़ सौ के आसपास मरीजों की संख्या रही। उक्त परीक्षण के अलावा डा. भानु ने नेत्र के बारे में क्या करें और क्या न करें विस्तार से कर्मचारियों को वृहद रूप से समझाया। साथ ही साथ सलाह दी कि आप आंखों का यदि कोई गलत चीज पड़ जाता है तो आंख धोने के बाद यदि आपके मेडिकल कैंप में आई ड्रॉप है वह डलवाए और तत्काल बिना कुछ किए हॉस्पिटल में आए। इसमें देरी न करें जितनी जल्दी आप हॉस्पिटल पहुंचेंगे उतनी ही जल्दी आंखों का लाभ होगा।मिल प्रबंधक ने चिकित्सक का स्वागत किया।

# सौहार्द पूर्ण तरीके से निकालें जुलूस-ए-मोहम्मदी

**०जुलूस की तैयारियों को लेकर मदरसा जियाउलउलूम में बैठक**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** पैगम्बरे इस्लाम की यौमे विलादत (जश्ने ईद मिलादुन्नबी) पर निकलने वाले जुलूस की तैयारिया शुरू हो गयी है। उप नगरी में निकाले जाने वाले जुलूस को लेकर बैठक में शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाले जाने पर ज़ोर दिया।

उपनगरी सरायतरीन स्थित मदरसा जियाउलउलूम में आयोजित बैठक में कारी राशिद अली ने कहा कि जुलूसे मुहम्मदी मे इस्लाम धर्म के प्रवर्तक एवं ईश्वर के संदेश वाहक हजरत मुहम्मद (स.अ.) की सीरत और उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया जाए और किसी तरह की ऐसी भाषा शैली एवं शब्दावली का प्रयोग न किया जाए जिससे किसी की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचे। मौलाना महबूब मिस्बाही ने जुलूस ए मुहम्मदी के जुलूस को व्यवस्थित ढंग से आयोजित कराए जाने पर जोर देते हुए कहा कि जुलूस के दौरान सभी नौजवान बुजुर्ग और बच्चे शांतिपूर्वक ढंग से जुलूस में शामिल होकर जुलूस को मंजिल तक पहुंचाएं। इस अवसर पर मौलाना अलीम, मौलाना आदिल, मौलाना अजीम, मौलाना अलकमा मिस्बाही, कारी इश्तियाक, हाफिज जाहिद, मुहम्मद आजम, जकी अशरफ, कलीम सलामी, मुजाहिद खान, कारी दानिश, राजा, मुहम्मद जैद, मौलाना गुलफाम, हाजी रहबर आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता जुलूस के आयोक हाजी मु. खुशीर्द अली के प्रतिनिधि के रूप में प्रधानाचार्य कारी राशिद अली ने की।



सम्भल- मदरसा जियाउलउलूम में बैठक को सम्बोधित करते कारी राशिद अली।

# प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा भारत रत्न शिक्षा सम्मान से सम्मानित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य भारत शिक्षा रत्न से सम्मानित होने पर उनको बधाइयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। जबकि साथी शिक्षकों में भी हर्ष की लहर है।

नई दिल्ली स्थित लायन्स ओलंपियाड फाउन्डेशन द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा को भारत शिक्षा रत्न सम्मान प्रदान किया गया है। संस्था के चौयरमेन संजय संगल एवं सचिव चिराग गर्ग ने बताया कि प्रधानाचार्य शिवशंकर शर्मा की नेतृत्व क्षमता, अनुशासन विकास एवं निरंतर नवाचार कराने हेतु, प्रधानाचार्य को भारत शिक्षा रत्न सम्मान का प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदान करके सम्मानित किया गया है। विद्यालय के प्रबंधक अशोक कुमार गर्ग एवं कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र सौंपते हुए बधाइयां दीं और कहा कि इसी प्रकार शिक्षा क्षेत्र में आपकी सेवाएं निरन्तर बनी रहें और आप सदैव उन्नति करते रहें। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों एवं समाज के लोगों ने पहुंचकर प्रधानाचार्य को शुभकामनाएं दीं।



सम्भल- भारत शिक्षक रत्न से सम्मानित प्रधानाचार्य को सम्मानित करते प्रबंधक।

# गर्भवती विवाहिता की संदिग्ध हालत में मौत

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** भाई ने दहेज के लिए बहन को ससुरालियों द्वारा मार दिए जाने का आरोप लगाते हुए थाना गुन्नौर में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

जुनावई थाना क्षेत्र के ग्राम लहरा नगला श्याम निवासी लवकुश पुत्र स्व लक्ष्मणसिंह ने तहरीर में कहा है कि अपनी बहन धर्मवती की शादी हिन्दू रिति रिवाज से 22 जून. 2023 को ग्राम वहलोलपुर के रहने वाले युवक के साथ की थी। जिसमें दहेज में एक स्पैलन्डर बाईक व 4 लाख रूपये नगद व टीवी,फ्रीज, कूलर, बैड अलमारी, व बरतन, कपडे व सिलाई मशीन एवं जेवर में सोने के कुन्डल व चाँदी की पाजेब व एक गले का लौकेट दिये थे तथा कुल मिलाकर लगभग 950000 रूपये का खर्चा हुआ था।उसकी बहन को शादी के छ: माह बाद से उसके ससुराल वाले एक भैंस व चार पहिया वाहन की नाजायज डिमांड करते थे। उसका पति, ससुर, सास, ननद उसे आये दिन ताने देकर गाली गलौज करके मारपीट कर प्रताडित करते थे। जिसमें सास, ससुर एवं ननद कहते थे कि हमारा अकेला लडका है हमें 20 लाख रूपये का दान दहेज मिलता। उसके पास ग्राम वहलोलपुर से 28 अगस्त.2025 को समय करीब 4 बजकर 50 मिनट पर फोन आया कि तुम्हारी बहन धर्मवती को मारपीट कर जान से मार दिया है। उसके ससुराल वाले अपना सारा सामान लेकर रात में ही अपने घर से फरार है। उसने तब अपने अन्य परिवार वालों को सूचना दी तथा गाँव से परिवार सहित वहलोलपुर पहुँचा तो उसकी बहन धर्मवती के शरीर पर चोटों के निशान हैं। वह मृत पडी थी। घर में कोई नहीं था। सारा सामान गायब था। उसकी बहन लगभग तीन माह की गर्भवती भी थी। बहन की एक अबोध एक वर्ष की वेटी भी है।उसे भी उक्त लोगो ने गायब कर रखा है। उसकी रिपोर्ट दर्ज कर उक्त दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही कर जेल भेजा जाए। जिससे उसकी मृत बहन को न्याय मिल सके। पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है।

**०भाई ने लगाया दहेज हत्या का आरोप, पुलिस को दी तहरीर ससुरालिये सामान लेकर फरार**

# नया मुरादाबाद में युवक की गोली मार कर हत्या, क्षेत्र में फैली सनसनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के मझोला थाना क्षेत्र नया मुरादाबाद में उस समय सनसनी फैल गई जब एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी,युवक का शव कार में पड़ा मिला।मृतक नगर निगम में प्राइवेट कर्मचारी था, युवक की मौत से उसके परिवार में कोहराम मच गया है, घटना की जानकारी लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। वहीं पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।





मझोला थाना क्षेत्र के नया मुरादाबाद सेक्टर 10 का रहने वाला हर्षित नगर निगम के डूडा कार्यालय में प्राइवेट कर्मचारी था,वह देर रात अपने दोस्त के घर पहुंचा था, जहां उसे किसी अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी। गोलीबारी की यह घटना नया मुरादाबाद के सेक्टर-10 में हुई, जो एक रिहायशी इलाका है। हर्षित को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, साथ ही, फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा किए जा रहे हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पुलिस टीम मामले की जांच कर रही हैं और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।वहीं हर्षित की हत्या की खबर सुनते ही उसके परिजनों में कोहराम मच गया। परिवार वालों का कहना है कि हर्षित का किसी से कोई पुराना विवाद नहीं था और वह एक साधारण युवक था, जो अपने दोस्त की मदद के लिए गया था। परिजनों ने पुलिस से इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों में भी इस घटना को लेकर गुस्सा और डर का माहौल है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है की हत्या के खुलासे के लिए टीमों का गठन कर दिया गया है,जल्द ही हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा और हत्याकांड से पर्दा उठा दिया जाएगा।

# जीएसटी सरलीकरण के लिए सुझाव प्रधानमंत्री वित्त मंत्री एवं जीएसटी काउंसिल को प्रेषित

■ **जीएसटी सरलीकरण से देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी: डॉ. पवन जैन**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मा० प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा जीएसटी सरलीकरण की घोषणा के पश्चात, व्यापार जगत से जुड़े विभिन्न मुद्दों को रेखांकित करते हुए व्यापार भारती के अखिल भारतीय महामंत्री डॉ. पवन कुमार जैन ने मा० प्रधानमंत्री, मा० वित्त मंत्री एवं जीएसटी काउंसिल की अध्यक्ष सहित उत्तर प्रदेश एवं दिल्ली के मा० मुख्यमंत्री, वित्त मंत्री एवं वित्त सचिवों को पत्र भेजकर व्यापारियों की भावनाएं प्रेषित की हैं। पत्र में व्यापारियों एवं टैक्स प्रोफेशनलों द्वारा व्यवहार में आ रही अनेक समस्याओं को विस्तार से रखते हुए उनके



समाधान हेतु सुझाव दिए गए हैं। इनमें प्रमुख बिंदु इस प्रकार हैं। जीएसटी पंजीकरण एवं पंजीयन प्रक्रिया में सुधार, एकीकृत रिटर्न व्यवस्था एवं वार्षिक कर निर्धारण व्यवस्था, सचल दल द्वारा अर्थदंड प्रावधानों में बदलाव, न्यूनतम दंड राशि 5000 से 500 करना, दण्ड प्रावधानों का सरलीकरण, व्यापारी को आदेश की प्रति पंजीकृत डाक द्वारा अनिवार्य रूप से भेजना, ब्याज दर 18% से घटाकर 9% करना, ब्याज व अर्थ दंड माफी स्कीम, आईटीसी मैचिंग की जिम्मेदारी से क्रेता को मुक्त किया जाए, एकपक्षीय आदेश पर पुनः सुनवाई का अवसर, रिटर्न में संशोधन की सुविधा उपलब्ध कराना, जीएसटी ट्रिब्यूनल का गठन एवं सरलीकरण।

डॉ. जैन ने कहा कि जीएसटी सरलीकरण से न केवल छोटे व मध्यम व्यापारियों को बड़ी राहत मिलेगी बल्कि देश की कर प्रणाली भी अधिक व्यवहारिक और पारदर्शी बनेगी, विवादों में कमी आएगी और देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी। उन्होंने आशा व्यक्त की कि माननीय प्रधानमंत्री एवं जीएसटी काउंसिल इन सुझावों पर गंभीरता से विचार कर व्यापारियों को राहत प्रदान करेंगे।

# टीएमयू में ध्वजारोहण से दशलक्षण महापर्व का शंखनाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव का जिनालय पर ध्वजारोहण के संग शंखनाद हुआ। उत्तम क्षमा दिवस पर ध्वजारोहण के दौरान विधि-विधान की प्रक्रिया प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री के सानिध्य में हुई। उन्होंने समुच्चय पूजन, सोलह कारण, पंच मेरु पूजन, दशलक्षण पूजन कराया। सुबह सात बजे श्री 1008 आदिनाथ भगवान को पालकी में विराजमान करने का सौभाग्य सौधर्म इंद्र के रुप में प्रो. एसके जैन को प्राप्त हुआ। दिव्यघोष के बीच श्रीजी को मंदिर से रिद्धि-सिद्धि भवन तक लाया गया, जिसमें श्रावक-श्राविकाएं नृत्य आदि में मंत्र-मुग्ध हो गए। श्रीजी का समवशरण रिद्धि-सिद्धि भवन में किया गया। पालकी को उठाने का सौभाग्य प्रथम इंद्र- कलश जैन, द्वितीय इंद्र- प्रिंस जैन, तृतीय इंद्र- सम्यक जैन को मिला। ध्वजारोहण से पालकी यात्रा के दौरान कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्रीमती जहान्वी जैन के संग-संग समस्त टीएमयू जैन परिवार की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। दिव्यघोष के दौरान श्रावक केसरिया धोती-दुपट्टा पहने थे, जबकि श्राविकाएं केसरिया और सफेद कुर्ता- सफेद सलवार, नारंगी चुनरी के संग पहनी थी, जबकि कुलाधिपति, जीवीसी और ईडी ऑफ पिंक परिधान धारण किए हुए थे। इनकी भव्यता देखते ही बनती थी। प्रतिष्ठाचार्य श्री ऋषभ जैन शास्त्री ने श्रावक-श्राविकाओं का नियम दिलाया कि आज कोई भी क्रोध नहीं करेगा। **ईडी श्री अक्षत जैन को प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का सौभाग्य-** प्रथम स्वर्ण शांतिधारा का सौभाग्य ईडी श्री अक्षत जैन को मिला। द्वितीय रजत शांतिधारा श्री



ओमसागर जैन, श्री अमन जैन, श्री मुकुल जैन, श्री पीयूष जैन, श्री प्रणत जैन, श्री सौम्य जैन, श्री अतिशय जैन, श्री सम्यक जैन आदि को मिला। प्रथम स्वर्ण कलश से श्री आरजू जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से श्री संस्कार जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से प्रो. विपिन जैन, चतुर्थ स्वर्ण कलश से श्री सहज जैन को शांतिधारा करने का सौभाग्य मिला। श्री कलश जैन, श्री प्रिंस जैन, श्री सम्यक जैन को इन्द्र बनने का सौभाग्य मिला, जबकि कलश स्थापना का सौभाग्य प्रो. विपिन जैन, श्री आर्जव जैन, श्री संस्कार जैन, श्री सहज जैन को मिला। टीएमयू के वीसी प्रो. वीके जैन और प्रो. विपिन जैन ने शांतिधारा करने वालों का सम्मान किया। अष्ट कुमारी- नव्या जैन, आशिका जैन, आकृति जैन, रंक्षिका जैन, मणि जैन, अन्वेषा जैन, माही जैन, पारुल जैन को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर श्रीमती ऋचा जैन के अलावा ब्रहमचारिणी दीदी डॉ. कल्पना जैन भी मौजूद रहीं। तत्त्वर्थसूत्र के प्रथम अध्याय का वाचन सुरक्षा जैन ने किया।

**सचिन जैन पार्टी के भजनों पर झूमा रिद्धि-सिद्धि भवन**

भोपाल की सचिन जैन एंड पार्टी ने अपने सुर और साज से रिद्धि-सिद्धि भवन आस्थामय कर दिया। श्रावक और श्राविकाएं आ जा त्रिशला के लाल, जिन प्रभु आज मेरी कुटिया मे आयेंगे, हमारे बड़े बाबा, कुडलपुरी के बड़े बाबा, ओ सारे शहर मे हल्ला हो गया तीर्थंकर जो जन्मे, प्रभु की उतारो आरती, ओ पालनहरे सर्वगुणों वाले तुमरे बिन कोई नही, समोशरण में जीवन पावन कर ले, मस्ती में पूजा कर ले, पर्थ की प्रतिमा प्यारी, हम तो चले आये प्रभु तेरे द्वारे चाहे तो माने ना माने आदि भजनों पर दोनों हाथ उठाकर जमकर झूमे। शिखर जी वाले बाबा तेरे दर पर, तु इतना प्यारा है, ओ तकदीर अयोध्या की मरुदेवी मैय्या को, मेरी तो पतंग उड़ गयी है, मेरा मन ये पुकारे आ जा, कितने दीप जले, अंग्रेजी मे कहते है टेंपल गोइंग टू, बड़े बड़े बाबा होवे सब मंगल, बड़े बाबा के चरणों मे कुंडल पुर जाना, मन जब कही ना लगे टी एम यू आना, जी कर रहा है आज तो, हो पारस चले तेरी डगरिया, सावरिया परसनाथ मेरे दर पे विराजो जी....सरीखे भक्तिमय गीतों से बड़े बाबा का भावपूर्ण स्मरण किया। पर्वाधिराज दशलक्षण महामहोत्सव के प्रथम दिवस उत्तम क्षमा के अवसर पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में श्री मनोज जैन, श्री विपिन जैन, प्रो. रवि जैन, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. विनोद जैन, डॉ. रत्नेश जैन, डॉ. आशीष सिंघई आदि ने भी पुण्य कमाया।

## एक नजर

### गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय की एमएड एलएलबी पाठ्यक्रमों में प्रवेश काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी

**मुरादाबाद।** गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय द्वारा एमएड/ एलएलबी /एलएलएम पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु काउंसलिंग प्रक्रिया लगभग पूरी करायी जा चुकी है। काउंसलिंग में पात्र छात्रों को प्रतिभाग करने के लिए शुल्क 2500 रुपए निर्धारित किया गया था, जिसमें से 500 रुपए काउंसलिंग प्रभार तथा शेष 2000 रुपए महाविद्यालय की फीस में समायोजित किए जाने हेतु निर्देशित किया गया था। कुलसचिव गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय श्री गिरिश कुमार द्विवेदी ने बताया कि काउंसलिंग प्रक्रिया समाप्त हो जाने के पश्चात् कुछ छात्र ऐसे हैं जो काउंसलिंग प्रक्रिया में सम्मिलित हुए और उनके द्वारा निर्धारित शुल्क 2500 रुपए का भुगतान किया गया था, परन्तु वे किसी भी महाविद्यालय में प्रवेश पाने में असफल रहे। ऐसे छात्रों को उनके द्वारा अदा किए गये निर्धारित शुल्क 2500 रुपए में से रुपये 500 काउंसलिंग प्रभार को काटकर शेष 2000 रुपए का भुगतान किया जायेगा। इसके लिए छात्रों को विश्वविद्यालय की वेबसाइट .हरनड्मइ.पद पर विजिट करनी होगी। छात्र को अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि भरना होगा। छात्र के ई-मेल /मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा, इसके पश्चात् छात्र को अकाउंट होल्डर नाम, अकाउंट आईएफसी कोड, बैंक का नाम, ब्रान्च का नाम व मोबाइल नम्बर, पासबुक/चौकबुक कॉपी का विवरण भरकर सबमिट करना होगा और यह प्रक्रिया छात्रों के द्वारा 05 सितम्बर 2025 तक पूर्ण करनी होगी। उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्र को कोई समस्या आ रही है तो निराकरण के लिए 9650454457, 9650259553 पर संपर्क कर सकते हैं।

### जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने का काम कर रहे नगर विधायक



**मुरादाबाद।** नगर विधायक रितेश गुप्ता नित्य दिन अपने जन सहयोग कार्यालय में उपस्थित जनमानस को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य कर रहे हैं। आज भी उनके द्वारा अनेक समस्याओं का समाधान कराया गया तुरंत अधिकारियों को कॉल कर लोगो की समस्या सुनी गई और समाधान किया गया। नगर विधायक के मीडिया प्रभारी विपिन गुप्ता ने बताया कि जनसहयोग कार्यालय पर कोई भी व्यक्ति शिकायत लेकर आता है तो उसका समाधान किया जाता है और विधायक जी के द्वारा उस व्यक्ति को फोन किया जाता है कि यदि कोई समस्या है तो उसको तत्काल समाधान कराना मेरा काम है आज भी हरपालनगर कार्यालय पर लोगो की समस्याओं का समाधान किया।

### बाइक में कैंटर ने मारी टक्कर, होमगार्ड घायल

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर बाइक सवार होमगार्ड को कैंटर ने पीछे से टक्कर मार दी , टक्कर लगने से होमगार्ड गम्भीर रूप से घायल हो गया। शिवपुरी निवासी रविंद्र कल रात टोल प्लाजा पर ड्यूटी करने नियायतपुर इकरोटिया जा रहा था ,पीछे से कैंटर ने टक्कर मार दी हादसे से वह गंभीर हो गया है, सूचना पर गई पुलिस ने उसे सीएचसी मूंढापांडे में भर्ती कराया।हालत गंभीर देखते हुए परिजन कांठ रोड स्थित हास्पिटल में ले गए,एसएचओ मोहित चौधरी ने तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## फुरकान बने महासचिव, जिला प्रवक्ता बने धर्मेन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष वासु गुप्ता




**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने अपने जिला सगठन कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा की सभी मनोनीत पदाधिकारियों से आशा व्यक्त की वह सभी पदाधिकारी मिलकर समाजवादी पार्टी को मजबूती प्रदान करेंगे और पीडीए नायक युवा ह्रदय सम्राट माननीय श्री अखिलेश यादव जी के मिशन 2027 को सफल बना कर उन्हें मुख्यमंत्री बनाएंगे जी जिससे एक खुशहाल उत्तर प्रदेश का निर्माण हो सकें प्रदेश मे अमन चौन कायम हो। जिला कार्यकारिणी मे निम्नलिखित पदाधिकारी बनाए गए जिसमे मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव, उपाध्यक्ष हाजी उस्मान, चौधरी सोमवीर सिंह, वेदप्रकाश सैनी, वसीम कुरैशी, महमूद सैफी, प्रेमबाबू बाल्मीकि, हाजी अतार्रहमान, विक्रम सिंह यादव, अतीकुरहमान, सुरेंद्र सिंह, राकेश दानव, नौशाद पाशा, गौरव चौहान, राजीव विश्नोई उर्फ पिंटू,नावेद अली महासचिव फुरकान अली, कोषाध्यक्ष वासु गुप्ता सचिव सरदार सिंह पाल, बाल किशन शर्मा, कासिम आजाद, विशेष यादव, सरफराज पाशा, हिमांशु सैनी, जयकुमार प्रजापति, केदार सिंह जाटव, गोविन्द प्रजापति, सर्वेश प्रजापति, मजीद अली हारून पाशा, पुष्पेंद्र यादव, मनोज चौधरी, इंतजार अहमद, राहुल यादव, विश्वजीत सिंह यादव, मंजीता दिवाकर,डॉ जब्बार सहित 63पदाधिकारियों की कार्यकारिणी घोषित की गई जिसमें पंद्रह जिला उपाध्यक्ष, एक महासचिव, एक जिला प्रवक्ता /मिडिया प्रभारी, एक जिला कार्यालय प्रभारी, 31सचिव, बारह जिला कार्यकारिणी सदस्य बनाये गए सभी को शुभकामनायें दी गई।

इस अवसर जिला जयवीर सिंह यादव, पूर्व मंत्री जुगल किशोर बाल्मीकि पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, डॉ विकास चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, अमित प्रजापति, कदीर पाशा नवीन यादव आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# करियर काउंसलिंग सत्र का हुआ आयोजन, 'स्नातक के बाद करियर'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के वाणिज्य एवं प्रबंधन संकाय के अंतर्गत टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट द्वारा दिनांक 28 अगस्त 2025 को एक विशेष करियर काउंसलिंग सत्र का सफल आयोजन किया गया।इस अवसर पर विशेष रूप से आमंत्रित संसाधन व्यक्ति श्री राजकुमार गुप्ता (निदेशकद प्रेप बोर्ड) ने बी.कॉम. के विद्यार्थियों को ''स्नातक के बाद करियर'' विषय पर मार्गदर्शन प्रदान किया।श्री गुप्ता ने विद्यार्थियों को यह समझाया कि स्नातक की पढ़ाई पूर्ण करने के उपरांत करियर की दिशा का चुनाव उनके भविष्य को किस प्रकार प्रभावित करता है।




उन्होंने विद्यार्थियों को विभिन्न क्षेत्रों जैसे चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए), कंपनी सचिव (सीएस), लागत लेखांकन, प्रबंधन (एमबीए), बैंकिंग क्षेत्र, बीमा, सरकारी सेवाएं, स्टार्टअप्स, डिजिटल विपणन तथा वित्तीय परामर्श आदि में उपलब्ध करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।उन्होंने यह भी बताया कि बदलते समय में कौशल और व्यावहारिक ज्ञान का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है। केवल डिग्री ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को व्यावसायिक पाठ्यक्रमों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों तथा इंटर्नशिप में सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए।सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने अपने प्रश्न भी पूछे, जिनका उत्तर श्री गुप्ता ने अत्यंत सरल और व्यावहारिक ढंग से दिया। विद्यार्थियों ने इस आयोजन से करियर विकल्पों के प्रति नई दृष्टि और स्पष्टता प्राप्त की।प्रो. विपिन जैन (डीन टिमिट-कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट) ने अपने उद्बोधन में कहा ''करियर काउंसलिंग सत्र जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को उनके भविष्य की सही दिशा देने में अत्यंत सहायक होते हैं। आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को आत्मविश्वास, संचार कौशल एवं नौकरी के अनुरूप व्यावहारिक क्षमताओं का विकास करना आवश्यक है। इस प्रकार के मार्गदर्शन सत्र विद्यार्थियों को उनके लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने की रणनीति बनाने में सहायता करते हैं। मैं आशा करता हूँ कि हमारे विद्यार्थी आज की सीख को अपने जीवन में उतारकर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर होंगे।

## नवाचारों से शिक्षण में अग्रणी शिक्षिका राखी अग्रवाल को राज्य शिक्षक पुरस्कार

**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा के गांव जनैटा स्थित कंपोजिट विद्यालय में वर्ष 2010 से तैनात शिक्षिका राखी अग्रवाल बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ नये-नये नवाचारों का प्रयोग कर शिक्षण कार्य करती आ रही हैं। इनके द्वारा विद्यालय में विगत् वर्षों में छात्र नामांकन में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। बता दें कि वर्ष 2019 में 230 से 2022 तक 603 छात्रों की वृद्धि की गई है जिसके लिये शिक्षिका को जिलाधिकारी व बीएसए भी द्वारा समय-समय पर सम्मानित किया गया है। राखी अग्रवाल द्वारा विद्यालय में आईसीटी का प्रयोग भी किया जा रहा है जिस हेतु वर्ष 2023-24 में दो बार जनपद संभल से राज्य आईसीटी पुरस्कार भी प्राप्त किया है। विगत वर्षों में 04 शिक्षकों को जनपद संभल से राज्य शिक्षक पुरस्कार मिल चुका है, इस वर्ष राखी अग्रवाल को राज्य शिक्षक पुरस्कार मिलने से विद्यालय स्टाफ व बच्चों में खुशी की लहर है। साथ ही शिक्षिका राखी अग्रवाल को आगमी 05 सितंबर को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया जायेगा।

# बिना पंजीकरण के चिकित्सा व्यवसाय, डिजिटल एक्स-रे और लैब चलाना पड़ा भारी

■ **पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ दो माह बाद अलग-अलग किया मामला दर्ज**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**कांठ।** बिना रजिस्ट्रेशन कराए और वैध प्रमाण पत्रों के अभाव में स्वास्तिक डिजिटल एक्स-रे नाम से कार्य कर रहे ऑनर के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई की है। जांच 23 जून को हुई थी किसी व्यक्ति द्वारा मुख्यमंत्री पोर्टल पर इस तरह का अवैध कारोबार करने की शिकायत आने के बाद चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजीव की टीम द्वारा उमरी चौराहा स्थित स्वास्तिक डिजिटल एक्स-रे का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान जितेंद्र पुत्र जावर निवासी किरतपुरी मौके पर एक्स-रे करते हुए पाए गए उन्होंने कहा कि वह सपोर्टिंग स्टाफ का काम करते हैं और 1 वर्ष से यहां कार्य कर रहे हैं जांच टीम को मौके पर कुछ पर्चियां मिली जिसमें एक्स-रे लिखे गए थे एक्स-रे मशीन कंट्रोलर प्रिंटर आदि चीज वहां पाई गई टीम ने उक्त मशीनों को सील कर दिया। जितेंद्र द्वारा जांच टीम को बताया गया कि इस डिजिटल एक्स-रे के मालिक मुकेश चौहान पुत्र मुंशी राम निवासी खिचड़ी है टीम ने उनकी दुकान को सील कर दिया और थाने में तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जबकि दूसरी घटना कांठ नगर की है मुख्यमंत्री पोर्टल द्वारा शिकायत मिलने के बाद 24 जून को चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव अपनी टीम के साथ शहजाद सिद्दीकी पुत्र फारूक निवासी पट्टीवाला के क्लीनिक पर पहुंच गए और निरीक्षण किया बताया गया कि निरीक्षण के दौरान संचालक शहजाद मौके पर पाए गए एक स्टाफ कंपाउंडर भी उपस्थित था मौके पर मरीज की पैथोलॉजी रिपोर्ट जिस पर डॉक्टर शहजाद सिद्दीकी लिखा हुआ पाया गया इनके पास बीएएमएस की कोई भी डिग्री नहीं मिली ना कोई डिप्लोमा उपलब्ध हुआ। क्लीनिक का कोई पंजीकरण प्रमाण या डिग्री भी इनके द्वारा उपलब्ध नहीं कराई गई। जबकि इंजेक्शन एवं दवाइयां मौके पर मौजूद मिली क्लीनिक पर अन्य सामान भी पाया गया जिसमें बीपी मशीन एलोपैथिक दवाई नेबुलाइजर कैंची वेट मशीन एवं डस्टबिन बायो मेडिकल वेस्ट भी मौके पर पाया गया। डिब्बे में अधिक मात्रा में सिरिंज भी भरी हुई मिली और दो बेड भी उनके क्लीनिक पर पाए गए।

जांच टीम ने बिना डिप्लोमा या प्रमाण पत्र के इस चिकित्सा व्यवसाय को अवैध माना बताया गया कि उनके द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में भी कोई पंजीकरण अभी तक नहीं कराया गया था। इस क्लीनिक को अनाधिकृत रूप से संचालित और आम जनमानस के साथ खिलवाड़ एवं धोखाधड़ी के मामले को लेकर टीम ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

जांच टीम में चंद्रशेखर यादव अनिल कुमार सैनी आदि शामिल रहे। बतादे की नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बिना पंजीकरण बिना प्रमाण पत्रों के इस तरह की लैब संचालित करके लोगों की जान से खिलवाड़ किए जाने का धंधा जोरों पर चल रहा है जब कोई व्यक्ति मुख्यमंत्री पोर्टल या उच्च अधिकारी से शिकायत करता है तो स्वास्थ्य विभाग इनके खिलाफ जांच उपरांत थाने में एफआईआर दर्ज करा देता है मगर इसके कुछ दिन बाद ही उक्त संस्थाओं की सील खुल जाती है और फिर उसी जगह पर यह व्यवसाय शुरू हो जाता है यह खेल अब काफी पुराना हो चुका है और किसी न किसी के खिलाफ इस तरह की जांच कार्यवाही किया जाना भी आम बात हो चुकी है। लोगों ने ऐसे अवैध कार्य करने वालों को जेल भेज कर इस तरह के व्यवसाय पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाए जाने की मांग उठाई है।

## मेले में प्रथम दिन रही भारी भीड़, झूलों पर लगी लंबी लाइनें

**चन्दौसी।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर बुधवार को नगर में भगवान श्री गणेश की भव्य रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। नगर के गणेश मंदिर से निकली इस रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। जैसे ही रथ नगर की गलियों से होकर गुजरा, श्रद्धालुओं का जनसैलाब दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। चारों ओर गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से वातावरण गूंज उठा।

इसी दौरान गणेश मेला भी आस्था और उत्साह का बड़ा केंद्र बना। मेले में चहल-पहल बनी रही। सायं 06 बजे से ही मेला परिसर में श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरु हो गया। लगभग 08 बजे तक मेले में भारी भीड़ पहुंच चुकी थी। मेले के 25 प्रतिशत भाग पर इस बार झूले ही झूले हैं। खिलौनों, झूलों और खाने-पीने के स्टालों पर बच्चों, युवाओं और महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ी। मेला क्षेत्र में लगे झूले बच्चों और युवाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बने रहे। वहीं चाट-पकौड़ी और मिठाई की दुकानों पर भी लंबी कतारें नजर आई। पूरा मेला क्षेत्र रोशनी और सजावट से जगमगा रहा था। पुलिस-प्रशासन ने भीड़ को नियंत्रित करने और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए विशेष निगरानी रखी।

## अरुणाचल व मेघालय की संस्कृती इतिहास परंपरा पर नाटक एवं लोक नाट्य का आयोजन



**मुरादाबाद।** महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज में माध्यमिक शिक्षा निदेशक के आदेशों के अंतर्गत जनपद में अरुणाचल प्रदेश एवम मेघालय की संस्कृती इतिहास परंपरा पर नाटक एवं लोक नाट्य का आयोजन किया गया जिसमें जनपद के विद्यालयों ने प्रतिभाग किया जिसमें महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज,राजकला पीडीए गर्ल्स इंटर कॉलेज, प्रताप सिंह कन्या इंटर कॉलेज,चित्रगुप्त इंटर कॉलेज एवं अन्य विद्यालयों ने प्रतिभाग किया समस्त प्रतिभागियों ने अपने अपने प्रदर्शन किए जिसमें निर्णायक मंडल द्वारा निर्णय दिया गया प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान पर आने वाले विद्यालयों के छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया ।निर्णायक मंडल में डॉ सोमलता चौहान एवं मोनिका शर्मा रहे।उनका निर्णय सर्वमान्य रहा और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय एवं उनके छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।कार्यक्रम में अनूप कुमार अग्रवाल की भूमिका अतुलनीय रही जो कार्यक्रम का संचालन किया और कार्यक्रम को संपन्न कराने में अपना अभूतपूर्व सहयोग प्रदान किया साथ ही अन्य विद्यालयों की शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अरुण कुमार शुक्ला, मेजर राजीव ढल , ग्रंथ सिंह,धर्मेंद्र कुमार वंश, रति कौशिक ,सैनिक सिंह उपस्थित रहे और कार्यक्रम के लिए बच्चों को तैयार कराने में सहयोग किया आज के इस कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज प्रथम स्थान पर रहा प्रताप सिंह कन्या इंटर कॉलेज द्वितीय स्थान एवं राजकला पीडीए कन्या इंटर कॉलेज तीसरे स्थान पर रहा।

सम्मन वास्ते करारदार उमूर तनक़ीह तलब, (आर्डरा 5 कायदा 1 व 5)
**न्यायालय श्रीमान अतिरिक्त परिवार न्यायाधीश, मुरादाबाद**
**वाद संख्या:** 1070 सन् 2023
**धारा: 13 H.M.Act.**
**तारीख पेशी:** 06.10.2025
**श्रीमती रशमी बनाम पंकज शर्मा**
रशमी शर्मा पुत्री श्री ओमकार शर्मा उम्र लगभग 38 वर्ष निवासी प्रकाश नगर गली नम्बर-3 लाइनपार, मुरादाबाद-**वादनी।**
**बनाम**
पंकज शर्मा पुत्र जयशंकर चौबे उम्र लगभग 40 वर्ष निवासी मौहल्ला विकास नगर नई धर्मशाला के पास लाइनपार, मुरादाबाद। **प्रतिवादी।**
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बावत **धारा: 13 H.M.Act.** के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 06 माह 10 सन् 2025 बवक्त 10 बजे दिन के मुकदमा के हालात से वाकिफ हो हाजिर हो और जवाब देही करे/ आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा।
दस्तखत मेरे व मोहर आज बतारीख 28 के माह 08 सन् 2025 को जारी किया है।
**अहलमद**
**अतिरिक्त परिवार न्यायालय जनपद- मुरादाबाद।**

# आईपीएल और क्रिकेट टीम में ट्रायल के नाम पर लोगों के साथ करता था धोखाधड़ी, पहुंचा सलाखों के पीछे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भारतीय क्रिकेट टीम और आईपीएल में ट्रायल के नाम पर लोगो के साथ धोखाधड़ी कर उनके साथ ठगी की वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को मुरादाबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है।

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के माध्यम से आईपीएल व भारतीय क्रिकेट टीम में ट्रायल दिलाने के नाम पर विभिन्न राज्यो के लोगो के साथ ऑनलाइन साइबर धोखाधडी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से सात मोबाइल, तीन पास बुक, सात चौक बुक, पन्द्रह एटीएम कार्ड, सोलह सिमकार्ड और 43,500 रुपए बरामद किये हैं। बता दें कि एक पीड़ित द्वारा थाना साइबर क्राइम पर शिकायत कराई गई कि अपनी इंस्टाग्राम आईडी पर एक पोस्ट देखकर जिसमें नेशनल क्रिकेट कैम्प व इंडिया व आईपीएल कैम्प 2025 रजिस्ट्रेशन स्टार्ट फॉर ऑल एज ग्रुप लिखा था, के प्रोफाइल में व्हाटसएप बटन पर टेप करके व्हाटसएप चौट करना व धारक के द्वारा आवेदक से ट्रायल फीस व किट के नाम पर 1680 रुपये ट्रांसफर कराकर साइबर धोखाधडी करने व फर्जी आई डी बनाकर भेजने के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। इस संबंध में थाना साइबर क्राईम मुरादाबाद पर मु0अ0सं0-015/ 2025 धारा-318(4),336(2) बी.एन.एस व 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया। साइबर क्राइम थाना पुलिस द्वारा जब मामले की जांच पड़ताल की गई तो भिन्न-भिन्न मोबाइल नम्बर व बैंक खातो पर एन सी आर पी पोर्टल पर



इसके खिलाफ अलग-अलग 15 राज्यो में 38 शिकायत पंजीकृत मिली। उक्त क्रम में थाना साइबर क्राइम द्वारा प्रभावी कार्यवाही करते हुये मुकदमा उपरोक्त में वांछित आरोपी समीर खान पुत्र अलीम खान निवासी आयशा मस्जिद के पास, आजाद नगर थाना मझोला जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के कब्जे से 7 मोबाइल, 3 पास बुक, 7 चौक बुक, 15 एटीएम कार्ड, 16 सिमकार्ड, 43,500 रुपए बरामद किये है। पकड़े गए आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह लाकडाउन में बेरोजगार हो गया था तो वह इंस्टाग्राम पर क्रिकेट अकेडमी मे ट्रायल के ऐड देने लगा उसके बाद जो भी ऑनलाइन समीर खान के संपर्क मे आता वह उसे आईपीएल व भारतीय क्रिकेट टीम में ट्रायल दिलाने के नाम पर बातों में फंसाता था तथा उस व्यक्ति से व्हाटसएप नंबर से जुडकर चौट करता था और वह उन लोगो से रजिस्ट्रेशन फीस व किट बैग, होटल में ठहरने के नाम पर पैसे ठगता था, वह उन लोगो को क्यूआर कोड सेंड कर अपने बैंक खाते मे रुपए ट्रान्सफर करा लेता था वह वर्ष 2022 से लगातार भिन्न भिन्न सिम कार्ड और बैंक खातो का प्रयोग कर ये काम कर रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# श्री गणेश विघ्नहर्ता की शोभायात्रा में गणपति बप्पा मोरया की गूंज से क्षेत्र का माहौल भक्ति भय

**ठाकुरद्वारा।** श्री गणेश चतुर्थी पर्व पर अवसर क्षेत्र के गांव भरतावाला, कुकरझुंडी, फैजुल्ला गंज में विघ्नहर्ता श्री गणेश भगवान एक विशाल शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ भाजपा नेता ठाकुर अजय प्रताप सिंह पूजा अर्चना के बाद शुरू किया। शोभा यात्रा विभिन्न मार्गो से धूमधाम के साथ निकाली गई ,श्रद्धालुओं ने जगह-जगह पुष्प बरसाकर स्वागत कियास कार्यक्रम में धर्मेंद्र कुमार, धीरेंद्र राठी, अर्जुन सैनी, शंकर सैनी, आशु, बन्स आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे। वही सुरजन नगर मे भी गणेश चतुर्थी पर पीपल देवता ओर वोवले कुए पर नवनिर्मित शिव मंदिर पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया। मूर्ति स्थापित होने से पहले भगवान गणेश जी की शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा पीपलदेवता से प्रारंभ होकर, वोवले कुएं , बिश्नोई मंदिर,



शिवमदिर, झंडा चौक, ताजमार्केट, बस स्टैंड, गांधी आश्रम होते हुये पीपल देवता पर पहुंच कर समाप्त हई। शोभायात्रा में भगवान गणेश की मूर्ति पर गणेश भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा के समापनके बाद विधि विधानसे पूजा-अर्चना के बाद भगवान गणेश कीमर्ति स्थापित की गई। पांच दिवसीय गणेश महा उत्सव का शभारंभ ब्लॉक प्रमुख पति वीरसिंह सैनी, ग्राम प्रधान वीर सिंहव वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। गणेश उत्सव के प्रथम दिन भगवान शंकर पार्वती की झांकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पति नरेश कुमार,संजीवकुमार, हर्षित शर्मा, सुबोध कुमारव गणेश मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गणेश भगवान की मूर्तियों की स्थापना के बाद पांच दिवसीय गणेश उत्सव का शुभारंभ



## ■ मूर्ति स्थापना से पूर्व भक्तों ने निकाली भगवान गणेश की शोभायात्रा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सुरजन नगर।** गणेश चतुर्थी पर्व पर बुधवारको सुरजन नगर में पीपल देवता ओर वोवले कुए पर नवनिर्मित शिव मंदिर पर भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया। मूर्ति स्थापित होनेसेपहले भगवान गणेश जी की शोभायात्रा निकाली गई शोभायात्रा पीपलदेवता से प्रारंभ होकर, वोवले कुएं , बिश्नोई मंदिर, शिवमदिर, झंडा चौक, ताजमार्केट, बस स्टैंड, गांधी आश्रम होते हुये पीपल देवता पर पहुंच कर समाप्त हई।

शोभायात्रा में भगवान गणेश की मूर्ति पर गणेश भक्तों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा के समापनके बाद विधि विधानसे पूजा-अर्चना के बाद भगवान गणेश कीमर्ति स्थापित की गई। पांच दिवसीय गणेश महा उत्सव का शभारंभ ब्लॉक प्रमुख पति वीरसिंह सैनी, ग्राम प्रधान वीर सिंहव वरिष्ठ भाजपा नेता नवीन कुमार शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। गणेश उत्सव के प्रथम दिन भगवान शंकर पार्वती की झांकियां ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर पूर्व प्रधान पति नरेश कुमार,संजीवकुमार, नृपेन्द्र भारती, हर्षित शर्मा, सुबोध कुमारव गणेश मंडल के समस्त कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा (मुरादाबाद)।**

पत्रांक: 285/न0पा0प0ठा0/2025-26 **दिनांक:** 27.08.2025

**अल्पकालीन कुटेशन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा जनपद मुरादाबाद में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से वेतन वितरण आदि के पश्चात अवशेष धनराशि से पालिका के सफाई कर्मचारियों हेतु 54 अदद् पुरुष तथा 26 अदद् महिला ठण्डी वर्दी क्रय की जानी है इच्छुक व्यक्ति/फर्म ठेकेदार अपना कुटैशन सील बन्द लिफाफे में बन्द अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में 08.09.2025 को 02:00 बज तक कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। जो उसी दिन खोली जायेगी।

नियत तिथि उपरान्त कोई कुटेशन मान्य नह होंगी। शेष शर्तो का अवलोकन किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से किया जा सकती है। किसी भी कुटेशन को स्वीकृति / अस्वीकृति करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी में निहित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा**
**( मुरादाबाद )।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद ठाकुरद्वारा**
**( मुरादाबाद )।**


# ग्रामों में चलाया 'तंबाकू विरोधी जागरूकता अभियान' कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए ग्रामों में घर-घर जाकर 'तंबाकू छोड़ो, जिन्दगी चुनो' की थीम पर 'तंबाकू विरोधी जागरूकता अभियान'' चलाया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तंबाकू का सेवन बेहद हानिकारक है, इसलिए युवा पीढ़ी को इससे बचाने के लिए घर-घर जाकर व्यापक प्रचार-प्रसार करना होगा। वहीं कार्यक्रम के अध्यक्ष व स्कूल ऑफ बायोटेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. तंजील अहमद ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान ग्राम पल्लूपुरा घोसी, इटायला माफी और गिन्दौड़ा का दौरा कर ग्रामीणों को तंबाकू सेवन के



दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि तंबाकू जीवन को बर्बाद करता है और इसके सेवन से कैंसर, हृदय रोग और फेफड़ों की बीमारियों का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। साथ ही उन्होंने बच्चों और युवाओं से विशेष अपील की कि वे नशे से दूर रहें और अपने परिवार व आमजन को भी इसके तंबाकु के खतरों के प्रति जागरूक करें। इसी कडी घ्में डॉ. अहमद ने कहा कि समाज को नशामुक्त बनाना और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने हेतु इस तरह के अभियान आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संयोजक डॉ. उत्कर्ष त्यागी और सह संयोजिका डॉ. कृति श्रीनेत की सक्रिय भागीदारी रही, जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों के साथ मिलकर घर-घर जाकर ग्रामीणों को तंबाकू से होने वाले नुकसान समझाए और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। आयोजन सचिव डॉ. स्वप्न कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि इस अभियान के दौरान शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा 'तंबाकू विरोधी जागरूकता' हेतु ग्रामीणों को पर्चे वितरित करने के साथ ही इस सम्बन्ध में नारे लगाए गए।

उन्होंने यह भी बताया कि ग्रामीणों को अपसी संवाद के माध्यम से भी समझाया गया कि तंबाकू का सेवन केवल उस व्यक्ति को ही नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। कई ग्रामीणों ने इस अभियान के बाद तंबाकू छोड़ने का संकल्प भी लिया। इस कार्यक्रम में 50 से अधिक छात्र-छात्राओं समेत कई अन्य शिक्षकों ने अत्यंत रूचि के साथ तिभाग किया

## शांति भंग के आरोप में दो गिरफ्तार

ठाकुरद्वारा। अलग अलग मारपीट के मामलें में पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव सरकड़ापुर माफी में विद्युत विभाग के कर्मचारी बिजली चौकिंग के लिए गए थे। तभी गांव के सोविन्द्र यादव, सुरेश यादव पुत्र विजयपाल सिंह एक राय होकर गाली गलौज करते हुए बिजली विभाग कर्मचारियों के साथ मारपीट की। विद्युत कर्मचारियों की शिकायत पर पुलिस ने सोविन्द्र यादव को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उधार कोतवाली क्षेत्र के गांव ताराबाद में दीवार पर तिरपाल लगाने को लेकर अनीता देवी पत्नी धर्मपाल सिंह और हिमांचल पुत्र नरेश सिंह के बीच कहासुनी के बाद मारपीट हो गई। अनीता देवी की शिकायत पर पुलिस ने हिमांचल को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। बृहस्पतिवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों का शांति भंग के आरोप में चालान कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया। जहां उन्हे जमानत पर छोड़ दिया गया है।

# आईएफटीएम में उभरते उद्यमियों के लिए एंजेल इन्वेस्टमेंट और वीसी फंडिंग विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) और आईएफटीएम बिजनेस इनक्यूबेशन फाउंडेशन (आईबीआईएफ) के संयुक्त तत्वावधान में ''प्रारंभिक स्तर के उद्यमियों के लिए एंजेल इन्वेस्टमेंट/ वीसी फंडिंग के अवसर'' विषय पर एक सत्र का आयोजन हुआ। विश्वविद्यालय परिसर में नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना इस कार्यक्रम का उद्देश्य रहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए प्रारंभिक स्तर के उद्यमियों के लिए एंजेल इन्वेस्टमेंट और वीसी फंडिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि हमारे युवाओं को अपने विचारों को नवाचार और उद्यमिता में बदलने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा हर आवश्यक उपकरण, ज्ञान और सहायता प्रदान की जायेगी। वहीं आईबीआईएफ के सीओओ डॉ. अरुण कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय की यात्रा में यह कार्यक्रम



एक मजबूत स्टार्ट-अप इकोसिस्टम के निर्माण और नवाचार एवं उद्यमिता की संस्कृति को बढ़ावा देने की दिशा में एक और मील का पत्थर साबित होगा। सत्र के मुख्य वक्ता श्री आदित्य चौधरी, इन-चार्ज वाउंड कम्पोनेंट लैब, एमएसएमई तकनीकी सेंटर, रामनगर, उत्तराखंड ने एक स्केलेबल बिजनेस मॉडल बनाने और शुरुआत से ही अपनी पकड़ मजबूत करने के महत्व पर जोर दिया। इसलिए शुरुआती दौर के उद्यमियों को स्पष्ट मूल्य प्रस्ताव के साथ वास्तविक समस्याओं को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने धन उगाहने के दौरान आने वाली चुनौतियों, नेटवर्किंग के महत्व और निवेशकों की अपेक्षाओं के अनुसार पिच डेक तैयार करने के तरीके पर अपने निजी अनुभव भी साझा किए।

सत्र के दौरान चर्चा किए गए प्रमुख विषयों में एंजल इन्वेस्टमेंट और उद्यम पूंजी के बीच अंतर, प्रारंभिक चरण के स्टार्ट-अप में निवेशकों द्वारा देखे जाने वाले प्रमुख मानदंड, एक प्रभावी पिच तैयार करना, टर्म शीट और इक्विटी कमजोर होने के कारणों को समझना और विश्वविद्यालय इनक्यूबेटर व आईआईसी का लाभ उठाना शामिल रहे।

## एक नजर

### ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

**ठाकुरद्वारा।** तहसील क्षेत्र के ग्राम राजूपुर कलां में ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्रामवासियों ने उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि गाँव का गाटा संख्या 285 रकबा 0.0610 हेक्टेयर, जो नवीन परती के नाम से दर्ज है, उस पर अन्य व्यक्ति ने अवैध तरीके से मकान निर्माण कर कब्जा कर लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब उन्होंने विरोध किया तो कब्जाधारी ने उन्हें गाली-गलौज कर धमकाया और कहा कि यदि उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही की गई तो वह ग्रामीणों को झूठे मुकदमों में फंसा देगा और जान से मार देगा। ग्रामीणों का आरोप है कि कब्जाधारी दबंग प्रवृत्ति का है और गाँव वालों को लगातार डराता-धमकाता है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि गाटा संख्या 285 की जांच कर अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया जाए तथा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

### नशे में धुत युवकों ने राहगीर से की मारपीट, मोबाइल और नकदी छीनी

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम मदारपुर निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि 27 अगस्त 2025 की सुबह लगभग 9.30 बजे वह ठाकुरद्वारा से सामान लेकर घर लौट रहा था। तभी रास्ते में नशे की हालत में रामनगर खागूवाला के युवक ने तथा उसके साथ एक अज्ञात युवक ने उसे पीछे से ईंट मारकर रोक लिया। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उससे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और मौका पाकर उसके जेब से मोबाइल फोन व 800 रुपये छीन लिए। बाद में दबाव बनने पर आरोपी ने मोबाइल तो लौटा दिया लेकिन सिम कार्ड अपने पास रख लिया। जब पीड़ित ने सिम वापस मांगा तो आरोपी ने दोबारा गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर एक नामदर्ज व उसके साथी अज्ञात युवक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### पुलिस ने एक वारंटी को किया गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

न्यायालय के आदेश पर वारंटी के खिलाफ अभियान चलाकर कोतवाली पुलिस ने अभियान चलाकर मोहम्मद आसिम पुत्र शौकत हुसैन निवासी मछली बाजार को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार कर धारा 380,411 के तहत न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी करने के आदेश पर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

### दूसरे संप्रदाय के युवक ने दलित युवती से किया दुष्कर्म, केस दर्ज

**भोजपुर।** पुलिस ने थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती की तहरीर पर होटल में लेजाकर जबरदस्ती दुष्कर्म करने एवं अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। केस की विवेचना डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा गौरव कुमार त्रिपाठी कर रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल को दिये शिकायती पत्र में युवती ने कहा है कि अचानक मोबाइल फोन पर अनजाने नंबर से कॉल आई। युवक ने नाम पता एवं जाति पूछने के बाद फोन काट दिया। युवती का आरोप है कि उसके बाद युवक अलग-अलग नंबरों से फोन कर अश्लीलता करने लगा।घ 12 जुलाई को युवक ने फोन कर अपना नाम नदीम पुत्र लडडन निवासी गुलड़िया बताते हुए भोजपुर को बुला लिया। वहां पर नदीम पहले से ही बाइक लिए खड़ा था।घ बाइक पर बैठाकर हाइवे पर स्थित गांव नेकपुर मंढाईयां में स्थित शाही गार्डन होटल को ले गया। होटल में लेजाकर आरोपी ने जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो बना ली।घ 25 अगस्त को आरोपी ने दोबारा फोन कर जातिसूचक गालियां देते हुए कहा कि अगर तुने किसी से शिकायत की तो तेरी अश्लील वीडियो फेसबुक और इंस्टाग्राम पर डाल दूंगा। युवती की तहरीर पर पुलिस ने नदीम के खिलाफ दुष्कर्म एवं एससी-एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया। केस की विवेचना डिप्टी एसपी ठाकुरद्वारा गौरव कुमार त्रिपाठी कर रहे हैं। आरोपी फरार बताया जा रहा है।

### अटल आवासीय विद्यालय में वायरल फीवर से बीमार पड़ी नौ छात्राएं



**बिलारी।** अटल आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाली 9 छात्राओं की तबीयत खराब हो गई। उन्हें पेट दर्द ,शरीर दर्द की शिकायत हुई। आनन-फानन में उन्हें अध्यापिका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर पहुंची। जहां उनका इलाज शुरू हुआ और अस्पताल में भर्ती किया गया। छात्राओं को पेट दर्द, बुखार, उल्टी, शरीर दर्द की शिकायत काफी समय से हो रही थी। उन्हें अस्पताल लाया गया तो इलाज शुरू हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि उन्हें वायरल बुखार है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सबेरे के वक्त अटल आवासीय विद्यालय की 9 छात्राएं अध्यापिका धर्मावती के साथ में पहुंची। स्कूल में केवल छात्राएं ही बीमार थी। छात्रों की तबीयत पूरी तरह ठीक थी लिहाजा डॉक्टर रेशम बजाहट ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग जैसी कोई शिकायत नहीं इलाज किया गया है। उन्हें आराम मिल जाएगा। इसके अलावा अटल आवासीय विद्यालय के अध्यापकों ने बताया कि डाइट चार्ट के हिसाब से बच्चों को भोजन दिया जाता है। परेशानी होने पर डॉक्टरों की टीम हफ्ते में एक बार विद्यालय का चक्कर भी लगती है, फिलहाल इलाज के बाद छात्राओं की हालत में सुधार महसूस दिखाई दिया।


**कार्यालय नगर निगम, मुरादाबाद।**

पत्रांक : 198/पी०ए०-2/न०नि०मु०/2024-25 दिनांक: 28/08/2025

**ऑफर/कुटेशन/निविदा सूचना**

आपको सादर अवगत कराना है कि दीपोत्सव 2025 के भव्य आयोजन के अवसर पर महानगर के विभिन्न स्थानों पर सायंकालीन दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर को जन-सहभागिता एवं सांस्कृतिक गरिमा से युक्त करने हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है

| क्र० सं० | कार्य विवरण | मात्रा/दर |
|---|---|---|
| 01 | मिट्टी के दीपक बाती सहित 7,50,000 | प्रति दर |
| 02 | तेल | प्रति लीटर |
| 03 | मोमबत्ती | प्रति किलो |
| 04 | माचिस, (प्रत्येक पैकेट में 6 माचिस) | प्रति पैकेट |
| 05 | हॉट एयर पेपर बैलून | प्रति दर |
| 06 | रंगोली 50 हजार वर्ग फिट | प्रति वर्ग फिट |
| 07 | ग्रीन फायर क्रैकर्स (पर्यावरण अनुकूल आतिशबाजी) 100 स्काई शॉट्स | प्रति दर |
| 08 | सांस्कृतिक झांकी | प्रति झांकी |

उपरोक्तानुसार कार्य किये जाने हेतु इच्छुक फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 29.08.2025 से दिनांक 04.09.2025 तक बन्द लिफाफे में ऑफर/कुटेशन/निविदा सूचना अपरान्ह 02:00 बजे तक मुख्य अभियंता कार्यालय पीलीकोठी स्थित जलकल कम्पाउण्ड में आमंत्रित की जाती है, कार्य के सम्बंध में विस्तृत जानकारी मुख्य अभियंता नगर निगम कार्यालय पीली कोठी में किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती है, जो उसी दिन दिनांक 04.09.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। कार्य से सम्बन्धित सम्पूर्ण विवरण किसी भी कार्य दिवस में मुख्य अभियंता कार्यालय पीलीकोठी पर देखा जा सकता है। ऑफर स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार निगम के सक्षम अधिकारी का होगा।

कार्यों की विस्तृत सूचना एवं शर्ते www.nagarnigammoradabad.in पर देखी जा सकती है, निविदा प्रपत्र दिनांक 29.08.2025 से 04.09.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक ऑफ लाइन नि:शुल्क मुख्य अभियंता नगर निगम कार्यालय पीली कोठी से प्राप्त की जा सकेगी। जो उसी दिन दिनांक 04.09.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे खोली जायेगी। फर्म/संस्था का जी०एस०टी० व आयकर में रजि० होना अनिवार्य है।

**मुख्य अभियंता**
**नगर निगम, मुरादाबाद।**



**नीलामी विज्ञप्ति**

आज दिनांक 29.08.2025 को पूर्व मा0 वि0 हुसैनपुर छिरावली वि0 क्षे0 कुंदरकी में जि0 बे0 शि0 अधिकारी के पत्रांक सं0 एस.एस.ए./ज.भ./ 11448-53/25-26 दिनांक 22.02.2025 के अनुसार एक कक्षा भवन की नीलामी दिनांक 29.08.2025 को 9.00 AM पर होगी।

**आज्ञा से-**
**प्रधानाध्यापिका**
**राना बतूल**




**बेदखली सूचना**

मैंने अपने पुत्र शौकीन व पुत्रवधू श्रीमती शबाना बेगम को गलत आचरण/ गलत संगत व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यों/लेनदेन व मुकदमेंबाजी के लिए वह स्वंय जिम्मेदार होगें। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

**रईस अहमद पुत्र झब्बू निवासी काजी मार्केट के पीछे वाली गली रतनपुर कलां तहसील व जिला मुरादाबाद।**


# नगर में आवारा कुत्तों का आतंक, सोशल मीडिया पर की पालिका से पकड़वाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। गलियों और मुख्य बाजारों में झुंड के झुंड घूमते कुत्ते राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बन गए हैं। नगर में आवारा कुत्तों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है।

गलियों और मुख्य बाजारों में झुंड के झुंड घूमते कुत्ते राहगीरों, स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए खतरा बन गए हैं। जिसमे नगरवासियों का कहना है कि पालिका प्रशासन इस समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा। परेशान लोग अब सोशल मीडिया पर अभियान चलाकर और जनप्रतिनिधियों से मिलकर अपनी आवाज बुलंद कर रहे हैं। वही नगर के मोहल्ला मुंडो वाली कालोनी बेहड़ा वाला कुरैशियान मोहल्ला सहित अन्य मोहल्लों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ जाने से लोगो मे।डर का मौहोल हैं। वही वरिष्ठ पत्रकार मिर्जा गालिब ने आवारा कुत्तों की तस्वीरें साझा कर पालिका प्रशासन से इन्हें तत्काल पकड़वाने की मांग की है। उन्होंने लिखा, नगर में आवारा कुत्तों की संख्या इतनी बढ़ गई है कि लोग डर के साए में जी रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों की सुरक्षा खतरे में है। प्रशासन को तुरंत कार्रवाई करनी चाहिए।

# चैंपियनशिप के क्वार्टरफाइनल में सिंधु

**● वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी को हराया, मिक्सड डबल्स में ध्रुव- तनिषा की भारतीय जोड़ी भी जीती**



**पेरिस, वार्ता।** डबल ओलिंपिक मेडलिस्ट पीवी सिंधु ने बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन वर्ल्ड चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने गुरुवार को विमेंस सिंगल्स के राउंड ऑफ 16 मैच में चीन की वांग झी को सीधे गेम में हराकर बाहर कर दिया।

मिक्स्ड डबल्स इवेंट में भी भारतीय जोड़ी को सफलता मिली। वर्ल्ड नंबर-2 के खिलाफ हावी हैं सिंधु ओलिंपिक में सिल्वर और ब्रान्ज मेडल जीत चुकीं सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-2 वांग झी के खिलाफ अपना दबदबा कायम रखा। सिंधु ने 5वें हेड टु हेड मैच में वांग को तीसरी बार हराया। वर्ल्ड नंबर-15 सिंधु ने पहला गेम कड़ी टक्कर के बाद 21-19 के अंतर से जीता। सिंधु ने पहला गेम जीतने के बाद दूसरे गेम में भी 12-6 के अंतर से बढ़त बना ली। उन्होंने इस बढ़त को कायम रखा और 21-15 के अंतर से दूसरा गेम जीतकर मैच अपने नाम कर लिया। क्वार्टर फाइनल में सिंधु का सामना वर्ल्ड नंबर-1 साउथ कोरिया की आन से यंग से हो सकता है। वर्ल्ड नंबर-16 भारत के ध्रुव कपिला और तनिषा ख्रष्टो की जोड़ी ने 3 गेम में राउंड ऑफ 16 मैच जीता। वर्ल्ड नंबर-2 हान्ग कान्ग के तांग चुन मिन और से यिंग सुट ने दोनों को पहला गेम 21-19 के अंतर से हरा दिया। ध्रुव-तनिषा ने दूसरे गेम में वापसी की और 21-12 से जीत दर्ज कर मैच बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने 21-15 के अंतर से तीसरा गेम जीता और क्वार्टर फाइनल में एंट्री कर ली। ध्रुव कपिला और तनिषा दृष्टो की भारतीय जोड़ी ने वर्ल्ड नंबर-5 जोड़ी को हराया। प्रणय को वर्ल्ड नंबर-2 ने हराया मेंस सिंगल्स इवेंट में भारतीय चुनौती खत्म हो गई।

एचएस प्रणय को बुधवार देर रात राउंड ऑफ 32 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें वर्ल्ड नंबर-2 डेनमार्क के आंद्रेस ने 3 गेम में हरा दिया। आंद्रेस ने पहला गेम बेहद आसानी से 21-7 के अंतर से जीत लिया। प्रणय ने वापसी की और 21-17 से दूसरा गेम अपने नाम किया और मैच बराबरी पर ला दिया। तीसरे गेम में दोनों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली और एक समय स्कोर 21-21 से बराबर हो गया। एंटोनसेन ने फिर अटैकिंग गेम खेला और 23-21 से तीसरा गेम जीतकर मैच भी अपने नाम कर लिया। प्रणय से पहले राउंड ऑफ 64 में लक्ष्य सेन को वर्ल्ड नंबर-1 खिलाड़ी से हार का सामना करना पड़ा था।

## एफआईएच प्रो लीग भारत-पाक की होगी भिड़ंत

**● पाकिस्तान हॉकी की भागीदारी से टूर्नामेंट प्रारूप के तहत भारत बनाम पाक के दो मैच पक्के माने जा रहे है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** एफआईएच प्रो लीग 2025-26 सीजन में भारत और पाकिस्तान की हॉकी टीम भिड़ेंगी। अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने गुरुवार को बताया कि न्यूजीलैंड के स्थान पर पाकिस्तान की हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2025-26 के सीजन में खेलेगी।

एफआईएच कहा कि पाकिस्तान पुरुष हॉकी टीम 2025-26 सीजन में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार करने के बाद पहली बार एफआईएच प्रो लीग में भाग लेगी। 2024-25 एफआईएच नेशंस कप विजेता न्यूजीलैंड के प्रतियोगिता से बाहर होने के बाद एफआईएच प्रो लीग 2025-26 में पाकिस्तान का प्रवेश हुआ है। मलेशिया में हुए टूर्नामेंट में उपविजेता होने के नाते, ग्रीन शर्ट्स पदोन्नति की कतार में वह अगली टीम थी।

पाकिस्तान हॉकी की भागीदारी से टूर्नामेंट प्रारूप के तहत भारत बनाम पाकिस्तान के दो हॉकी मैच पक्के माने जा रहे हैं। एफआईएच अध्यक्ष तैय्यब इकराम ने इस कदम को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि पाकिस्तान को शीर्ष प्रतियोगिताओं में वापस देखकर बहुत अच्छा लगा।

यह विश्व हॉकी के लिए वाकई एक प्रभावशाली उपलब्धि है। इकराम ने कहा कि उनकी वापसी न केवल एक समृद्ध और गौरवशाली इतिहास वाली टीम की वापसी का प्रतीक है, बल्कि एफआईएच हॉकी प्रो लीग की लोकप्रियता और पहुंच को भी बढ़ावा देती है।

### खेल विशेष

## भारतीय मुक्केबाजों ने 26 पदक सुनिश्चित किए

**चीन, वार्ता।** भारत के जूनियर लड़के और लड़कियों ने चीन के झिंजियांग में आयोजित तीसरे बेल्ट एंड रोडष अंतर्राष्ट्रीय यूथ बॉक्सिग गाला - अंडर-17 /अंडर-19/ अंडर- 23 अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर और टूर्नामेंट में लगातार शानदार जीत के साथ सुर्खियां बटोरीं। 26 सेमीफाइनलिस्टों के साथ, भारत ने 26 पदक पक्के कर लिए हैं। भारत ने 20 लड़कों और 20 लड़कियों सहित 58 सदस्यीय दल भेजा है, जिसे 12 कोच, 6 सहयोगी स्टाफ और 1 रेफरी एवं जज का समर्थन प्राप्त है। इस संस्करण में केवल अंडर-17 लड़के और लड़कियां ही भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इस टीम का चयन छठी अंडर-17 जूनियर लड़के और लड़कियों की राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2025 से किया गया है, जिसमें एशियाई युवा खेलों और गैर-एशियाई युवा खेलों के भार वर्गों के पदक विजेताओं को जगह मिली है। सेमीफाइनलिस्टों में ध्रुव खरब (46 किग्रा), उदय सिंह (46 किग्रा), फलक (48 किग्रा), पीयूष (50 किग्रा), आदित्य (52 किग्रा), उधम सिंह राघव (54 किग्रा), आशीष (54 किग्रा), देवेंद्र चौधरी (75 किग्रा), जयदीप सिंह हंजरा (80 किग्रा) और लोवेन गुलिया ( 80 किग्रा) शामिल हैं, जिन्होंने चीन, कोरिया, उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान के कड़े प्रतिद्वंद्वियों को हराकर अंतिम चार में प्रवेश किया। 27 अगस्त को, भारतीय जूनियर लड़कियों ने शानदार जीत के साथ रिंग में अपना दबदबा बनाया। खुशी (46 किग्रा), भक्ति (50 किग्रा), राधामणि (60 किग्रा), हर्षिका (60 किग्रा), दीया (66 किग्रा), प्रिया (66 किग्रा), लक्ष्मी (46 किग्रा), चाहत (60 किग्रा), हिमांशी (66 किग्रा), हरनूर (66 किग्रा) और प्राची ( 80 किग्रा) सभी ने चीन और कोरिया के कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ प्रभावशाली जीत हासिल की।

# सात्विक-चिराग और कपिला-क्रैस्टो चौथे दिन अहम मुकाबले के लिए तैयार



**पेरिस, वार्ता।** पेरिस में चल रही बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत का अभियान आज और भी तेज हो गया है क्योंकि पीवी सिंधु का सामना दूसरी वरीयता प्राप्त वांग जी यी से होगा, जबकि पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज

**● भारतीय शटलरों ने पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन किया**

रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, साथ ही मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो, शीर्ष रैंकिंग वाले प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ अपने-अपने ड्रॉ में आगे बढ़ने का लक्ष्य रखेंगे। भारतीय शटलरों ने बुधवार को पेरिस में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप 2025 में शानदार प्रदर्शन किया।

पीवी सिंधु ने मलेशिया की करुपाथेवन लेत्शाना को 21-19, 21-15 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। नौवीं वरीयता प्राप्त सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने भी चीनी ताइपे की लियू-यांग को 22-20, 21-13 से हराकर अंतिम 16 में प्रवेश किया। मिश्रित युगल में, ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो ने सीधे गेमों में जीत हासिल की, जबकि रोहन कपूर और ऋत्विका गाडे को दुनिया की चौथे नंबर की मलेशियाई जोड़ी के हाथों हार का सामना करना पड़ा। मुख्य आकर्षण एचएस प्रणय का दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी एंडर्स एंटनसन के खिलाफ ऐतिहासिक मुकाबला था—प्रणय ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी की, निर्णायक गेम में दो मैच प्वाइंट भी हासिल किए, लेकिन अंतत: 8-21, 21-17, 21-23 से हार गए।

# श्रीलंका ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की

**कोलंबो, वार्ता।** श्रीलंका ने जिम्बाब्वे के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज के लिए चरित असालंका की अगुवाई वाली 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की है।

चयनकर्ताओं ने जिम्बाब्वे दौरे के लिए चोटिल वानिंदु हसरंगा को टीम में शामिल नहीं किया है। ऐसे में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले आठ टीमों के टूर्नामेंट में उनका खेलना संदिग्ध माना जा रहा है। टीम में पथुम निसंका , कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, कामिंडु मेंडिस और दासुन शनाका जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल हैं। महेश थीक्षाना और दुनिथ वेल्लालेज को भी दी है। अनुभवी ऑलराउंडर चरित असालंका दोनों सीमित ओवरों

**अनुभवी ऑलराउंडर असालंका दोनों सीमित ओवरों की सीरीज में टीम की कप्तानी करेंगे**

की श्रृंखला में टीम की कप्तानी करेंगे। श्रीलंका और जिम्बाब्वे के बीच एकदिवसीय सीरीज की शुरुआत 29 अगस्त से तथा टी-20 सीरीज तीन सितंबर से हरारे में शुरू होगी। एकदिवसीय सीरीज का दूसरा मैच 31 अगस्त को हरारे में खेला जायेगा। वहीं दूसरा टी-20 मैच छह तथा तीसरा सात सितंबर को होगा। जिम्बाब्वे दौरे के लिए की टीम इस प्रकार है:- चरित असालंका (कप्तान), पथुम निसंका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंडु मेंडिस, कामिल मिशारा, विशेन हलंबगे, दासुन शनाका, डुनिथ



वेलालागे, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षाना, दुशान हेमंथा, दुष्मंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा और मथीशा पथिराना।

# राज्य लीगें प्रतिस्पर्धा को नहीं प्रतिभाओं को पोषित करती हैं: रोहन

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) के अध्यक्ष रोहन जेटली ने गुरुवार को देश भर में टी-20 लीगों के उदय की सराहना करते हुए कहा कि ये टूर्नामेंट एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं है, यह ऐसे मंच हैं जो कि नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में मदद करते हैं।

डीडीसीए के अध्यक्ष जेटली ने कहा कि उनका मानना है कि इस तरह की पहल भारत के क्रिकेट पारिस्थितिकी तंत्र में गहराई लाती है और खेल के समग्र विकास में योगदान देती है। उन्होंने कहा कि राज्य लीग एक-दूसरे की प्रतिस्पर्धी नहीं हैं, वे अपने-अपने पारिस्थितिकी तंत्र को पोषित करती हैं। प्रत्येक राज्य का अपना प्रतिभा भंडार और संरचना होती है।

ज्यादा लीग का मतलब खिलाड़ियों के लिए अधिक अवसर हैं, और यह कुल

**● ये टूर्नामेंट एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं है यह ऐसे मंच है जोकि नई प्रतिभाओं को खोजने और निखारने में मद्द करते है**

मिलाकर भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा है। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे संस्करण के बारे में बात करते हुए डीडीसीए अध्यक्ष ने इस बात पर बल दिया कि अपने पहले सीजन की तुलना में प्रतियोगिता का आकार, संगठन और गुणवत्ता बढ़ी है।

उन्होंने कहा कि लीग ने न केवल मैदान पर प्रदर्शन के मामले में मानक ऊंचा किया है, बल्कि राजधानी में पुरुष और महिला क्रिकेट दोनों के लिए एक मजबूत माहौल बनाने में भी महत्वपूर्ण प्रगति की है।

उन्होंने कहा कि एक प्रशासक के तौर पर, आप हमेशा पिछले सीजन से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं बेहतर संगठन, बेहतर तैयारी, बेहतर क्रियान्वयन। मुझे यह कहते हुए हर्ष हो रहा है कि इस साल लीग अधिक व्यवस्थित और पेशेवर है। टीमें बेहतर तैयारी कर रही हैं, टीम प्रबंधन अधिक चुस्त है तथा समग्र माहौल और भी मजबूत हुआ है। खिलाड़ी अधिक फिट, ज्यादा प्रतिबद्ध और बेहतर तैयारी कर रहे हैं।


वे हफ्तो से खेल की लय में हैं, और फिटनेस शिविर और मैच उन्हें घरेलू सीजन से पहले अपने चरम पर बनाए हुए हैं। उन्होंने इस सीरीजन में दो नई टीमों के मालिकों की पेशेवर रवैये की सराहना करते हुए कहा कि नए टीम मालिक इस माहौल में बहुत अच्छी तरह घुल-मिल गए हैं। उनका रवैया पेशेवर रहा है और मौजूदा टीमें भी सहयोगी रही हैं। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि अधिक खिलाड़ियों को मौके मिल रहे हैं, जिससे लीग और मजबूत होती है।

## राष्ट्रीय खेल दिवस पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन

**नई दिल्ली, वार्ता।** श्याम लाल कॉलेज में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 एवं 30 अगस्त 2025 को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। यह दिवस हॉकी के महानायक मेजर ध्यानचंद की जयंती को समर्पित है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. रबी नारायण कर ने बताया कि खेल केवल शारी. रिक स्वास्थ्य का साधन नहीं हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल विकसित करने का माध्यम भी हैं। उन्होंने कहा कि एक घंटा खेल के मैदान में का यह संदेश युवाओं को सक्रिय जीवनशैली अपनाने और खेलों को जीवन का अनिवार्य हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित करता है। 29 अगस्त को सुबह स्पोर्ट्स असेंबली से कार्यक्रम की शुरुआत होगी। इसके बाद वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताएँ होंगी। इसी दिन राकेश , मुख्य संपादक खेल टुडे, 'ओलंपिक्स एवं पैरालंपिक्स' विषय पर व्याख्यान देंगे

# सबालेंका-अल्काराज तीसरे दौर में पहुंचे





**न्यूयॉर्क, वार्ता।** मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने महिला एकल के दूसरे दौर में पोलिना कुडरमेतोवा को 7-6 (4), 6-2 से हराया, जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज ने इटली के मटिया बेलुची को 6-1, 6-0, 6-3 से हराकर 2025 यूएस ओपन के पुरुष एकल के तीसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व की नंबर एक खिलाड़ी सबालेंका ने कुडरमेतोवा के खिलाफ धीमी

**● सबालेंका ने महिला एकल के दूसरे दौर में पोलिना को 7-6 ( 4 )6-2 से हराया**

शुरुआत की, ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने स्विट्जरलैंड की रेबे. का मासरोवा के खिलाफ पहले दौर के मैच में की थी। पहले सेट के टाई-ब्रेकर में कड़ी टक्कर के बाद, तीन बार की ग्रैंड स्लैम विजेता ने बुधवार को दूसरे सेट में अपनी लय और जीत हासिल की। साल के अपने पहले ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने की कोशिश में लगी सबालेंका ने जीत के बाद कहा कि पहला सेट मेरे लिए बहुत कड़ा था। यह ज्यादातर सर्विस और पहले शॉट के बारे में था। मुझे खुशी है कि मैं दबाव को संभाल पाई और कुडरमेतोवा को जवाब दे पाई। दूसरे सेट में, मैं अपने रिटर्न गेम में काफी बेहतर महसूस कर रही थी, और मेरी सर्विस भी बेहतर थी।

दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज ने बेलुची पर सीधे सेटों में ज्यादा आसानी से जीत हासिल की। स्पेनिश खिलाड़ी ने कहा, ष्मैंने मैच की शुरुआत में कुछ लक्ष्य बनाए थे, और मैं पहली गेंद से लेकर आखिरी गेंद तक उन पर अमल करने की को. शिश कर रही हूँ। इसी चीज ने मुझे मैच में बने रहने, सकारात्मक बने रहने, हर समय आक्रामक बने रहने में बहुत मदद की। उतार-चढ़ाव नहीं आए। महिलाओं की अन्य शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी भी तीसरे दौर में पहुंच गईं, जहां घरेलू स्टार जेसिका पेगुला ने अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 6-3 से हराया, और पांचवीं वरीयता प्राप्त मीरा एंड्रीवा ने अनस्तासिया पोटापोवा को 6-1, 6-3 से आसानी से हराया। पुरुष वर्ग में, चौथी वरीयता प्राप्त संयुक्त राज्य अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने दक्षिण अफीका के लॉयड हैरिस को 4-6, 7-6 (3), 6-2, 6-4 से हराया, जबकि 38 वर्षीय अनुभवी सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने दूसरे दौर में अमेरिका के ज़ाचरी स्वेज्दा को 6-7 (5), 6-3, 6-3, 6-1 से हराया।

## कैरेनो बुस्टा को हराकर शेल्टन तीसरे राउंड में पहुंचे

**न्यूयॉर्क, वार्ता।** अमेरिका के बेन शेल्टन ने स्पेन के पाब्लो कैरेनो बुस्टा को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। बुधवार रात खेले गए मुकाबले में शेल्टने शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी बुस्टा पर आक्रामक हिटिंग के साथ 6-4, 6-2, 6-4 से जीत दर्ज की। 22 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी शेल्टन ने हर सेट की शुरुआत में कैरेनो बुस्टा की सर्विस तोड़ी और 34 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी को कभी भी शांत नहीं होने दिया। शेल्टन ने अपने प्रतिद्वंद्वी के 18 के मुकाबले 42 विनर लगाए, जिसमें उनकी तेज़ बाएं हाथ की सर्विस, आक्रामक बेसलाइन हिटिंग और चतुर वैरिएशन का संयोजन था। शेल्टन अगले दौर में फांसीसी एड्रियन मन्नारिनो से भिड़ेंगे। 37 वर्षीय इस बाएं हाथ के खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के जॉर्डन थॉम्पसन को 6-4, 6-7(5), 6-3, 6-3 से हराकर छठी बार न्यूयॉर्क में तीसरे दौर में प्रवेश किया। माना. रिनो ने शेल्टन के साथ अपने पिछले तीन मुकाबलों में से दो में जीत हासिल की है, हालांकि अमेरिकी खिलाड़ी ने इस महीने की शुरुआत में टोरंटो में उन्हें हराया था।

## एसएफएल फुटबॉल लीग 2025 का दूसरा संस्करण 27 सितम्बर से शुरू होगा

**मुंबई, वार्ता।** पश्चिमी भारत की सबसे रोमांचक ग्रासरूट फुटबॉल लीग वापस आ गई है। और यह पहले से कहीं ज्यादा बड़ी है। एसएफएल द्वारा आयोजित एसएफएल फुटबॉल लीग 2025 युवा एथलीटों के लिए संरचित, तकनीक-सक्षम प्रशिक्षण पर केंद्रित एक बहु-खेल अकादमी - 27 सितंबर, 2025 को शुरू होगी, जो मुंबई और पुणे दोनों में छह महीने का प्रतिस्पर्धी, तकनीक-संचालित युवा फुटबॉल लेकर आएगी। मुंबई में एक सफल शुरुआती सीजन के बाद, लीग का विस्तार पूरे क्षेत्र में एक जुड़े हुए ग्रासरूट फुटबॉल पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है। एमएफए और पीडीएफए से आधिकारिक रूप से संबद्ध है।

# दलीप ट्रॉफी: गिल, जुरेल-ईश्वरन नहीं खेल पाए पहला मुकबला, शमी की वापसी

**● गिल को नॉर्थ जोन की टीम का कप्तान बनाया गया था लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह पहला मैच नहीं खेल पाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** शुभमन गिल ईस्ट जोन के खिलाफ भारतीय घरेलू क्रिकेट के पहले दलीप ट्रॉफी मुकाबले में नहीं खेल पाए हैं, गिल की तबीयत पूरी तरह ठीक नहीं थी। गुरुवार को बीसीसीआई के बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में दलीप ट्रॉफी के क्वार्टर फ़ाइनल मुकाबलों की शुरुआत हो गई है। गिल को नॉर्थ जोन की टीम का कप्तान बनाया गया था, लेकिन तबीयत खराब होने की वजह से वह पहला मुकाबला नहीं खेल पाए। गिल को कौन सी बीमारी हुई है, इसकी जानकारी ने बीसीसीआई ने अब तक आधिकारिक तौर पर साझा नहीं की है। हालांकि इस बात की पूरी उम्मीद है कि वह 9 सितंबर से अबु धाबी में शुरू होने वाले एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले फिट हो जाएंगे। दलीप ट्रॉफी के पहले मुक.



ाबले में उनकी अनुपस्थिति में हरियाणा के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज अंकित कुमार नॉर्थ जोन की टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जबकि सर्विसेज के बल्लेबाज शुभम रोहिल्ला ने गिल के स्थान पर टीम में जगह बनाई है। गिल ने कप्तान के रूप में अपनी पहली सीरीज, तेंदुलकर-एंडरसन ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन किया था, जहां उन्होंने पांच मैचों में 75-40 की औसत से 754 रन बनाते हुए कई रिकॉर्ड ध्वस्त किए थे। उन्हें एशिया कप के लिए भारतीय टीम का उप-कप्तान भी बनाया गया है। गिल के अलावा, नॉर्थ जोन की टीम में एशिया कप जाने वाले दो और सदस्य हैं: हर्षित राणा और अर्शदीप सिंह, जो इस मैच के दौरान एक्शन में रहेंगे। उधर ईस्ट जोन की टीम में भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी चोट के बाद वापसी कर रहे हैं। वहीं ईस्ट जोन की टीम को भी झटका लगा है, उनके कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन बुखार के कारण बाहर हो गए हैं। ऑलराउंडर रियान पराग दलीप ट्रॉफी के पहले मैच में ईस्ट जोन की कप्तानी कर रहे हैं। तो वहीं विकेटकीपर-बल्लेबाज ध्रुव जुरेल, जिन्हें नॉर्थ ईस्ट जोन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में सेंट्रल जोन का कप्तान बनाया गया था, वह भी चोट की वजह से बाहर हो गए हैं।

## आगामी घरेलू सत्र से पहले विजय ने शंकर तमिलनाडु को दिया झटका

**चेन्नई, वार्ता।** आगामी घरेलू सत्र 2025-26 के लिए ऑलराउंडर विजय शंकर ने अपने गृह राज्य तमिलनाडु को छोड़ने का फैसला कर लिया है। 34 वर्षीय विजय को इस संबंध में तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन (टीएनसीए) की ओर से नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट भी मिल गया है।

बुची बाबू टूर्नामेंट में शंकर ने चेन्नई में हिमाचल प्रदेश के खिलाफ टीएनसीए इलेविन की ओर से खेला था लेकिन ईएसपीएनक्रिकइंफो को पता चला है कि जब उन्हें महाराष्ट्र के खिलाफ दूसरे मैच में बाहर बैठाया गया तो उन्होंने राज्य बदलने का फैसला कर लिया, शंकर ने निरंतर मौकों की तलाश में यह निर्णय लिया है। 2024-25 के घरेलू सत्र में शंकर को रणजी ट्रॉफी में पहले दो मैच खेलने के अवसर मिले और सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के अधिकतर मुक़ाबलों में वह प्लेइंग इलेवन से बाहर रहे थे। इस फैसले के साथ तमिलनाडु के साथ शंकर का 11 वर्षों का कार्यकाल समाप्त हो गया, इस दौरान उन्होंने अपनी अगुवाई में अपने राज्य की टीम को विजय हजारे, देवधर और सैयद मुश्ताक अली खिताब जिताने में मदद की थी। दिसंबर 2012 में रणजी ट्रॉफ़ी डेब्यू के बाद उन्होंने मध्य क्रम में एस बद्रीनाथ की जगह भरने का प्रयास किया था और इस दौरान बल्लेबाजी क्रम में उन्हें बी इंद्रजीत का भी भरपूर साथ मिला।

शंकर ने तमिलनाडु के लिए रणजी ट्रॉफी की 81 पारियों में 44-25 की औसत से 3142 रन बनाए जिसमें 11 शतक और 16 अर्धशतक शामिल थे। उन्होंने अपनी मध्यम गति की तेज गें. दबाजी से रणजी ट्रॉफी में 53-93 की औसत से 43 विकेट भी हासिल किए।

# तेज रफ्तार स्कूल बस ने ली दुकानदार की जान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र में एक तेज रफ्तार स्कूल बस ने अपनी दुकान के आगे सफाई कर रहे दुकानदार को कुचल दिया, हादसा इतना जबरदस्त था कि दुकानदार की मौके पर ही मौत हो गई, घटना की जानकारी लगते ही दुकानदार के परिवार में कोहराम मच गया है।

पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुकानदार के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।वहीं घटना के बाद बस चालक बस लेकर मौके से फरार हो गया. एक महीने में स्कूल कॉलेज की बस से यह



तीसरी घटना हैं. मौके पर पहुंचे परिजनों ने जमकर हंगामा काटा पुलिस ने किसी तरह लोगों को शांत कराया। इस पूरी घटना का सीसीटीवी भी सामने आया हैं। बता दें कि सिविल लाइन्स थाना क्षेत्र के आदर्श कॉलोनी में सोवीर सिंह की दुकान हैं। वह गुरुवार की सुबह अपनी दुकान के सामने सफाई कर रहा था,उसी समय एमआईटी वर्ल्ड स्कूल की बस ने उसे कुचल दिया, जब आसपास खड़े लोगों ने शोर मचाया तो बस चालक ने बस को आगे पीछे किया और बस लेकर फरार हो गया,वहीं दुकानदार सोवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गयी, हादसे की जानकारी लगते ही मृतक के परिजनों ने जमकर हंगामा किया।


सूचना लगते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और लोगों को शांत कराने के साथ ही दुकानदार के शव का पंचनाव भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# परमेश्वर लाल सैनी एवं अंकित जैन ने मुख्यमंत्री से की भेंट



**चन्दौसी।** कालिदास मार्ग लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर परमेश्वर लाल सैनी (पूर्व संभल लोकसभा प्रत्याशी एवं पूर्व एमएलसी) तथा अंकित जैन (जिला कोषाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी) ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की। इस दौरान संभल जनपद के विकास को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया कि जिले में कोई बड़ी इंडस्ट्री स्थापित की जाए, जिससे युवाओं को रोजगार मिल सके। साथ ही संभल के तीर्थ स्थलों के विकास पर भी विस्तार से चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि संभल एवं इसके तीर्थ क्षेत्रों के विकास हेतु सकारात्मक कदम उठाए जाएंगे। जनपद संभल में पीएसी बटालियन तथा सीमा सुरक्षा बल की छावनी स्थापित करने का भी निवेदन किया गया। इसके अतिरिक्त चंदौसी, संभल व गजरौला रेल लाइन की लंबे समय से लंबित मांग को भी पुन: मुख्यमंत्री के सम्मुख रखा गया। चंदौसी में भगवान श्रीगणेश एवं भगवान श्रीराम की प्रतिमाओं के अनावरण हेतु भी निवेदन किया गया। अंत में मुख्यमंत्री को भगवान श्रीगणेश की प्रतिमा भेंट की गई तथा चंदौसी के सुप्रसिद्ध भगवान गणेश मेले और भव्य रथयात्रा की जानकारी विस्तार से दी गई।

# गोल्ड मेडलिस्ट मोहम्मद कैफ को पूर्व पालिकाध्यक्ष ने किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** पुरानी दुर्लभ कारों को मूल रूप में सहेज. कर रखने के लिए देशभर में बिलारी को प्रसिद्धि दिलाने वाले पूर्व पालिका अध्यक्ष साहू सुनील सहाय ने नगर के प्राचीन शंकर भवन में नगर के वेट लिफ्टर व रशिया से गोल्ड मेडल जीतने वाले मोहम्मद कैफ को सम्मानित किया। साहू सुनील सहाय ने कहा कि हमें यकीन है जल्द मोहम्मद कैफ ओलम्पिक गेम खेलेंगे और बिलारी का नाम फिर एक बार पूरी दुनिया में रोशन करेंगे। इस दौरान उन्होंने कैफ के माता-पिता अफरोज जहां व डॉक्टर नफीस और उनके भाई नोमान जमाल को भी मुबारकबाद दी। कार्यक्रम में आए सभी गणमान्य लोगों ने कैफ को फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया और स्मृति चिन्ह देकर पालिका अध्यक्ष ने उन्हें सम्मानित किया। इस दौरान नगर के कई गणमान्य लोगों ने उपस्थित होकर कैफ का हौसला बढ़ाया। साहिन बीना सहाय, जियाउदद्दीन शेख,जगदीश प्रसाद गुप्ता,श्रीकांत गुप्ता, नरेश गुप्ता,महेश गुप्ता ,शीलू गुप्ता, अशोक कुमार गुप्ता,गिरीश गर्ग, दिनेश कुमार शर्मा,दीप कुमार, इत्यादी लोग मौजूद रहे।

## हत्या में पति को आजीवन कारावास, 2021 में हुई थी हत्या

**कांठ।** थाना छजलैट क्षेत्र में चार साल पहले हुई महिला की हत्या के मामले में एडीजे-9 अरुण कुमार तृतीय की अदालत ने पति को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोषी पर 75 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

छजलैट थाने में 30 जून 2021 को निधि गांव निवासी ऋषिपाल सिंह ने केस दर्ज कराया था जिसमें उन्होंने बताया कि संभल जिले के रजपुरा थानाक्षेत्र के कमालपुर निवासी काले उर्फ कल्लू उर्फ कल्याण उनके घर कृषि कार्य करने आया था। वह अपनी पत्नी पूजा और बच्चों के साथ उनके घर ही रहता था और कृषि कार्य करता था। एक मई 2021 को काले पत्नी को साथ लेकर खेत पर काम करने गया था। शाम को काले वापस आ गया लेकिन उसकी पत्नी वापस नहीं आई।पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसकी पत्नी पूजा अपने प्रेमी के पास आगरा चली गई। ऋषिपाल सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा तो काले ने मना कर दिया और इधर-उधर की बातें करने लगा। एक दिन शराब के नशे में काले अपने बच्चों को धमका रहा था कि शोर शराबा करोगे तो तुम्हारी मां की तरह तुम्हें भी मार दूंगा। शक होने पर ऋषिपाल ने पुलिस को सूचना दे दी। इसके बाद पुलिस ने काले को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने कबूला था कि पूजा की हत्या कर लाश ऋषिपाल के गन्ने के खेत से दबा दी है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर लाश बरामद की थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे-9 अरुण कुमार तृतीय की अदालत में चली। अदालत ने मुलजिम को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा और 75 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

## मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कांठ समेत सात डॉक्टरों का वेतन रोका

**कांठ।** परिवार कल्याण कार्यक्रम में मुरादाबाद की स्थिति प्रदेश में बेहद पिछड़ गई है। इस पर नाराजगी जताते हुए सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने परिवार कल्याण के नोडल समेत सात डॉक्टरों का वेतन रोकने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा है कि सभी डॉक्टर तीन दिन में सुधार की आख्या व स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें। कांठ, बिलारी, डिलारी, कुंदरकी व भोजपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी और ताजपुर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा प्रभारी अमित सक्सेना के साथ नोडल व डिप्टी सीएमओ डॉ. संजीव बेलवाल का नाम इसमें शामिल है। सीएमओ ने कहा है कि स्थिति में सुधार होने तक वेतन जारी नहीं किया जाएगा।

## विक्रम यादव बने समाजवादी पार्टी में जिला उपाध्यक्ष



**कांठ।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर कांठ निवासी विक्रम सिंह यादव को जिला उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। उन्होंने विक्रम सिंह यादव से अपने पद के दायित्व का निर्वहन करते हुए निष्ठा ईमानदारी के साथ पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने की उम्मीद जताई और कहा कि इस मनोनय से पार्टी को और भी मजबूती प्रदान होगी।

## सुमित के हत्यारों तक कड़ी से कड़ी मिलाकर पहुंचने का प्रयास



**चन्दौसी।** कक्षा 10 के छात्र सुमित की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। सुमित को उसकी दोनों बहन मेनहत मजदूरी करके पढ़ा रही थीं, उन्हें तनिक भी अंदाजा नहीं था कि उनका 16 वर्षीय भाई दुनिया से चला जायेगा। फिलहाल सुमित के हत्यारे भले ही खुलेआम घूम रहे हों परंतु शीघ्र ही नृशंस हत्या करने वाले जेल सलाखों के पीछे होंगे। पुलिस की टीम लगाकार हत्यारों तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। एएसपी राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि 25 अगस्त को चन्दौसी कोतवाली क्षेत्र में दो घटनाएं हुई थीं, एक घटना 16 वर्षीय हाईस्कूल के छात्र सुमित की हत्या व दूसरी रामबाग धाम के पीछे नाले में शव का मिलना जिसका सिर नहीं था। आशंका है कि शव को कहीं से लाकर डाला गया हो अथवा अधिक दिनों तक नाले में पडेध्होने के कारण शव क्षत-विक्षत हो गया हो। फिलहाल उस शव की पहचान नहीं हो पाई जिस कारण 72 घंटों के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है परंतु सुमित हत्याकांड में पुलिस की टीम लगातार हत्यारों तक पहुं. चने का प्रयास कर रही हैं, पूंछताछ के लिए दो लड़कों को बुलाया था, उन्हें छोड़ दिया गया है। फिलहाल पुलिस को मामला किसी नजदीकी बेहद जान पहचान वाला लग रहा है। हत्या करते समय बेहद चालाकी से काम लिया गया है, पहले रबड़ के दस्ताने खरीदे, फिर साजिश के तहत धान व बाजरे के खेत में जाकर गला काटकर नृशंस हत्या कर दी गई।

हालांकि पुलिस को खेत के आसपास हत्या में प्रयुक्त हथियार नहीं मिला है। केवल रक्त रंजित दस्ताने मिले हैं। हालांकि मृतक सुमित के परिवार में दो बहन व एक भाई है। सुमित बहन भाईयों में सबसे छोटा था और माता-पिता की मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है। फिलहाल छोटे भाई की हत्या से बहन-भाई का रो-रोकर बुरा हाल है।

## सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाया

**चन्दौसी।** सरकारी जमीन पर अवैध रुप से कब्जा कर रखा था जिसकी शिकायत उपजिलाधिकारी से की गई। आखिर हल्का लेखपाल से जांच कराई गई तो 06 बीघा जमीन में से डेढ़ बीघा जमीन संभल के आरिफ हिलाल ने अवैध रुप से कब्जा किया हुआ था। गुरुवार को तहसीलदार धीरेन्द्र सिंह नगरपालिका कर्मियों एवं राजस्वकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे जहां हल्का लेखपाल द्वारा नपत करने के उपरांत पाया गया कि आरिफ व हिलाल निवासी संभल ने दबंगी के बल पर जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, उसको बुल्डोजर द्वारा हटाया गया। यहां बताते चलें कि अब तारीखों की बजाय बाबा का बुल्डोजर तेजी से न्याय दिलवा रहा है जिससे गरीबों को दबंगों से त्वरित न्याय मिल रहा है।

# काउंसलिंग के मामले में एस.एम. कॉलेज को राहत

### न्यायालय का अंतिम आदेश नहीं आया कॉलेज के पक्ष में तो छात्रों को होगी परेशानी

■ **गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय के आदेश के खिलाफ नहीं मिला स्थगन**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश में एस.एम. कॉलेज चन्दौसी को अंतरिम राहत प्रदान करते हुए 2025-26 की चल रही बी.एड. काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति दी है। मामला यह है कि एस.एम. कॉलेज का नाम गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय मुरादाबाद द्वारा प्रकाशित मान्यता प्राप्त कॉलेजों की सूची में शामिल नहीं किया गया था। महाविद्यालय की ओर से रिट केस नंबर 27236/2025, कोर्ट नंबर 32 में दायर की गई। महाविद्यालय की ओर से अधिवक्ता ने दलील दी कि यह कार्रवाई मनमानी और अवैध है तथा छात्रों के हितों के विपरीत है। उन्होंने अदालत से मांग की कि विश्वविद्यालय को संस्था का नाम सूची में जोड़ने का निर्देश दिया जाए। वहीं, विश्वविद्यालय की ओर से पेश अधिवक्ताओं ने कहा कि याचिकाकर्ता संस्था विश्वविद्यालय द्वारा तय मानकों को पूरा नहीं करती, इसी कारण उसका नाम सूची में शामिल नहीं किया गया। न्यायमूर्ति चन्द्रधारी सिंह की अदालत ने 28 अगस्त 2025 को सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद माना कि मामला विचारणीय है और अंतिम निर्णय अभी शेष है लेकिन चूंकि काउंसलिंग प्रक्रिया पहले से जारी है, इसलिए छात्रों के हित को देखते हुए याचिकाकर्ता संस्था को काउंसलिंग में शामिल करने का अंतरिम आदेश जारी किया गया।

अदालत ने प्रतिवादियों को निर्देश दिया कि वे चार सप्ताह में काउंटर हलफनामा दाखिल करें। इसके बाद याचिकाकर्ता को दो सप्ताह में प्रत्युत्तर दाखिल करने का अवसर मिलेगा।

# जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माणाधीन पेयजल परियोजनाओं की प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) फेज 2 और फेज 3 के अंतर्गत जनपद में निर्माणाधीन परियोजनाओं की भौतिक प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन (ग्रामीण) श्री फराहीम अहमद को निर्देशित किया कि वे कार्यदाई संस्थाओं द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य जा रहे रोड रेस्टोरेशन कार्य की तकनीकी जांच अपने विभागीय अवर अभियंताओं के माध्यम से कराएं। पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़कों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार दुरुस्त कराने की प्रक्रिया में तेजी लाने और जहां रोड रेस्टोरेशन हो चुका है परंतु बारिश के दौरान सड़क धंसने की या अन्य शिकायतें आ रही हैं उन्हें भी त्वरित रूप से संज्ञान लेकर दुरुस्त कराएं। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि डीपीआरओ ऐसे सभी ग्राम पंचायतों के रोड रेस्टोरेशन की फोटो प्राप्त करके रिपोर्ट तैयार कराएंगे जहां पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिलाधिकारी ने रोड रेस्टोरेशन की स्थिति के साथ ही निर्माणाधीन ओवरहेड टैंक, पाइप लाइन बिछाने और वर्तमान में सुचारु रूप से संचा. लित परियोजनाओं की स्थिति के बारे में विस्तृत समीक्षा की। जनपद में जल जीवन मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत एनकेजी प्राइमस और एलसी इंफ्रा कार्यदाई संस्थाएं नामित हैं। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान नाराजगी जाहिर करते हुए इन दोनों कार्यदाई संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सख्त निर्देश दिए कि वे मैनपॉवर बढ़ाएं और कार्य में तेजी लाएं। जनपद में हर घर जल योजना के अंतर्गत कार्यवाही संस्था एनकेजी प्राइमस को 393 तथा एलसी इंफ्रा को 210 परियोजनाओं पर कार्य कराने की जिम्मेदारी दी गई है। एलसी इंफ्रा के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि 210 परियोजनाओं के सापेक्ष 142 पेयजल परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है तथा आगामी एक माह के भीतर प्रगति लाते हुए कम से कम 160 परियोजनाओं को संचालित करा दिया जाएगा। एनकेजी प्राइमस संस्था की खराब प्रगति को लेकर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि यदि परियोजनाओं को प्रभावी बनाने में तेजी नहीं लाई गई तो अनुबंध निरस्त करने के लिए शासन को पत्र प्रेषित कर दिया जाएगा। कार्यदाई संस्था के प्रोजेक्ट मैनेजर ने बताया कि 393 पेयजल परियोजनाओं के सापेक्ष 85 पेयजल परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति कराई जा रही है तथा आगामी एक माह में 150 परियोजनाओं में पेयजल आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि दोनों कार्यदाई संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर ऐसी परियोजनाओं को तत्काल शुरू कराने पर जोर दें जो कार्य समाप्ति के अंतिम चरण में हैं। इस अवसर पर कार्यदाई संस्थाओं के प्रोजेक्ट मैनेजर के साथ ही जल जीवन मिशन ग्रामीण के अवर अभियंता एवं अन्य संबंधित अधिकारी गण मौजूद रहे।

## रथयात्रा में दर्शकों की रही भारी भीड़

**चन्दौसी।** रथयात्रा के दौरान पुलिस बल की भारी व्यवस्था की गई थी, चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। एएसपी/सीओ अनुज चौधरी स्वयं गणेश मंदिर के सामने व्यवस्था संभाल हुए थे। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी, जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई, ब्लाक प्रमुख डा. सुगंधा सिंह भगवान गणेश की महाआरती की गई। रथयात्रा के दौरान भारी भीड़ रही। रथयात्रा में एक्सिस बैंक कर्मी का 60 हजार रु. की कीमत का मोबाइल रथ के पास गिर गया परंतु भीड़ के कारण वह उठा नहीं पाया। जैसे ही रथ आगे बढ़ा बैंककर्मी ने मोबाइल तलाश किया परंतु मिल नहीं पाया। वहीं भीड़ के चलते बिसौली गेट के आसपास कुछ असावधानी से चलने वाले लोगों के मोबाइल पर उचक्के ने हाथ साफ कर दिया। इधर इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित कुमार, मेला इंचार्ज सत्येन्द्र पंवार का मानना था कि दर्शकों के मोबाइल लापरवाही के कारण गिरे हैं और भीड़ के कारण वह उठा नहीं पाए। इधर गणेश मंदिर पर सबसे अधिक आकर्षण का केन्द्र एएसपी/सीओ चन्दौसी अनुज चौधरी रहे।

## पर्युषण महापर्व का प्रथम दिन उत्तम क्षमा धर्म के रूप में मनाया गया



**बिलारी।** पर्यूषण पर्व के प्रथम दिन श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर बिलारी में सुबह सभी जैन धर्म के पुरुष एवं महिलाएं एवं बच्चे एकत्रित हुए सर्वप्रथम शुद्ध जल द्वारा बेदी में विराजमान सभी प्रतिमाओं का जल अभिषेक किया गया उसके उपरांत शुद्ध जल द्वारा श्री शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा की शांति धारा की गई उसके बाद सामूहिक पूजा पाठ में देव शास्त्र गुरु चौबीसी भगवान ऋषभदेव भगवान सोलह कारण श्री पार्श्वनाथ भगवान श्री चंद्र प्रभु की पूजा की गई इस शुभ अवसर पर कौशल जैन ने बताया कि संसार में प्राणी को दूध और पानी के समान घुल मिलकर सदैव प्रेम से रहना चाहिए कभी भी हृदय के आंगन में क्रोध की अग्नि नहीं जलने देनी चाहिए क्योंकि क्रोध माह दुखदाई है कमठ का जीव पार्श्वनाथ पर क्रोध करने के कारण नरक का दुख सहन करता है और क्षमता को धारण कर पार्श्वनाथ अपने भब दुख को समाप्त करते हैं अत: क्रोध को छोड़कर क्षमा को धारण करना चाहिए इस अवसर पर उपस्थित रहे राकेश जैन कौशल जैन विनोद जैन संजय जैन अभिषेक जैन राकेश कुमार जैन शशांक जैन प्रतीक जैन रजत जैन विपुल जैन रीता जैन सीमा जैन रेखा जैन शिल्पी जैन चारू जैन शगुन जैन कल्पना जैन गरिमा जैन आशा जैन निधि जैन मिशिता जैन रेनू जैन पूजा जैन मानसी जैन शशि जैन नेहा जैन खुशी जैन आर्याश जैन दर्शील जैन तनिष्क जैन यश जैन समीर जैन सुरभि जैन लवी जैन वर्णिका जैन तंदुल जैन अक्षया जैन सर्वांग जैन अन्वी जैन।

## त्योहारों को शांति पूर्वक मनाने में पुलिस का सहयोग करें: नईम रज़ा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हरथला गुलाब बाग अमन कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हरथला स्थित आजाद नगर में सम्पन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष नईम रजा ने कहा कि अमन कमेटी हरथला क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में सीओ सिविल लाइन एवं सिविल लाइन थाना प्रभारी और हरथला चौकी स्टाफ का सहयोग करती आ रही है और करती रहेगी। उन्होंने कहा कि सभी धार्मिक त्योहार और जुलूसों में अमन कमेटी के सदस्य पुलिस सहायक के तौर पर सिविल लाइन पुलिस का सहयोग करते रहेंगे और हरथला क्षेत्र के सभी मोहल्लों में छोटे-छोटे सद्भावना कैंप लगाकर लोगों को जागरूक करते रहेंगे। श्री रजा ने कहा कि हमारी कमेटी हर धर्म का सम्मान करती है और सभी धर्म के लोगों को साथ लेकर चलने वाली कमेटी है। अमन कमेटी मेंबर हरथला से निकलने वाले जुलूस में यातायात व्यवस्था को देखकर सभी चौराहों पर अमन कमेटी सदस्य पुलिस सहायक के तौर पर तैनात होकर यातायात व्यवस्था संभालेंगे। बैठक में क्षेत्र वासियों के साथ अध्यक्ष नईम रजा, उप संस्थापक फैजान सलमानी, अकरम चौधरी, शराफत, नूर हसन, जयवीर, नईम अल्वी, मोहम्मद हसमत, तुफैल, नहिद हुसैन, आदि लोग मौजूद थे। सभी ने मिलकर निर्णय लिया कि अमन कमेटी हरथला क्षेत्र में शांति और सौहार्द बनाए रखने में अपना योगदान देगी। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष नईम रजा व संचालन उप संस्थापक फैजान सलमानी ने किया।

## एक नजर

### ठेकेदार की लापरवाही पड़ी मौहल्ले वालों को भारी, उठाई स्लेव ठीक कराने की मांग



**कांठ।** ठेकेदार की लापरवाही आज मोहल्ले के लोगों को भारी पड़ गई लोगों ने नाले पर डाले गए स्लेव को ठीक कराने की मांग उठाई है। मामला वेलकम कॉलोनी से जुड़ा है मुख्य मार्ग से कॉलोनी के अंदर जाने वाले रास्ते के नाले पर टूटे हुए स्लेव को ठेकेदार द्वारा निर्माण कराया गया था लेकिन निर्माण के समय सड़क का पानी नाले में जाने के लिए कोई रास्ता नहीं छोड़ा गया जिससे स्लेव ऊंचा होने के कारण बारिश का पानी सड़क के दोनों और रुक गया। इससे इससे दुकानों के सामने जल भराव की स्थिति पैदा हो गई सड़क किनारे अलग-अलग विभागो द्वारा किए जा रहे खुदान के कारण जल भराव ने कीचड़ का रूप ले लिया।

इससे लोगों की ओर परेशानी बढ़ गई उस वक्त तो आसपास के लोगों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया लेकिन आज बारिश पड़ी तो परेशानी का सामना दुकानदारों को करना पड़ा। उन्होंने संबंधित ठेकेदार से स्लेव के दोनों और रोशनदान छोड़े जाने की मांग उठाई है।

### जनशिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर भी मंडलायुक्त सख्त, उपायुक्त श्रम रोजगार के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश



**मुरादाबाद।** मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यों में शिथिल पर्यवेक्षण पर जनपद अमरोहा, सम्भल और बिजनौर के अधिशासी अभियंता जल जीवन मिशन (ग्रामीण) को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है। मंडलायुक्त को इन जनपदों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ओवरहेड टैंक के निर्माण, पाइपलाइन बिछाने, सड़क पुनर्स्थापन और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में गंभीर कमियां मिलीं हैं। इसके साथ ही पेयजल आपूर्ति और सड़क पुनर्स्थापन को लेकर आमजन की शिकायतों के निस्तारण को लेकर भी इन अधिशासी अभियंताओं द्वारा उदासीनता बरतने पर मंडलायुक्त द्वारा यह कार्यवाही की गई है। जन शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और मंडल में मंडलायुक्त द्वारा समय-समय पर आयोजित बैठकों के दौरान भी अधिकारियों को आमजन की शिकायतों और समस्याओं के प्रति संवेदनशील होकर समाधान कराने के निर्देश दिए जाते रहे हैं। बैठक में मंडलायुक्त ने शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने और कुछ मामलों में दोषी पक्षों के विरुद्ध कार्यवाही न किए जाने पर उपायुक्त श्रम रोजगार श्री रामपाल भगत के विरुद्ध कार्यवाही के लिए प्रकरण शासन को भेज दिया है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर अधिकारियों को निर्देशित किया कि पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही किसी भी दशा में क्षम्य नहीं होगी और निश्चित रूप से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा



**कांठ।** शैक्षिक महा संघ के पदाधिकारी आज खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचे और खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार को हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान संकल्प पत्र सोपा।

बताया गया कि शैक्षिक उन्नयन तथा शिक्षकों के मनोबल संवर्धन हेतु अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ द्वारा किए जा रहे प्रयासों की उन्होंने सराहना की। ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव के मुताबिक संघ ने हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान राष्ट्रव्यापी अभियान की शुरुआत की है जिसमें 1 सितंबर को देश के 5 लाख से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों की सहभागिता होनी है इस कार्यक्रम के द्वारा शिक्षक और विद्यार्थी हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का साझा संकल्प लेने वाले हैं। इस अवसर पर गौरव यादव रामानंद यादव सुशांत चौहान संदीप पवार जागृति चौहान अंजलि गहलोत उपासना बिश्नोई रोहित कुमार शुभम बिश्नोई गौतम सिंह सुमित बिश्नोई गौरव सिंह मनजीत सिंह शुभम लंबा आदि मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शुक्रवार, 29 अगस्त 2025

# यात्रा के बीच आतंकी

बिहार में राहुल के वोटर अधिकार यात्रा के 12वें दिन कुछ आतंकवादियों के बिहार में घुसने की बात सामने आई है, जिसके चलते वहां आतंकी एलर्ट भी जारी कर दिया गया है। सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के बाद राहुल की यात्रा के दौरान अतिरिक्त सुरक्षा भी बढ़ा दी गई है। जिस तरह वोटर अधिकारी यात्रा के सुरक्षा कार्यक्रम में बड़ा बदलाव दिखा, उससे साफ है कि खतरा भी बड़ा है। गुरुवार को राहुल गांधी की यात्रा सीतामणि में पहुंचे, वहां उनका जगह-जगह स्वागत हुआ। सीतामणि में कैंप के बाद वह सीधे जानकी मंदिर पहुंचे, यहां उनके स्वागत के लिए कई मंच थे, लेकिन राहुल बिना रुके सीधे मंदिर दर्शन गए और तय कार्यक्रम के अनुसार उनका जो रोड शॉ होना था, उसको सुरक्षा कारणों से रद्द कर दिया गया। इतना ही नहीं राहुल गांधी खुली गाड़ी की जगह पूरी तरह बंद गाड़ी से यात्रा कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि ये आतंकवादी जैश-ए-मोहम्मद से संबंध रखते हैं और नेपाल के रास्ते बिहार में प्रवेश कर गए हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मामला है। हालांकि अभी यह नहीं कहा जा सकता कि आतंकवादियों का क्या मकसद है, लेकिन इससे राहुल गांधी की यात्रा कहीं न कहीं जरूर प्रभावित होती दिखाई दे रही है, लेकिन एक बात साफ है कि तमाम बातों के बावजूद राहुल गांधी के तेवरों में किसी तरह की नर्मी आती दिखाई नहीं दे रही है और अब तो उन्होंने कर्नाटक के बाद लोकसभा व हरियाणा के चुनाव में हुई वोट चोरी का भी पर्दाफाश करने की बात कह डाली। उन्होंने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि 2024 के लोकसभा और हरियाणा विधानसभा में हुई वोट चोरी का प्रमाण के साथ खुलासा करेंगे। निश्चित रूप से राहुल गांधी वोट चोरी के मुद्दे को कैश करने में काफी हद तक सफल होते दिखाई दे रहे हैं, जिस तरह बिहार की जनता ने उनकी बात पर ध्यान दिया है, वह केंद्र में बैठी मोदी सरकार के लिए कहीं न कहीं जरूर असहज की स्थिति पैदा करता है। भले ही केंद्र में बैठी सरकार राहुल गांधी के आरोपों को सिरे से नकार रही है, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि कहीं न कहीं वह सहमी हुई दिखाई दे रही है और ठीक से बचाव करने की मुद्रा में दिखाई नहीं पड़ती। असल में जिस तरह इस पूरे मामले से निपटना चाहिए था केंद्र सरकार, उस तरह निपट नहीं पा रही है। होना तो यह चाहिए था कि केंद्र सरकार बिना किसी का पक्ष लिए नेता प्रतिपक्ष के आरोपों की जांच कराने का आश्वासन देती, लेकिन इसके उलट वह पूरी तरह चुनाव आयोग के पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। जोकि ठीक नहीं है और कहीं से भी तर्कसंगत नहीं है। जाहिर है केंद्र सरकार के लिए मौजूदा हालात बिल्कुल भी इसके अनुकूल दिखाई नहीं दे रहे हैं और एक के बाद एक वह ऐसी गलती कर रही है, जिससे विपक्षी दलों में जहां एकजुटता बढ़ रही है, वहीं वह अपनी बात को और प्रभावशाली ढंग से कह रहे हैं। अब तो राहुल गांधी खुलकर अपने भाषणों में सीधे प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साध रहे हैं और मुख्य चुनाव आयोग का सरकार के साथ मिलकर काम करने की बात कह रहे हैं।

## राष्ट्रगान व राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए



टीएमसी किसी को भी लोगों का मताधिकार नहीं छीनने देगी, भाजपा बंगालियों पर भाषायी आतंक फैला रही है, भाजपा ने वोटर लिस्ट से मतदाताओं के नाम हटाने के मकसद से करवाए जा रहे सर्वे के लिए दूसरे राज्यों से 500 से ज्यादा टीमें बंगाल में भेजी हैं, लेकिन जब तक मैं जिंदा हूं, किसी को भी मता. धिकार नहीं छीनने दूंगी, आप खुद जांच करें कि आपका नाम अभी भी लिस्ट में है या नहीं, चुनाव आयोग राज्य सरकार के अधिकारियों को धमका रहा है, भाजपा स्वतंत्रता आंदोलन में बंगालियों की भूमिका को भुलाने की कोशिश कर रही है, अगर बंगाली भाषा ही नहीं है, तो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत किस भाषा में लिखे गए हैं।

**ममता बनर्जी, सीएम, पश्चिम बंगाल**

# त्वरित सफलता के मंत्र: एक भ्रामक प्रलोभन



**रजनीश कपूर**



आज के डिजिटल युग में, जहां सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स ने सूचना के प्रसार को अभूतपूर्व गति दी है, ज्योतिष भी इस डिजिटल क्रांति का हिस्सा बन गया है। यूट्यूब, इंस्टाग्राम, और अन्य सोशल मीडिया मंचों पर ज्योतिष से संबंधित वीडियो की बाढ़ सी आ गई है। इनमें से कई वीडियो दावा करते हैं कि वे त्वरित सफलता के मंत्र, उपाय या टोटके प्रदान करते हैं, जो कुछ ही दिनों में जीवन की समस्याओं को हल कर सकते हैं, लेकिन सवाल यह उठता है कि क्या यह वीडियो वास्तव में लोगों की मदद कर रहे हैं या यह केवल अज्ञानी और अनुभवहीन ज्योतिषियों द्वारा लोकप्रियता और दर्शकों की संख्या बढ़ाने का एक हथकंडा है? दूसरी ओर, पारंपरिक और अनुभवी ज्योतिषी जो जन्म कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद ही उपाय सुझाते हैं, उनकी विश्वसनीयता और प्रामाणिकता की तुलना में यह तथाकथित त्वरित उपाय कितने प्रभावी हैं?

सोशल मीडिया पर उपलब्ध ज्योतिषीय वीडियो में अक्सर आकर्षक शीर्षक देखने को मिलते हैं, जैसे तीन दिन में धन प्राप्ति का चमत्कारी उपाय या इस मंत्र से बदल जाएगी आपकी किस्मत। यह वीडियो आमतौर पर छोटे, तेजी से संपादित और मनोरंजक होते हैं, जो दर्शकों का ध्यान तुरंत खींचते हैं। इनमें बताए गए उपाय सरल और त्वरित लगते हैं, जैसे किसी विशेष रंग का धागा बांधना, कोई मंत्र जपना या किसी वस्तु को घर में रखना। वृंदावन में कई वर्षों से ज्योतिष विद्या कर रहे सुप्रसिद्ध आचार्य राजेश पाण्डे के अनुसार, इन उपायों का कोई वैदिक या ज्योतिषीय आधार नहीं होता। ज्योतिष एक जटिल विद्या है, जिसमें ग्रहों, नक्षत्रों और कुंडली के बारह भावों का गहन अध्ययन शामिल होता है। बिना किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली का विश्लेषण किए, सामान्य उपाय देना न केवल गैर-जिम्मेदाराना है, बल्कि यह लोगों को गलत दिशा में ले जा सकता है। आचार्य पाण्डे जी कहते हैं कि ऐसे वीडियो का उद्देश्य अक्सर दर्शकों की भावनाओं को भुनाना होता है। कम समय में ज्योतिष विद्या कभी भी नहीं सीखी जा सकती।

दिल्ली में कई वर्षों से ज्योतिष विद्या का कार्य कर रहे एक अन्य ज्योतिषाचार्य का विचार है कि आज के समय में, जहां लोग तनाव, आर्थिक समस्याओं और अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, वे त्वरित समाधान की तलाश में होते हैं। इन वीडियो में दिए गए उपाय आशा की किरण की तरह प्रतीत होते हैं, लेकिन वास्तव में यह केवल सतही और अस्थाई प्रभाव डालते हैं। कई बार यह उपाय न केवल अप्रभावी साबित होते हैं, बल्कि लोगों का समय, धन और विश्वास भी बर्बाद करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रामाणिक और अनुभवी ज्योतिषी किसी भी उपाय को सुझाने से पहले व्यक्ति की जन्म कुंडली का गहन अध्ययन करते हैं। ज्योतिष शास्त्र में, प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली अलग होती है, जो उनके जन्म के समय ग्रहों की स्थिति पर आधारित होती है। कुंडली में ग्रहों के गोचर, दशा, अंतर्दशा और विभिन्न योगों का विश्लेषण करके ही यह तय किया जाता है कि व्यक्ति को किस प्रकार के उपाय की आवश्यकता है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में शनि की साढ़ेसाती चल रही है, तो ज्योतिषी विशिष्ट मंत्र, दान, या पूजा की सलाह दे सकते हैं, जो उस व्यक्ति की स्थिति के लिए उपयुक्त हो। यह प्रक्रिया समय लेने वाली और जटिल होती है, लेकिन यह अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होती है। प्रामाणिक ज्योतिषी यह भी समझते हैं कि ज्योतिष केवल भविष्यवाणी या उपाय देने तक सीमित नहीं है। यह एक मार्गदर्शन प्रणाली है, जो व्यक्ति को उनकी ताकत, कमजो. रियों और जीवन की संभावनाओं को समझने में मदद करती है। इसके विपरीत, तथाकथित त्वरित सफलता वीडियो सामान्यीकृत समाधान प्रदान करते हैं, जो हर व्यक्ति पर लागू नहीं हो सकते। उदाहरण के लिए, एक ही उपाय जो एक व्यक्ति के लिए लाभकारी हो सकता है, वह दूसरे के लिए हानिकारक भी हो सकता है, क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति की कुंडली अलग होती है।

यह विचारणीय है कि क्या यह त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले वीडियो केवल लोकप्रियता और दर्शक संख्या बढ़ाने का एक हथकंडा हैं। सोशल मीडिया पर व्यूज, लाइक्स और सब्सक्राइबर्स की संख्या सीधे तौर पर आय से जुड़ी होती है। इसलिए, कई अनुभवहीन या स्वयंभू ज्योतिषी आकर्षक और सनसनीखेज सामग्री बनाकर दर्शकों को लुभाने की कोशिश करते हैं। वे जटिल ज्योतिषीय सिद्धांतों को सरल और त्वरित समाधानों में बदल देते हैं, जो वास्तव में ज्योतिष शास्त्र की गहराई को कमजोर करते हैं।

आचार्य पाण्डे जी के अनुसार, कुछ लोग केवल सतही जानकारी के आधार पर वीडियो बनाते हैं, जो किताबों, इंटरनेट, या अन्य स्रोतों से ली गई होती है। इनमें से कई स्वयंभू ज्योतिषियों के पास न तो औपचारिक प्रशिक्षण होता है और न ही गहन अनुभव। फिर भी, वे अपने आत्मविश्वास, आकर्षक प्रस्तुति और मार्केटिंग रणनीतियों के दम पर लाखों दर्शकों तक पहुंच जाते हैं। यह न केवल ज्योतिष की विश्वसनीयता को कम करता है, बल्कि उन लोगों को भी निराश करता है, जो इन उपायों पर भरोसा करते हैं।

ज्योतिष एक प्राचीन और सम्मानित विद्या है, जिसका उपयोग सदियों से लोगों के मार्गदर्शन के लिए किया जाता रहा है, लेकिन इस तरह के भ्रामक वीडियो इसकी साख को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जब लोग इन तथाकथित उपायों को आजमाते हैं और उन्हें कोई लाभ नहीं मिलता, तो वे न केवल उन वीडियो पर विश्वास खो देते हैं, बल्कि पूरे ज्योतिष शास्त्र पर ही सवाल उठाने लगते हैं। यह उन अनुभवी ज्योतिषियों के लिए भी चुनौती बनता है, जो वर्षों के अध्ययन और अभ्यास के बाद लोगों की मदद करते हैं।

अंत में, यह कहना गलत नहीं होगा कि त्वरित सफलता के मंत्र देने वाले ज्योतिषीय वीडियो अधिकांशत: भ्रामक और लोकप्रियता के लिए बनाए जाते हैं। ए वीडियो लोगों की भावनाओं और आशाओं का शोषण करते हैं, वो भी बिना किसी ठोस आधार के। दूसरी ओर, प्रामाणिक ज्योतिषी, जो कुंडली के गहन विश्लेषण के बाद उपाय सुझाते हैं, अधिक विश्वसनीय और प्रभावी होते हैं। इसलिए, लोगों को चाहिए कि वे ऐसे वीडियो पर आंख मूंदकर भरोसा करने के बजाय, किसी अनुभवी और विश्वसनीय ज्योतिषी से संपर्क करें।ज्योतिष एक विज्ञान और कला का मिश्रण है, जो तभी प्रभावी होता है जब इसे गंभीरता और जिम्मेदारी से अपनाया जाए। त्वरित सफलता का लालच छोड़कर, हमें धैर्य और समझदारी के साथ सही मार्गदर्शन की तलाश करनी चाहिए। तभी हम ज्योतिष के वास्तविक लाभों को प्राप्त कर सकते हैं और इस प्राचीन विद्या की गरिमा को बनाए रख सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# क्या लीथियम याद्दाश्त बचाने में मददगार है

**लीथियम प्राकृतिक रूप से चट्टानों, समुद्री पानी, कुछ सब्जियों जैसे पत्ता गोभी और टमाटर और कुछ क्षेत्रों के पीने के पानी में पाया जाता है। फिर भी विशेषज्ञ इस खोज को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं और एंटी-एमिलॉइड दवाओं में हालिया प्रगति के बावजूद, इसे एक प्रभावी उपचार के रूप में देखते हैं। हालांकि यह नतीजे उम्मीद जगाने वाले हैं, लेकिन महज इन नतीजों के आधार पर लीथियम सप्लीमेंट न लेने लगें।**

लीथियम धातु का उपयोग फोन और लैपटॉप की बैटरियों में किया जाता है, लेकिन चिकित्सा, खासकर मानसिक स्वास्थ्य सम्बंधी चिकित्सा, में भी लीथियम का उपयोग होता है। इसका उपयोग मूडवर्धक के तौर पर सॉफ्ट ड्रिंक तथा बाइपोलर डिसऑर्डर में मूड स्विंग नियंत्रित करने के लिए किया जाता रहा है। और अब नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक हालिया अध्ययन के अनुसार लीथियम याददाश्त और दिमाग की सेहत के लिए भी अहम हो सकता है।

इस अध्ययन में हारवर्ड के न्यूरोसाइंटिस्ट ब्रूस यैंकनर और उनकी टीम ने मृत्यु के पश्चात सैकड़ों बुजुर्गों के मस्तिष्क का अध्ययन किया। इनमें से कुछ को अल्जाइमर था, कुछ में हल्की स्मृतिभ्रंश की समस्या थी, और बाकी पूरी तरह स्वस्थ थे। उन्होंने पाया कि अल्जाइमर और मामूली संज्ञानात्मक समस्या वाले लोगों के मस्तिष्क में लीथियम का स्तर स्वस्थ लोगों की तुलना में कम था और तो और, ऐसे लोगों में जो लीथियम था वह भी ज्यादातर अल्जाइमर से जुड़े एमिलॉइड प्लाक के बीच फंसा था जिससे दिमाग के सामान्य कार्य के लिए और भी कम लीथियम बचा था।

मस्तिष्क में लीथियम का कम स्तर मिलना सिर्फ पहला कदम था। इसके बाद टीम ने जांचा कि क्या लीथियम का स्तर बढ़ाने से मदद मिल सकती है। उन्होंने लीथियम ओरोटेट नामक यौगिक को उन चूहों पर आजमाया जिन्हें आनुवंशिक रूप से अल्जाइमर जैसे लक्षण विकसित करने के लिए तैयार किया गया था। गौरतलब है कि बाइपोलर डिसऑर्डर की चिकित्सा में लीथियम के एक अन्य लवण लीथियम कार्बोनेट का इस्तेमाल किया जाता है।



उन्होंने पाया कि जिन चूहों को पीने के पानी में थोड़ी मात्रा में लीथियम ओरोटेट दिया गया, उनमें एमिलॉइड प्लाक्स या टाउ नहीं बना। यहां तक कि जिन वृद्ध चूहों की याददाश्त कमजोर हो चुकी थी, वे फिर से चीजों को पहचानने और भूल-भुलैया में रास्ता ढूंढने लगे। इसमें सबसे अहम बात यह रही कि इतनी कम मात्रा में लीथियम देने से किडनी या थायरॉयड को वह नुकसान नहीं हुआ जो कभी-कभी लीथियम कार्बोनेट से हो जाता है। दूसरी ओर, जिन चूहों को लीथियम की कमी वाला आहार दिया गया, उनकी याददाश्त कमजोर हो गई और उनके मस्तिष्क में और अधिक प्लाक्स बनने लगे।

गौरतलब है कि लीथियम प्राकृतिक रूप से चट्टानों, समुद्री पानी, कुछ सब्जियों जैसे पत्ता गोभी और टमाटर और कुछ क्षेत्रों के पीने के पानी में पाया जाता है। फिर भी विशेषज्ञ इस खोज को काफी महत्वपूर्ण मानते हैं और एंटी-एमिलॉइड दवाओं में हालिया प्रगति के बावजूद, इसे एक प्रभावी उपचार के रूप में देखते हैं।

हालांकि यह नतीजे उम्मीद जगाने वाले हैं, लेकिन महज इन नतीजों के आधार पर लीथियम सप्लीमेंट न लेने लगें। एक तो अभी यह अध्ययन बस चूहों पर हुआ है, दूसरा डॉक्टर की सलाह के बिना इसे न लें।

**स्रोत फीचर्स**

# मेजर ध्यानचंद: भारत का हॉकी का विजार्ड, खेलों का स्वर्णिम सूरज

**योगेश कुमार गोयल**



खेलों की दुनिया में भारत अब नई ताकत के रूप में उभर रहा है और देश में प्रतिवर्ष हॉकी के पूर्व कप्तान मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मेजर ध्यानचंद की स्मृति में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर विभिन्न खेल स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार दिया जाता है। 29 अगस्त 1905 को उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद में जन्मे ध्यानचंद हॉकी के ऐसे महान खिलाड़ी और देशभक्त थे कि उनके करिश्माई खेल से प्रभावित होकर जब एक बार जर्मनी के तानाशाह हिटलर ने उन्हें अपने देश जर्मनी की ओर से खेलने का न्यौता दिया था, तो ध्यानचंद ने उसे विनम्रतापूर्वक ठुकराकर सदा अपने देश के लिए खेलने का प्रण लिया। हालांकि उन्हें बचपन में खेलने का कोई शौक नहीं था और साधारण शिक्षा ग्रहण करने के बाद वे 16 वर्ष की आयु में दिल्ली में सेना की प्रथम ब्राह्मण रेजीमेंट में सिपाही के रूप में भर्ती हो गए थे। सेना में भर्ती होने तक उनके दिल में हॉकी के प्रति कोई लगाव नहीं था।

सेना में भर्ती होने के बाद ध्यानचंद को हॉकी खेलने के लिए प्रेरित किया हॉकी खिलाड़ी सूबेदार मेजर तिवारी ने, जिनकी देखरेख में ही ध्यानचंद हॉकी खेलने लगे और बहुत थोड़े समय में ही हॉकी के ऐसे खिलाड़ी बन गए कि उनकी हॉकी स्टिक मैदान में दनादन गोल दागने लगी। उनकी हॉकी स्टिक से गेंद अक्सर इस कदर चिपकी रहती थी कि विरोधी टीम के खिलाड़ियों को लगता था, जैसे ध्यानचंद किसी जादुई हॉकी स्टिक से खेल रहे हैं। इसी शक के आधार पर एक बार हॉलैंड में उनकी हॉकी स्टिक तोड़कर भी देखी गई कि कहीं उसमें कोई चुम्बक या गोंद तो नहीं लगा है लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। उन्हें अपने जमाने का हॉकी का सबसे बेहतरीन खिलाड़ी माना जाता है, जिसमें गोल करने की कमाल की क्षमता थी। भारतीय ओलम्पिक संघ द्वारा ध्यानचंद को शताब्दी का खिलाड़ी घोषित किया गया था।



1922 में सेना में भर्ती होने के बाद से 1926 तक ध्यानचंद ने केवल आर्मी हॉकी और रेजीमेंट गेम्स खेले। उसके बाद उन्हें भारतीय सेना टीम के लिए चुना गया, जिसे न्यूजीलैंड में जाकर खेलना था। उस दौरान हुए कुल 21 मैचों में से उनकी टीम ने 18 मैच जीते जबकि दो मैच ड्रा हुए और केवल एक मैच उनकी टीम हारी। मैचों में ध्यानचंद के सराहनीय प्रदर्शन के कारण भारत लौटते ही उन्हें लांस नायक बना दिया गया और उन्हें सेना की हॉकी टीम में स्थाई जगह मिल गई। 1928 में एम्सटर्डम में होने वाले ओलम्पिक के लिए भारतीय टीम का चयन करने हेतु भारतीय हॉकी फेडरेशन द्वारा टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें कुल पांच टीमों ने हिस्सा लिया। ध्यानचंद को सेना द्वारा यूनाइटेड प्रोविंस की ओर से टूर्नामेंट में खेलने की अनुमति मिल गई और अपने शानदार प्रदर्शन के चलते उन्हें ओलम्पिक में हिस्सा लेने वाली टीम में जगह मिल गई। 1928, 1932 और 1936 के ओलम्पिक खेलों में ध्यानचंद ने न केवल भारत का नेतृत्व किया बल्कि लगातार तीनों ओलम्पिक में भारत को स्वर्ण पदक भी दिलाए। भारतीय हॉकी टीम की ओर से 17 मई 1928 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने ओलम्पिक डेब्यू में ध्यानचंद ने तीन गोल करते हुए भारत को 6-0 से जीत दिलाई। एम्सटर्डम में आयोजित उस ओलम्पिक में ध्यानचंद ने सर्वाधिक 14 गोल किए थे। तब वहां के एक स्थानीय अखबार ने उनके शॉट्स से प्रभावित होकर लिखा था कि यह हॉकी नहीं बल्कि जादू था, ध्यानचंद वास्तव में हॉकी के जादूगर हैं। 1932 के लॉस एंजिल्स ओलम्पिक में ध्यानचंद और उनके भाई रूप सिंह ने भारत की ओर से एक मुकाबले में कुल 35 में से 25 गोल किए। उस ओलम्पिक के कुल 37 मैचों में भारत के कुल 330 गोल में से अकेले ध्यानचंद ने ही 133 गोल किए थे। 1936 के बर्लिन ओलम्पिक में तो उन्होंने इतना बेहतरीन प्रदर्शन किया कि तानाशाह हिटलर ने उन्हें हॉकी का जादूगर उपाधि दे डाली, जिसके बाद से हर कोई उन्हें इसी नाम से जानने लगा। हालांकि 1936 के ओलम्पिक खेल शुरू होने से पहले एक अभ्यास मैच के दौरान भारतीय टीम जर्मनी से 4-1 से हार गई थी। उस हार से ध्यानचंद इतने व्यथित हुए कि उन्होंने इस बारे में अपनी आत्मकथा गोल में लिखा, मैं जब तक जीवित रहूंगा, उस हार को कभी नहीं भूलूंगा। उस हार ने हमें इतना हिलाकर रख दिया था कि हम पूरी रात सो नहीं पाए। दो बार के ओलम्पिक चौम्पियन केशव दत्त का ध्यानचंद के बारे में कहना था कि वह हॉकी के मैदान को उस ढ़ंग से देख सकते थे, जैसे शतरंज का खिलाड़ी चेस बोर्ड को देखता है। इसी प्रकार भारतीय ओलम्पिक टीम के कप्तान रहे गुरुबख्श सिंह का कहना था कि 54 साल की उम्र में भी ध्यानचंद से भारतीय टीम का कोई भी खिलाड़ी बुली में उनसे गेंद नहीं छीन सकता था। मेजर ध्यानचंद ने 43 वर्ष की उम्र में वर्ष 1948 में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा। हॉकी में बेमिसाल प्रदर्शन के कारण ही उन्हें सेना में पदोन्नति मिलती गई और वे सूबेदार, लेफ्टिनेंट तथा कैप्टन बनने के बाद मेजर पद तक भी पहुंचे और 1956 में 51 वर्ष की आयु में सेना से मेजर पद से सेवानिवृत्त हुए। उसी वर्ष उन्हें भारत सरकार द्वारा पद्मभूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति के बाद वे माउंट आबू में हॉकी कोच के रूप में कार्यरत रहे और बाद में कई वर्षों तक पाटियाला के नेशनल इंस्टीटड्यूट ऑफ स्पोर्ट्स में चीफ हॉकी कोच बन गए। 3 दिसम्बर 1979 को उन्होंने दिल्ली के एम्स में अंतिम सांस ली। अपने कैरियर में उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ एक हजार से भी ज्यादा गोल दागे। भारत सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद के सम्मान में वर्ष 2002 में नेशनल स्टेडियम का नाम बदलकर मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम कर दिया गया। ध्यानचंद इतने महान हॉकी खिलाड़ी थे कि वियना के स्पोर्ट्स क्लब में उनकी चार हाथों में चार हॉकी स्टिक लिए एक मूर्ति लगाई गई है और उन्हें एक देवता के रूप में दर्शाया गया है। भारत में उनके जन्मदिन को राष्ट्रीय खेल दिवस घोषित किया गया है और इसी दिन विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

ट्रम्प के मंत्री बोले: H-1B वीजा एक स्कैम, फ्लोरिडा गवर्नर ने कहा: अमेरिकियों की नौकरी छीन रहे भारतीय

# टैरिफ के बाद वीजा पर अमेरिका सख्त




■ विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा
■ वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी
■ अमेरिका में जारी होने वाला एच-1बी वीजा लगभग 75 प्रतिशत भारतीयों को मिलता है

**वाशिंगटन।** टैरिफ के बाद अब अमेरिका वर्क वीजा, स्टूडेंट वीजा और ग्रीन कार्ड पर भी सख्ती दिखाने लगा है। सरकार ने नए नियम लाने की तैयारी की है, जिनके तहत विदेशी छात्रों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में आने वाले लोगों और विदेशी पत्रकारों की वीजा अवधि कम की जाएगी।

अभी तक इन लोगों को जरूरत के हिसाब से अमेरिका में रहने की इजाजत थी। लेकिन नए नियम के मुताबिक, विदेशी छात्र और सांस्कृतिक मेहमानों को 4 साल तक का वीजा मिलेगा। विदेशी पत्रकारों को 240 दिन का वीजा मिलेगा। ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि इससे वीजा धारकों की निगरानी आसान होगी और दुरुपयोग पर रोक लगेगी। लेकिन इस फैसले का सीधा असर भारतीय आईटी कंपनियों और अमेरिका में पढ़ने व काम करने वाले भारतीयों पर पड़ सकता है। इस बीच अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हावर्ड लुटनिक और फ्लोरिडा के गवर्नर रान डिसेंटिस ने एच-1बी वीजा को 'घोटाला' बताया है।

डिसेंटिस का कहना है कि इस वीजा का सबसे ज्यादा फायदा भारत के लोगों को मिल रहा है। अमेरिका में जारी होने वाले एच-1बी वीजा का लगभग 75 प्रतिशत भारतीयों को मिलता है। भारत हर साल लाखों इंजीनियरिंग और कंप्यूटर साइंस के ग्रेजुएट तैयार करता है, जो अमेरिका की टेक इंडस्ट्री में बड़ी भूमिका निभाते हैं। इंफोसिस, टीसीएस, विप्रो, काग्निजेंट और एचसीएल जैसी कंपनियां सबसे ज्यादा एच-1बी वीजा स्पान्सर करती हैं। इसीलिए कहा जाता है कि भारत अमेरिका को सामान से ज्यादा लोग यानी इंजीनियर, कोडर और छात्र एक्सपोर्ट करता है। स्टूडेंट (एफ वीजा) और एक्सचेंज वीजा (जे वीजा) को लेकर भी ट्रम्प प्रशासन सख्त है। पहले से नियम यह था कि जब तक छात्र का एडमिशन रहता है, उसे रहने की अनुमति मिलती है। लेकिन अब नया नियम यह है कि छात्र और एक्सचेंज वीजा सिर्फ 4 साल तक ही मान्य होंगे। विदेशी पत्रकारों (आई वीजा) की अवधि 240 दिन तय की जाएगी, जिसे बाद में बढ़ाया जा सकता है। अमेरिका में 1978 से नियम है कि छात्रों और एक्सचेंज वीजा लेने वालों को 'डयूरेशन आफ स्टेटस' के आधार पर एंट्री मिलती थी। यानी अगर किसी छात्र का दाखिला जारी है, तो उसे बिना बार-बार इमिग्रेशन चेक के अमेरिका में रहने की अनुमति मिल जाती थी। इससे वे अपनी पढ़ाई या एक्सचेंज प्रोग्राम खत्म होने तक रुक सकते थे, लेकिन ट्रम्प प्रशासन का कहना है कि यह व्यवस्था 'परमानेंट स्टूडेंट्स' पैदा कर रही है। इसलिए नए नियमों में एफ और जे वीजा की वैधता अधिकतम 4 साल तक सीमित होगी। अगर कोई छात्र या एक्सचेंज प्रोग्राम इससे लंबा है, तो उसे वीजा एक्सटेंशन के लिए अलग से आवेदन करना होगा। भारतीय छात्र अमेरिका में बड़ी संख्या में मास्टर और पीएचडी करने जाते हैं। पढ़ाई के बाद वे ओपीटी प्रोग्राम के जरिए एच-1बी में प्रवेश करते हैं। ट्रम्प प्रशासन इस रास्ते को भी सीमित करने की कोशिश कर रहा है। मंत्री हावर्ड लुटनिक ने कहा कि मौजूदा एच-1बी सिस्टम असल में एक घोटाला है, जो अमेरिकी नौकरियों को विदेशी कर्मचारियों से भर रहा है। उन्होंने दावा किया कि ग्रीन कार्ड और एच-1बी दोनों सिस्टम को बदला जाएगा ताकि अमेरिका सिर्फ टाप टैलेंट को आकर्षित करे। लुटनिक ने कहा कि औसत अमेरिकी की सैलरी 75000 डालर है, जबकि औसत ग्रीन कार्ड यूजर 66000 डालर कमाता है। यानी अमेरिका को घाटा हो रहा है। लुटनिक के मुताबिक ट्रम्प इस सिस्टम को बदलेंगे और 'गोल्ड कार्ड' लाएंगे। वहीं, फ्लोरिडा के गवर्नर रान डेसेंटिस ने आरोप लगाया कि कई कंपनियां अमेरिकी कर्मचारियों को निकालकर एच-1बी कर्मचारियों को रख रही हैं। उन्होंने कहा कि पहले यह दावा किया जाता था कि एच-1बी से दुनिया का सबसे बेहतरीन टैलेंट आता है, लेकिन असलियत में ऐसा नहीं है।



नई दिल्ली। पुराने रेलवे पुल पर खतरे के निशान से ऊपर बहती यमुना नदी।

## भारत-कतर के बीच व्यापार, निवेश संबंध के विस्तार से चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और कतर ने प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक में आर्थिक सहयोग के साथ साथ कारोबार के अवसरों के विस्तार तथा उभरते क्षेत्रों निवेश को प्रोत्साहित करने के विषय में गहन बातचीत की है। इस बैठक में भारतीय दल का नेतृत्व पंकज चौधरी और कतर के दल का नेतृत्व वहां के विदेश व्यापार राज्य मंत्री डॉ अहमद बिन मोहम्मद अल सईद ने किया। चौधरी ने बैठक के बाद सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि इस ऐतिहासिक द्विपक्षीय बैठक में भारत और कतर के बीच व्यापार, निवेश और रणनीतिक सहयोग सहयोग के नए रास्ते खोलने पर गहन चर्चा की गई। चौधरी ने कहा कि दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने, व्यावसायिक अवसरों के विस्तार तथा उभरते क्षेत्रों में निवेश के अवसरों के संवर्धन पर विशेष रूप से चर्चा की।

## ट्रम्प ने भारत पर बेवजह साधा निशाना

■ चीन ने रूस से ज्यादा तेल खरीदा, डेमोक्रेट्स ने टैरिफ को बताया मनमाना

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति में शामिल डेमोक्रेटिक पार्टी के नेताओं ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की है कि उन्होंने रूस से तेल खरीदने के मामले में केवल भारत पर टैरिफ लगाए हैं, जबकि चीन और अन्य देशों को छूट दी गई है, जो ज्यादा मात्रा में तेल खरीद रहे हैं। समिति ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ट्रम्प का केवल टैरिफ से केवल भारत को निशाना बनाना अमेरिकियों को नुकसान पहुंचा रहा है और अमेरिका-भारत संबंधों को कमजोर कर रहा है।

समिति ने ट्रम्प प्रशासन के इरादे पर सवाल उठाते हुए कहा कि ऐसा लग रहा है, जैसे इस मुद्दे के यूक्रेन से कोई लेना-देना नहीं है। एक मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए समिति ने कहा, अगर ट्रम्प प्रशासन ने रूस से तेल खरीदने वाले किसी भी देश के खिलाफ सेकंडरी टैरिफ लागू करने की बात की होती तो बात अलग होती। लेकिन केवल भारत को निशाना बनाने से सबसे उलझन वाली नीति सामने आई है। चीन रूस का सबसे बड़ा तेल आयातक है और अभी भी रियायती दामों पर तेल खरीद रहा है और उसे अभी तक ऐसी कोई सजा नहीं मिली है। समिति की ओर से एक्स पर यह पोस्ट साझा की है। उसी दिन अमेरिका की ओर से भारत पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लागू हुए हैं। इससे पहले अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग (सीबीपी) की ओर से मसौदा नोटिस जारी किया गया था, जिसमें बताया गया था कि यह आदेश 27 अगस्त से लागू होगा।

## मोदी-जिनपिंग 31 अगस्त को चीन में मिलेंगे

### गलवान झड़प के बाद दूसरी औपचारिक मुलाकात, सीमा विवाद पर वार्ता संभव



मोदी व जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे

**बीजिंग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 31 अगस्त को चीन के तियानजिन शहर में होने वाली एससीओ समिट के दौरान मुलाकात करेंगे। 2020 में हुई गलवान झड़प के बाद दोनों नेताओं की यह दूसरी औपचारिक मुलाकात होगी।

मोदी और जिनपिंग आखिरी बार पिछले साल अक्टूबर में ब्रिक्स समिट के दौरान रूस के कजान में मिले थे। इसके बाद भारत और चीन में सीमा विवाद को बातचीत के जरिए सुलझाने पर सहमति बनी थी। पीएम मोदी इस दौरे में जिनपिंग के अलावा रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और कई सेंट्रल एशियाई देशों के नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। मोदी-जिनपिंग की मुलाकात में एक बार फिर सीमा विवाद पर बातचीत हो सकती है। चीन में 31 अगस्त से 1 सितम्बर तक एससीओ समिट की बैठक होने वाली है। इसमें 20 से ज्यादा देशों के नेता शामिल होंगे। पिछले महीने विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने राष्ट्रपति शी जिनपिंग और विदेश मंत्री वांग ई से मुलाकात की। जयशंकर ने जल संसाधन डेटा शेयर करने, व्यापार प्रतिबंधों, एलएसी पर तनाव कम करने और आतंकवाद और उग्रवाद के खिलाफ कड़ा रुख अपनाने जैसे मुद्दों पर बात की थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मुलाकात ने मोदी की चीन यात्रा का रोडमैप तैयार किया था। एस जयशंकर ने पिछले महीने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात कर उन्हें भारत-चीन के रिश्तों में हुई प्रगति के बारे में बताया था। मोदी और जिनपिंग ने आखिरी बार अक्टूबर 2024 में रूस के कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान मुलाकात की थी। इस दौरान दोनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत भी हुई थी। 50 मिनट की बातचीत में पीएम मोदी ने कहा था कि श्सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आपसी विश्वास, आपसी सम्मान और आपसी संवेदनशीलता हमारे संबंधों की नींव बनी रहनी चाहिए। 2024 में कजान समिट के दौरान मोदी और जिनपिंग की बाइलैटरल मीटिंग की फोटो। तब दोनों नेताओं ने करीब 50 मिनट बातचीत की थी। पीएम मोदी की यह चीन यात्रा ऐसे समय पर हो रही है, जब सारी दुनिया अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की टैरिफ नीतियों से जूझ रही है। ट्रम्प ने भारत पर रूसी तेल और हथियार खरीद की वजह से 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। भारत, चीन के बाद दुनिया में रूसी तेल का सबसे बड़ी खरीदार है। भारत हर दिन रूस से 17.8 लाख बैरल क्रूड आयल खरीदता है। शी जिनपिंग आखिरी बार 2019 में भारत दौरे पर आए थे।

## अमेरिका के लिए डाक सेवा पर मैक्सिकों की भी अस्थायी रोक

■ यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठाया है

**मैक्सिको।** मैक्सिको ने कहा कि वह अस्थाई रूप से अमेरिका को अपने डाक पार्सल भेजना बंद कर रहा है। यह फैसला अमेरिका में कम मूल्य वाले पार्सल पर लगने वाले कर की छूट खत्म होने से पहले लिया गया है, जिसे डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन खत्म करने जा रहा है। इससे पहले यूरोपीय संघ और कुछ अन्य देशों की डाक सेवाओं ने भी ऐसे ही कदम उठा हैं। वह भी अमेरिका के इस नए नियम को लेकर स्पष्ट स्थिति का इंतजार कर रही हैं।

यह फैसला उस समय आया है, जब मैक्सिको और ट्रम्प प्रशासन के बीच बीते कई महीनों से वार्ता जारी है, ताकि व्यापक टैरिफ से बचा जा सके। यह 'डी मिनिमिस' छूट के नाम से जानी जाती है, जिसके तहत 800 अमेरिकी डालर से कम कीमत वाले पार्सल अमेरिका में बिना टैरिफ के भेजे जा सकते हैं। यह छूट शुक्रवार को खत्म हो रही है। अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग के मुताबिक, 2024 में इस छूट के तहत कुल 1.36 अरब पार्सल भेजे गए ते, जिनकी कीमत 64.6 अरब डालर थी। मैक्सिको सरकार ने कहा कि उसकी डाक सेवा 'कोरियोज डी मेक्सिको' बुधवार से अमेरिका को पार्सल भेजने की सेवा अस्थाई रूप से रोक रही है। सरकार के बयान में कहा गया, मैक्सिको अमेरिकी अधिकारियों और अंतर्राष्ट्रीय डाक संगठनों से बातचीत कर रहा है, ताकि सेवाओं को व्यवस्थित तरीके से दोबारा बहाल किया जा सके, जिससे उपभोक्ताओं का भरोसा बना रहे और वस्तुओं की डिलीवरी में बाधा न आए

## अमेरिकी स्कूल पर गोलीबारी, 2 बच्चों की मौत

### हथियारों पर लिखा: ट्रम्प को मारो, भारत पर परमाणु बम गिराओ

■ हमलावर ने खुद को भी गोली मारी



**वाशिंगटन।** अमेरिका के मिनेसोटा राज्य में एक कैथोलिक स्कूल में हुई गोलीबारी में दो बच्चों और हमलावर समेत 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 17 लोग घायल हैं, जिनमें 14 बच्चे हैं। यह घटना उस वक्त हुई जब स्कूल में सामूहिक प्रार्थना सभा चल रही थी। मारे गए दोनों बच्चों की उम्र 8 और 10 साल है।


पुलिस ने मीडिया को बताया कि हमलावर ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी भी मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे के वक्त दोनों बच्चे बेंच पर बैठे थे। हमलावर के पास तीन हथियार थे-एक राइफल, एक शाटगन और एक पिस्टल। हमलावर के बंदूकों पर 'डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो' और 'भारत पर परमाणु बम गिराओ' जैसे नारे लिखे थे। दो दिन पहले यानी सोमवार को ही स्कूल की गर्मियों की छुट्टियां खत्म हुई थीं। राष्ट्रपति ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि उन्हें इस घटना की पूरी जानकारी दी गई है। एफबीआई ने फौरन कार्रवाई की और वे वहां मौजूद हैं। व्हाइट हाउस हालात पर नजर रख रहा है। हमलावर की पहचान 23 वर्षीय राबिन वेस्टमैन के रूप में हुई है। वेस्टमैन ने 2020 में अपना नाम बदल दिया था। इस हमले की दो वीडियो रोबिन डब्ल्यू नामक यूटयूब चैनल पर डाले गए थे, लेकिन बाद में वीडियो समेत चैनल भी डिलीट कर दिया गया। मोबाइल फोन से शूट किए गए लगभग 10 मिनट लंबे वीडियो में हथियारों, गोला-बारूद और भरी हुई मैगजीन का जखीरा दिखाया गया है। मैगजीन पर डोनाल्ड ट्रम्प को मार डालो, ट्रम्प को अभी मार डालो, इजरायल का पतन होना चाहिए, और इजराइल को जला दो जैसे नारे लिखे थे। इनमें से एक हथियार पर 'न्यूक इंडिया' (भारत पर परमाणु हमला) भी लिखा हुआ था।

## दक्षिण-पश्चिमी जापान में हुआ ज्वालामुखी विस्फोट

**टोक्यो।** जापान के दक्षिण-पश्चिमी मुख्य क्यूशू द्वीप स्थित ज्वालामुखी माउंट शिनमो में आज हुए विस्फोट के बाद 5500 मीटर ऊंचाई तक धूल और धुएं का गुबार दर्ज किया गया। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है। क्योदो न्यूज़ ने जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) के हवाले से बताया कि कागोशिमा और मियाज़ाकी प्रान्तों के बीच स्थित 1421 मीटर ऊंचा ज्वालामुखी स्थानीय समयानुसार सुबह 4:53 बजे फटा, जिससे ज्वालामुखी लावा और धूल का गुबार क्रेटर से 5000 मीटर ऊपर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जेएमए ने 5 अंकों वाले सतर्कता स्तर पैमाने से अब स्तर तीन का अलर्ट जारी कर दिया है और लोगों से मियाज़ाकी और कागोशिमा क्षेत्रों में क्रेटर के पास नहीं जाने का आग्रह किया है।

## ट्रम्प के सलाहकार ने यूक्रेन जंग को मोदी वॉर बताया

### बोले: रूसी तेल खरीद इसे बढ़ा रहे, आज सौदे बंद करो, कल एक्स्ट्रा टैरिफ खत्म हो जाएगा



■ भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे: पीटर नवारो

**वाशिंगटन।** ट्रम्प के ट्रेड सलाहकार पीटर नवारो ने यूक्रेन जंग को 'मोदी वार' बताया है। नवारो ने ब्लूमबर्ग टीवी के इंटरव्यू में भारत पर जंग को बढ़ावा देने और दोहरा खेल खेलने का आरोप लगाया। नवारो ने कहा कि भारत रूस से सस्ता तेल खरीदकर उसे रिफाइन करता है और ऊंची कीमत पर बेचता है। इससे रूस को जंग के लिए पैसा मिलता है और वो यूक्रेन पर हमला करता है।

नवारो ने चेतावनी देते हुए कहा कि रूस और चीन के साथ भारत के बढ़ते संबंध दुनिया के लिए खतरा बन सकते हैं। उन्होंने कहा: भारत तुम तानाशाहों के साथ मिल रहे हो। चीन ने अक्साई चिन और तुम्हारे कई इलाके पर कब्जा कर लिया। और रूस? जाने भी दो। ये आपके दोस्त नहीं हैं। नवारो ने कहा कि भारतीय नेता हमारी आंखों में आंखें डालकर कहते हैं कि हम रूसी तेल खरीदना बंद नहीं करेंगे। अब इसका क्या मतलब है? उन्होंने रूस पर भारत को बेचे गए तेल के बदले मिलने वाले पैसों से युद्ध मशीनरी को चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा: रूस, यूक्रेन पर हमले कर वहां के लोगों को मारता है। फिर यूक्रेन हमारे और यूरोप के पास आकर कहता है कि हमें और पैसा दो। इस तरह अमेरिकी टैक्सपेयर्स को नुकसान होता है। नवारो ने अमेरिकी सामानों पर लगने वाले भारतीय टैरिफ की भी आलोचना की। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियों से अमेरिका में सभी को नुकसान हो रहा है। अमेरिकी जनता, कारोबार, कामगार सब हार रहे हैं, क्योंकि भारत ने बहुत ऊंचे टैरिफ लगा रखे हैं। इसकी वजह से अमेरिका में नौकरियां जा रही हैं, कारखाने बंद हो रहे हैं, लोगों की आमदनी और बढ़ी हुई मजदूरी भी खत्म हो रही है। अमेरिकी टैक्सपेयर्स को भी घाटा उठाना पड़ रहा है, क्योंकि उनका पैसा आखिरकार मो नवारो ने तेल आयात पर भारत के दावों को खारिज किया। उन्होंने मोदी पर एरोगेंट (घमंडी) होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि भारत का हर रोज 15 लाख बैरल रूसी तेल खरीदना, यूक्रेनी लोगों को मारने के लिए हथियार, ड्रोन और बम खरीदने के लिए काफी है। दरअसल, ट्रम्प पहले भी भारत पर रूसी तेल खरीद कर यूक्रेन जंग को बढ़ावा देने का आरोप लगा चुके हैं।

इसे भारत ने गलत बताते हुए कहा था कि हम अपने देश की जरूरतों के हिसाब से फैसले लेते हैं। नवारो की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब अमेरिका ने भारतीय वस्तुओं पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। इस कदम से अमेरिका को भारत के 66 प्रतिशत निर्यात पर असर पड़ने की आशंका है। भारत-अमेरिका के बीच 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 131.8 अरब डालर था। नवारो ने टैरिफ बढ़ाने का बचाव करते हुए भारतीय व्यापार नीतियों को अनुचित बताया।

## हम भारत पर टैरिफ का समर्थन नहीं करते: ऑस्ट्रेलिया

### ऑस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल ने मुक्त और निष्पक्ष व्यापार के प्रति प्रतिबद्वता पर दिया जोर



■ हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखना: फैरेल

**सिडनी।** डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत पर टैरिफ लगाए जाने के बाद आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल ने भारत का समर्थन किया है और अपने देश की 'मुक्त और निष्पक्ष व्यापार' के प्रति प्रतिबद्धता पर जोर दिया है। उन्होंने कहा, हम एक ऐसे देश हैं जो मुक्त और निष्पक्ष व्यापार में विश्वास करते हैं। हमारा मानना है कि समृद्धि सुनिश्चित करने का सबसे अच्छा तरीका मुक्त, निष्पक्ष और खुला व्यापार जारी रखना है।

हम आस्ट्रेलिया या भारत पर टैरिफ लगाने का समर्थन नहीं करते। उन्होंने जोर देकर कहा, संरक्षणवाद कोई रास्ता नहीं है। यह मुक्त और निष्पक्ष व्यापार है। आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री डान फैरेल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब आस्ट्रेलिया और भारत व्यापक आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) पर काम कर रहे हैं। पिछले हफ्ते आस्ट्रेलिया ने अपने शीर्ष वार्ताकार को दोनों देशों के बीच सार्थक चर्चा के लिए नई दिल्ली भेजा था। फैरेल ने कहा कि हमने सप्ताह भर चर्चाएं कीं और पीयूष गोयल के साथ मेरी दो जूम काल हुईं। डान फैरेल ने कहा कि आस्ट्रेलिया और भारत के बीच सद्भावना साथ ही वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियां, जहां मुक्त और निष्पक्ष व्यापार का मार्ग प्रशस्त करेंगे। भारत-आस्ट्रेलिया के बीच पहले से ही आर्थिक सहयोग और व्यापार समझौता है। जिस पर अप्रैल, 2022 में हस्ताक्षर किए गए थे। यह आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने, विभिन्न प्रकार की वस्तुओं पर शुल्क समाप्त करने और सेवा बाज़ारों को खोलने के लिए एक अंतरिम मुक्त व्यापार समझौते के रूप में कार्य करता है। आस्ट्रेलियाई व्यापार मंत्री ने कहा हम और भी बहुत कुछ कर सकते हैं। मेरा उद्देश्य व्यापार बढ़ाना और मज़बूत सामुदायिक संबंध बनाना है। यही निश्चित रूप से गोयल के लिए संदेश है। व्यापार के अलावा, आस्ट्रेलिया भारत में निवेश बढ़ाने का इच्छुक है और इसे जीवन स्तर में सुधार के साथ एक संपन्न लोकतंत्र के रूप में मान्यता देता है। फैरेल ने कहा कि हम भारत जैसे देशों के साथ काम करना चाहते हैं। हमें भारत में अपार अवसर दिखाई दे रहे हैं। वर्तमान सरकार की नीतियों की बदौलत, जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। हमें आस्ट्रेलिया के लिए शानदार अवसर दिखाई दे रहे हैं।

## ऑस्ट्रेलिया की सरकार 500 अतिरिक्त शुल्कों में करेगी कटौती

■ हम अपनी बात पर अड़िग हैं और हम चाहते हैं कि देश व्यापार बाधाओं को दूर करें

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने आज कहा कि वह उत्पादकता बढ़ाने और मुक्त व्यापार को प्रोत्साहित करने के प्रयासों के तहत 500 और 'अतिरिक्त' शुल्कों में कटौती करेगी।

राजकोष प्रमुख जिम चाल्मर्स, व्यापार मंत्री डॉन फैरेल और उद्योग एवं नवाचार मंत्री टिम आयर्स ने आज घोषणा करते हुए कहा कि व्यवसायों पर स्वीकृति संबंधी बोझ कम करने के लिए टायर, वाइन ग्लास और टेलीविज़न जैसी वस्तुओं पर लगने वाले छोटे शुल्क अगले वित्तीय वर्ष की शुरुआत, एक जुलाई, 2026 से हटा दिए जाएंगे। चाल्मर्स ने कैनबरा में संवाददाताओं से कहा कि टायरों पर मौजूदा आयात शुल्क से हर साल 80 हजार ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से कम राजस्व प्राप्त होता है, लेकिन इन्हें हटाने से व्यवसायों को सालाना अनुपालन लागत में तीन करोड़ 20 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से जयादा की बचत होगी। फैरेल ने कहा कि हम अपनी बात पर अड़िग हैं और हम चाहते हैं कि देश व्यापार बाधाओं को दूर करें। हम बाकी दुनिया को दिखा रहे हैं कि हम इस मुद्दे को लेकर कितने गंभीर हैं। गौरतलब है कि सरकार ने 2024 में कुछ सब्जियों, रेफ्रिजरेटर और रबर सहित 457 वस्तुओं पर लगे अतिरिक्त शुल्कों को समाप्त कर दिया।

